**श्री गजेन्द्र सिंह शेखावतः** माननीय सभापति महोदय, आत्मनिर्भर भारत सेंटर फोर डिजाइन, 2023 में सम्माननीय प्रधान मंत्री जी ने इस विषय की कल्पना की थी। ऐसे आर्टिजंस, जिनकी बहुत बड़ी पहचान नहीं हैं और ऐसी विधाएं, जिनकी पहचान भी अभी स्थापित होना शेष है या कहीं काल के प्रभाव में वे धूलित-दूषित हो रही हैं, उन्हें ढूंढ़कर, उन्हें प्रमोट करने के लिए, उनकी केपेसिटी बिल्डिंग किस तरह से हो सकती है, इसके लिए, उन्हें नई डिजाइंस के साथ जोड़कर, उनका ग्लोबल एक्सपोज़र हो सके, इसके लिए इसे इनिशिएट किया गया था। ऐसी 17 विधाओं को खोजकर, उन्हें लाल किले में वह स्थान प्रदान किया गया है, जहाँ देश-विदेश के हजारों लोग प्रतिदिन आते हैं और लाखों लोग वर्ष भर आकर उसे देखते हैं, ताकि उस कला को पूरी दुनिया के पटल पर ले जाया जा सके। इसका निश्चित रूप से लाभ हुआ है। आने वाले समय में, इन 17 से अतिरिक्त भी कुछ नई विधाओं पर इस तरह से काम करें, इस पर सातत्य के साथ सरकार निरंतर काम कर रही है।

MR. CHAIRMAN: Dr. Fauzia Khan; fifth supplementary.

DR. FAUZIA KHAN: Sir, can the Government elaborate on the use of digital platforms and technology to promote and preserve local culture under the *Aatmanirbhar Bharat* and local initiatives? Specifically, what measures are being taken to digitize cultural heritage and enhance the reach of local artisans, cultural practitioners and cultural industries through online marketplaces?

**श्री गजेन्द्र सिंह शेखावतः** सरकार क्राफ्ट्स की ऑनलाइन मार्केटिंग के लिए कोई प्रयास करे, ऐसा अभी विचाराधीन नहीं है, लेकिन निश्चित ही माननीय सदस्या का सुझाव अत्यंत महत्वपूर्ण है और इस पर सकारात्मक रूप से सोचकर काम किया जाना चाहिए।

MR. CHAIRMAN: We only have 25 seconds.

SHRI JAIRAM RAMESH: Sir, I have a question.

MR. CHAIRMAN: Yes, Mr. Jairam Ramesh.

SHRI JAIRAM RAMESH: Sir, the hon. Minister said that the information is available in the annexures, but there are no annexures uploaded.

MR. CHAIRMAN: We will look into it.

SHRI JAIRAM RAMESH: I am requesting you, since it was an important supplementary and it is not here.

MR. CHAIRMAN: I quite appreciate that. At the most, all I can say is that we would look into it. Question hour is over.

*[Answers to Starred and Un-starred Questions (Both in English and Hindi) are available as Part-I to this Debate, published electronically on the Rajya Sabha website under the link* https://sansad.in/rs/debates/officials *]*

---

1.00 P.M.

## [#]GENERAL DISCUSSION ON

## [&]The Union Budget 2024-25
## and
## [&]The Budget of Union Territory of Jammu & Kashmir 2024-25 - *Contd.*

MR. CHAIRMAN: Now, further General Discussion on the Union Budget 2024-25 and the Budget of Union Territory of Jammu & Kashmir 2024-25. On 24th July, 2024, Shrimati Sagarika Ghose concluded her speech while participating in the Discussion. I now call upon Members whose names have been received for participation and discussion. The next speaker is Shri Randeep Singh Surjewala. You have 25 minutes.

**श्री रणदीप सिंह सुरजेवाला** (राजस्थान): शुक्रिया सभापति महोदय। माननीया वित्त मंत्री जी ने बजट के भाषण की शुरुआत तीन शब्दों से की - किसान, गरीब और युवा, तो हमारे सहित पूरे देश को एक उम्मीद जगी, पर चंद मिनटों बाद ही पता चला कि यह बजट तो कुर्सी बचाओ, सहयोगी दल पटाओ और हार का बदला लेते जाओ बजट है। सभापति जी, क्या इस सरकार को देश के अन्नदाता किसान की कराहट, गरीब की लाचारी और युवा की बेरोजगारी की चिल्लाहट सुनाई भी देती है?

(**उपसभापति महोदय** *पीठासीन हुए।*)

सवाल यह भी है कि क्या भारत मां के बच्चों का दर्द व उसकी सिसकियों की गूंज सत्ता के गलियारों में अब बेरुखी का सबब बन गई है? क्या जात और धर्म के विभाजन में फंसे, सत्ता में बैठे हुक्मरान इतने * कि उन्हें अब अन्नदाता किसान, गरीब और युवा भी जाति नजर आते हैं?

महोदय, मैं आपका ध्यान बजट के पैरा 14 की ओर आकर्षित करना चाहता हूं। उसमें साफ लिखा है कि हम तीन जातियों की बात करेंगे - किसान, महिला और युवा। उपसभापति जी, 75 साल में पहली बार सत्ताधारी सरकार किसान, नौजवान, युवा और महिलाओं को भी जाति और धर्म की वर्ण व्यवस्था से देखने लगी। ...(**व्यवधान**)...

---

[#] Further discussion continued from 24.07.2024.

[&] Discussed together.

[*] Expunged as ordered by the Chair.

Content Page

**श्री उपसभापति**: प्लीज़, बैठकर बात न करें। ...(**व्यवधान**)... निषाद जी, बैठकर बात न करें। ...(**व्यवधान**)... प्लीज़, बैठकर बात न करें। कोई और बात रिकॉर्ड में नहीं जाएगी। ...(**व्यवधान**)... सुरजेवाला जी, आप बोलें।

SHRI RANDEEP SINGH SURJEWALA: Please pause my time. ...(*Interruptions*)... If they disturb, please pause my time. ...(*Interruptions*)... मैं माननीया वित्त मंत्री जी को केवल यही कहूंगा कि

*"किसी गरीब दुपट्टे का कर्ज है उस पर,*
*तुम्हारे पास जो रेशम की शॉल है निर्मला जी।"*

आइए, जानते हैं, इस बजट में वही तीन शब्द जो इस्तेमाल किए गए हैं - किसान, युवा और गरीब के लिए क्या है। उपसभापति जी, यह बजट खेत, खेती और खेतिहर विरोधी है। इस सरकार ने 10 साल में देश के 72 करोड़ अन्नदाता किसानों, मजदूरों की पीठ में लाठी और पेट में लात मारी है। शरीर के घाव तो मिट गए, पर 72 करोड़ अन्नदाता किसानों की आत्मा के घाव आज भी ज्यों के त्यों हैं। पिछले 10 सालों में कभी सीने पर गोली मारकर या जीप से रौंदकर किसानों का जीवन छीना। कभी 3 काले कानूनों के खिलाफ न्याय मांगते लाखों किसानों के रास्ते में कील, नश्तर और पत्थर बिछा दिए। कभी अन्नदाता किसान को आतंकी, उग्रवादी, मवाली, गुंडा बता हम करोड़ों मेहनतकशों के आत्मसम्मान पर हमला कर डाला और जब उसी अन्नदाता ने 400 पार को 240 पर लाकर खड़ा कर दिया है, तो आज उसकी बजट के माध्यम से आजीविका छीन रहे हैं। लगता है कि जो किसानों और मजदूरों ने सबक सिखाया, वह अब बजट के माध्यम से खेत और खलिहान से बदले के रूप में बदल गया है। इसका सबूत है और उस सबूत को मैं इस पटल पर रखना चाहूंगा। प्रधान मंत्री जी ने देश के अन्नदाता से दो वायदे किए थे।

[**उपसभाध्यक्ष (श्री घनश्याम तिवाड़ी)** *पीठासीन हुए।*]

पहला वायदा था कि किसान को लागत पर 50 प्रतिशत मुनाफा मिलेगा। यानी इनपुट कॉस्ट, फैमिली लेबर, जमीन का किराया और उपकरणों की कीमत पर 50 प्रतिशत मुनाफा मिलेगा, यही एमएसपी होगी। प्रधान मंत्री ने दूसरा वादा किया था कि साल 2022 तक देश में किसान की आय दोगुनी कर दी जाएगी। सवाल यह है कि 2024-25 का यह बजट और सरकार क्या इस पैमाने पर खरी उतरी है? हल बड़ा सीधा था। पहला हल था, या तो सरकार MSP बढ़ाती, फसल की खरीद करती, किसान की आय दोगुनी हो जाती; या फिर सरकार प्रति एकड़ productivity बढ़ाती, एक एकड़ या एक हेक्टेयर में दोगुनी फसल होनी शुरू हो जाती, तो किसान की आय दोगुनी हो जाती। पर क्या यह हो पाया, सवाल यह है? वित्त मंत्री ने अपने बजट भाषण के पैराग्राफ 4 में कहा, and I would like to quote her. She said, "अन्नदाता के लिए हमने एक महीने पहले सभी मुख्य फसलों के लिए उच्चतर न्यूनतम समर्थन मूल्यों की घोषणा करके लागत पर कम से कम 50 प्रतिशत मार्जिन देने का वादा पूरा किया।" इससे बड़ा असत्य

कोई हो ही नहीं सकता, इससे बड़ा असत्य कोई हो नहीं सकता। कड़वी सच्चाई यह है कि किसान को लागत जमा 50 प्रतिशत मुनाफा के बराबर MSP नहीं दिया जाता। कड़वी सच्चाई यह भी है कि किसान को घोषित MSP पर फसल खरीदी ही नहीं जाती और कड़वी सच्चाई यह भी है कि हर किसान पर देश में 74 हजार रुपए कर्ज है, परंतु किसान की कर्ज माफी का एक शब्द भी इस बजट में नजर नहीं आता। अब वित्त मंत्री की इन लाइनों के असत्य को मैं आपके समक्ष सबूत समेत साबित करूँगा। उन्होंने कहा कि किसान को लागत पर 50 प्रतिशत मुनाफा दिया, पर खरीफ 2024-25 की लागत प्लस 50 प्रतिशत मुनाफे पर MSP निर्धारित ही नहीं किया। यह मैं नहीं कह रहा, मैं CACP की रिपोर्ट authenticate करने के लिए साथ लेकर आया हूँ, ताकि आप चाहें, तो मैं उसे पटल पर रख दूँ। CACP, यानी देश के कृषि मूल्य निर्धारण आयोग की जो रिपोर्ट है, उसके मुताबिक खरीफ का MSP C2+50 परसेंट नहीं है। अब मैं आपको एक-एक फसल के बारे में बताऊँगा। खरीफ फसल, 2024-25 में धान का C2+50 परसेंट 3,012 रुपए प्रति क्विंटल होना चाहिए, मोदी सरकार ने दिया 2,300 रुपए प्रति क्विंटल; यानी 700 रुपए कम। CACP के मुताबिक ज्वार का C2+50 परसेंट होना चाहिए 4,437 रुपए प्रति क्विंटल, सरकार ने दिया 3,371 रुपए प्रति क्विंटल। बाजरे का C2+50 परसेंट होना चाहिए 2,904 रुपए प्रति क्विंटल, आप तो इसे खुद भी लगाते हैं, सरकार ने MSP दिया 2,625 रुपए प्रति क्विंटल। मक्के का C2+50 परसेंट होना चाहिए 2,794 रुपए प्रति क्विंटल, सरकार ने MSP दिया 2,225 रुपए प्रति क्विंटल। CACP रिपोर्ट के मुताबिक रागी का C2+50 परसेंट है 5,197 रुपए प्रति क्विंटल, सरकार ने घोषित किया 4,290 रुपए प्रति क्विंटल। तूर यानी अरहर का C2+50 परसेंट है 9,756 रुपए प्रति क्विंटल, सरकार ने दिया 7,550 रुपए प्रति क्विंटल, यानी दो हजार रुपए कम। मूँग का C2+50 परसेंट है 10,956 रुपए प्रति क्विंटल, सरकार ने दिया 8,682 रुपए प्रति क्विंटल, यानी ढाई हजार रुपए कम। उड़द का C2+50 परसेंट है 9,744 रुपए प्रति क्विंटल, सरकार ने दिया 7,400 रुपए प्रति क्विंटल, यानी दो हजार रुपए प्रति क्विंटल कम। मूँगफली का C2+50 परसेंट है 8,496 रुपए प्रति क्विंटल, सरकार ने MSP दिया 6,783, यानी फिर दो हजार रुपए कम। सोयाबीन का C2+50 परसेंट है 6,436 रुपए प्रति क्विंटल, सरकार ने दिया 4,892 रुपए। मैं पूछता हूँ कि क्या खरीफ 2024-25 में एक ऐसी फसल है, जिसके बारे में वित्त मंत्री ने बजट में कहा कि हमने लागत पर 50 प्रतिशत मुनाफा दे दिया? यह वह रिपोर्ट है, यह आपकी 2024-25 की रिपोर्ट है। C2+50 परसेंट एक फसल का भी नहीं दिया। यानी वित्त मंत्री ने सदन के पटल पर सरेआम बजट में असत्य बोला।

**उपसभाध्यक्ष (श्री घनश्याम तिवाड़ी)** : आप 'असत्य' बोलिए।

**श्री रणदीप सिंह सुरजेवाला** : मैं 'असत्य' बोलता हूँ, मैं correct करता हूँ। माननीय वाइस चेयरमैन सर, यही नहीं, ये लोग MSP तो घोषित करते हैं, परन्तु MSP पर फसल ही नहीं खरीदते। बीजेपी सरकार में - यह भी मैं अभी साबित करूँगा। ...**(व्यवधान)**... अभी देखिए। ...**(व्यवधान)**... अभी देखिए। ...**(व्यवधान)**... मंत्री जी, जब आपको समय मिलेगा, तब आप बजट के जवाब में बताइएगा। ...**(व्यवधान)**... बीजेपी सरकार में, मोदी सरकार में MSP अब Maximum Suffering for Farmers बन गया है। यह Minimum Support Price नहीं रहा,

Content Page

क्योंकि MSP के मायने ही नहीं बचे। ये MSP की घोषणा तो करते हैं, परन्तु MSP पर फसल नहीं खरीदते। यह मैं नहीं कह रहा हूँ, ये 2022-23 के आंकड़े अब कृषि मंत्री जी के कृषि मंत्रालय की वेबसाइट पर मौजूद हैं। मैं केवल वह लेकर आया हूँ और मैं आपकी अनुमति से उन्हें सदन के पटल पर रखूँगा।

इनके आंकड़ों के मुताबिक 2022-23 में गेहूँ का उत्पादन 1,068 लाख टन हुआ। उन्हीं के मुताबिक, उन्होंने जो आंकड़े अपलोड किए हैं, सरकार ने 187.92 लाख टन खरीदा। यानी आपने 100 परसेंट उत्पादन के मुकाबले में 18 परसेंट गेहूँ MSP पर खरीदी। * तिलहन - आपके आंकड़ों के मुताबिक, जो कि अभी 2022-23 के ही अपलोड हुए हैं, देश में सोयाबीन, सूरजमुखी, सरसों, मूँगफली, तिल का उत्पादन 377 लाख टन हुआ। आपने कितना खरीदा - MSP पर 48,000 टन। यानी 0.13 परसेंट MSP पर खरीदा। दालें - आपके मुताबिक इनका उत्पादन 276.90 लाख टन हुआ। आपने कितना खरीदा - 1,20,000 टन, यानी 0.43 परसेंट। MSP पर 99.5 परसेंट खरीदा ही नहीं। ज्वार, बाजरा, रागी और मक्का, जो गुजरात में भी होता है, उनका उत्पादन 491.70 लाख टन हुआ और खरीदा 1.28 लाख टन। ...(**व्यवधान**)... सर, आप हमें तो बोलते हैं कि बैठे-बैठे रिमार्क करते हैं। वहाँ से मिनिस्टर कर रहे हैं, आप उन्हें क्यों नहीं बोलते? ...(**व्यवधान**)...

**उपसभाध्यक्ष (श्री घनश्याम तिवाड़ी)** : आप बैठे-बैठे बात नहीं करें। माननीय सदस्य, आप बोलें।

**श्री रणदीप सिंह सुरजेवाला** : सर, ज्वार, बाजरा, रागी और मक्का का उत्पादन 491.70 लाख टन हुआ। इन्होंने कितना खरीदा - 1,28,000 टन, यानी 0.26 परसेंट। धान 1,302 लाख टन पैदा हुआ, लेकिन 651 लाख टन खरीदा, यानी 50 परसेंट। यह चार्ट है, इसका मतलब यह है कि धान की फसल, जो 50 परसेंट खरीदी, अगर उसे छोड़ दूँ, तो गेहूँ, सोयाबीन, सूरजमुखी, सरसों, मूंगफली, तिल, दाल, ज्वार, बाजरा, रागी और मक्का में एक भी ऐसी फसल नहीं है, जो इन्होंने लगभग 1 परसेंट, 17 परसेंट से ज्यादा MSP पर खरीदी हो। तो उस MSP के मायने ही क्या, जो इस देश के अन्नदाता किसानों को मिलेगा ही नहीं?

सर, यह तो एक बात हुई। मैं आपके समक्ष एक और बड़ा खुलासा करूँगा। ये बजट के अंदर किसान की, गरीब की, अन्नदाता की बड़ी-बड़ी स्कीमें बनाते हैं, उनका नाम लेते हैं, परन्तु उन स्कीम्स का पैसा कभी खर्च नहीं करते। मैंने पिछले 10 सालों के बजट की 6 स्कीम्स का अध्ययन किया, जो कृषि की सबसे बड़ी स्कीम्स हैं। आप यह सुनकर चौंक जाएँगे कि 3 लाख करोड़ रुपए उन 6 स्कीम्स पर इन्होंने खर्च ही नहीं किये। 3 लाख करोड़ रुपए -* मैं एक-एक स्कीम का डेटा लेकर आया हूँ। अगर आप कहेंगे, तो मैं ऑथेंटिकेट कर दूँगा। मैं आपके सारे कागजात लाया हूँ। पीएम किसान योजना - जो आप 2019-20 के अंदर लेकर आए, उसमें 2019 से 2024 के बीच में बजट में कुल 4,03,000 करोड़ रुपए मंजूर किये। मंत्री जी, आप चेक कीजिएगा। उसमें खर्च कितने किये - 2,34,783 करोड़ रुपए, कितने खर्च नहीं किये - 1,68,217

* Expunged as ordered by the Chair.

* Expunged as ordered by the Chair.

करोड़ रुपए, यानी 48 परसेंट आपने अनाउंस किया, लेकिन फिर अपने पास रख लिया। नंबर दो स्कीम ...(**व्यवधान**)...

**एक माननीय सदस्यः** कौन सी योजना? ...(**व्यवधान**)...

**श्री रणदीप सिंह सुरजेवालाः** आप पढ़ लीजिएगा। Interest Subsidy for.. ...(**व्यवधान**)... सर, आप देख लीजिए। ...(**व्यवधान**)... आप मेरा समय pause कीजिए, उन्हें समय दीजिए। ...(**व्यवधान**)...

**उपसभाध्यक्ष (श्री घनश्याम तिवाड़ी)** : माननीय सदस्य ...(**व्यवधान**)...

SHRI RANDEEP SINGH SURJEWALA: Sir, you have to pause my time. ...*(Interruptions)*... Sir, I will yield to him but you have to pause my time.

**उपसभाध्यक्ष (श्री घनश्याम तिवाड़ी)** : आप बोलिए।

**श्री रणदीप सिंह सुरजेवालाः** सर, Interest Subsidy for Short-term Credit to Farmers - इन्होंने 2022-23 में इसका नाम चेंज करके Modified Interest Subvention Scheme रख दिया। यह 2016 में शुरू हुई। 2016 से 24 के बीच का बजट 1,68,743 करोड़ है। इसमें 1,11,423 करोड़ रुपए दिये गए। जितना पैसा खर्च नहीं किया गया, वह अपने पास रख लिया, वो 57,320 करोड़ रुपए है, यानी 34 परसेंट। *

तीसरा, 'राष्ट्रीय कृषि विकास योजना', जिसमें पाँच स्कीम्स सब्सूम कर दी गईं, इन्होंने 2015 से 2024 के बीच बजट में इसके लिए 54,543 करोड़ रुपए की बड़ी घोषणा की, लेकिन खर्च कितना हुआ? खर्च केवल 27,385 करोड़ रुपए हुआ। इस प्रकार से 27,158 करोड़ रुपए खर्च नहीं किए गए, यानी 10 साल से 50 परसेंट खर्च ही नहीं किया गया। *...(**व्यवधान**)... सर, बैठे-बैठे the Minister cannot comment. I will yield. Let him speak, no problem.

**उपसभाध्यक्ष (श्री घनश्याम तिवाड़ी) :** कृपया आप बोलिए।

**श्री रणदीप सिंह सुरजेवाला :** सर, नेशनल हॉर्टिकल्चर मिशन के लिए 2014 से 2022 के बीच में 19,478 करोड़ रुपए दिए गए, लेकिन खर्च केवल 14,108 करोड़ रुपए किए गए। इस तरह से 5,370 करोड़ रुपए रख लिए गए। 'पीएम फसल बीमा योजना' के लिए 2014-2024 के बीच में 1,22,050 करोड़ रुपए का बजट दिया गया, लेकिन केवल 88,635 करोड़ रुपए दिए गए। इस प्रकार आप 3,415 करोड़ रुपए, यानी 28 परसेंट 'पीएम फसल बीमा योजना' के भी खा गए। आपके ऊपर * है।...(**व्यवधान**)...

---

* Expunged as ordered by the Chair.

SHRI RANDEEP SINGH SURJEWALA: Sir, please pause my time. *...(Interruptions)...* सर, मेरा टाइम पॉज़ कीजिए।...(**व्यवधान**)...

**उपसभाध्यक्ष (श्री घनश्याम तिवाड़ी):** कृपया आप लोग बैठिए।...(**व्यवधान**)... माननीय सदस्य, कृपया आप बैठिए।...(**व्यवधान**)... आप बीच में डिस्टर्ब न करें।...(**व्यवधान**)... कृपया आप बोलें। यह * शब्द ठीक नहीं है, इसलिए इसको निकाल दिया जाए।...(**व्यवधान**)... कृपया आप बोलिए।

**श्री रणदीप सिंह सुरजेवाला:** सर, ये खेती की छः स्कीम्स के 2,98,178 करोड़ रुपए, यानी 3 लाख करोड़ रुपए खा गए, इन्होंने दिए नहीं।...(**व्यवधान**)... सर, मेरा टाइम पॉज़ कीजिए।...(**व्यवधान**)...

**उपसभाध्यक्ष (श्री घनश्याम तिवाड़ी):** कृपया आप बैठिए।...(**व्यवधान**)... आप विराजिए, बैठिए।...(**व्यवधान**)... आप ऐसे शब्दों का प्रयोग कीजिए....

**श्री रणदीप सिंह सुरजेवाला:** सर, मैं अगले विषय पर चला जाता हूँ, क्योंकि इससे इनको ट्रबल हो रही है। कोई नहीं, मैं इस विषय को छोड़ देता हूँ।

**उपसभाध्यक्ष (श्री घनश्याम तिवाड़ी):** आप एकदम से गाँव की भाषा की तरफ चले जाते हैं, आप शहर की भाषा पर आइए।

**श्री रणदीप सिंह सुरजेवाला:** सर, ठीक है, मैं शहर की भाषा बोलता हूँ, जैसा कि आपका हुक्म है।

सर, मैं जो अगली स्कीम आपके संज्ञान में लाना चाहता हूँ, वह 'पीएम किसान सम्मान निधि' है, जो कि इस बजट में भी है। आज देश के 35 प्रतिशत से अधिक किसान 'पीएम किसान सम्मान निधि' से वंचित हैं। आपकी गवर्नमेंट ने 2015-16 में लास्ट एग्रीकल्चर सेंसस किया, उसके बाद कोई एग्रीकल्चर सेंसस नहीं किया। आपके मुताबिक, उस एग्रीकल्चर सेंसस के अनुसार, जो 2018 में आया था, देश में 14 करोड़, 64 लाख किसान हैं। जब आपने 'पीएम किसान सम्मान निधि' शामिल की, तो आपने कहा कि हम 11 करोड़ किसानों को यह देंगे, यानी आपने पहले दिन ही 3 करोड़, 64 लाख किसान, अन्नदाताओं को उससे बाहर कर दिया। कोई बात नहीं, लेकिन 2021-22 में 'पीएम किसान सम्मान निधि' की जो किस्त दी गई, वह 10 करोड़, 79 लाख किसानों को दी गई। अब 18 जून, 2024 को, इस सरकार के गठन के बाद 17वीं किस्त सिर्फ 9 करोड़, 26 लाख किसानों को दी गई, यानी 1 करोड़, 53 लाख किसान और गायब कर दिए गए। इस प्रकार से 3 करोड़, 64 लाख और 1 करोड़, 53 लाख, यानी कुल मिलाकर 5 करोड़, 17 लाख किसान आज 'पीएम किसान सम्मान निधि' से महरूम हैं। 9 करोड़, 26 लाख किसानों को 6 हजार रुपए

* Expunged as ordered by the Chair.

मिलते हैं और 5 करोड़, 17 लाख किसान इससे महरूम हैं। इसका जवाब वित्त मंत्री जी देंगे - यह मुझे विश्वास है।...(**व्यवधान**)...

**श्री नीरज शेखर**(**उत्तर प्रदेश**)**:** 2014 से पहले कितने किसानों को 'किसान सम्मान निधि' दी जाती थी?...(**व्यवधान**)...

**उपसभाध्यक्ष** (**श्री घनश्याम तिवाड़ी**) **:** कृपया बैठे-बैठे कमेंट न करें।...(**व्यवधान**)...

SHRI RANDEEP SINGH SURJEWALA: You have to pause my time, Sir. Or you have to control the Member, Sir. ...*(Interruptions)*...

**उपसभाध्यक्ष** (**श्री घनश्याम तिवाड़ी**)**:** कृपया आप बैठिए। कृपया आप बोलिए।...(**व्यवधान**)...

**श्री नीरज शेखर:** यूपीए की सरकार में कितना दिया जाता था? ...(**व्यवधान**)...

**उपसभाध्यक्ष** (**श्री घनश्याम तिवाड़ी**)**:** नीरज जी, कृपया आप बैठिए।...(**व्यवधान**)...

**श्री नीरज शेखर** : सर, इनसे बोलिए कि ये बताएँ। ...(**व्यवधान**)...

**उपसभाध्यक्ष** (**श्री घनश्याम तिवाड़ी**): यह आप बाद में बता दीजिए, आपको अवसर मिलेगा। ...(**व्यवधान**)...

**श्री रणदीप सिंह सुरजेवाला:** सर, सच्चाई कड़वी होती है। ...(**व्यवधान**)...

**उपसभाध्यक्ष** (**श्री घनश्याम तिवाड़ी**)**:** आप कृपया बैठ जाएँ। ...(**व्यवधान**)... माननीय सदस्य, आप बैठ जाएँ। ...(**व्यवधान**)...

**श्री रणदीप सिंह सुरजेवाला:** सर, सच्चाई कड़वी होती है, उससे पेट में दर्द होता है। जो किसान विरोधी लोग हैं, उनको जरूर दर्द होता है। मैं अपने साथी को कुछ कह ही नहीं रहा, पता नहीं क्यों उनको तकलीफ है! ...(**व्यवधान**)... मैंने तो आपको कुछ कहा ही नहीं! ...(**व्यवधान**)...

**उपसभाध्यक्ष** (**श्री घनश्याम तिवाड़ी**): कृपया आप बोलते रहिए। ...(**व्यवधान**)...

**श्री रणदीप सिंह सुरजेवाला:** सर, इस बजट में पीएम किसान निधि का पैसा 8,000 करोड़ और काट दिया गया है। 2022-23 में किसान सम्मान निधि का पैसा 68,000 करोड़ था, जो 2023-24 और 2024-25 में 60,000 करोड़ रह गया। इसका मतलब, 5 करोड़ 17 लाख की संख्या जो कम की गई है, तो उनकी संख्या और कम करनी है।

Content Page

सर, मैं आपके संज्ञान में एक और बात लाऊँगा। ये 6,000 रुपये देने पर बड़ा ढोल पीटते हैं। ये 6,000 रुपये देते हैं और 70,000 रुपये प्रति हेक्टेयर किसान की जेब से निकालते हैं। मैं सबूत के साथ इसको अभी पटल पर रखूँगा। ...(**व्यवधान**)... सर, एक हेक्टेयर में 2.47 या ढाई एकड़ जमीन होती है। इस देश में औसत किसान के पास 1.21 हेक्टेयर है, यानी लगभग 3 एकड़ जमीन है। सरकार द्वारा जो 10 साल में इनपुट कॉस्ट बढ़ाई गई है, खेती पर जो टैक्स लगाया गया है, उसका अतिरिक्त बोझ 23,263 रुपये सालाना है। अगर आप उसको 3 एकड़ से गुणा करें, तो वह 70,000 रुपये बनते हैं। यह कैसे है, यह मैं आपके समक्ष रखूँगा। 2014 में जब कांग्रेस की सरकार थी, यूपीए की सरकार थी, तो डीजल का रेट 56 रुपये लीटर था। आज जाकर चेक कीजिए, डीजल का रेट 87.62 रुपये लीटर है। यानी , 31.62 रुपये लीटर बढ़ गया। सर, आप भी खुद एक किसान हैं। खास तौर से उत्तर भारत में एक किसान लगभग 250 लीटर प्रति एकड़ डीजल इस्तेमाल करता है। अगर वह इस पर 250 लीटर डीजल इस्तेमाल करता है और इसकी 31.62 रुपये कीमत बढ़ी, तो इसकी कुल कीमत 7,905 रुपये बढ़ गई।

अब खाद पर आ जाइए। जो किसान खाद इस्तेमाल करता है, वह प्रति एकड़ दो बैग, दो कट्टे डीएपी जरूर इस्तेमाल करता है। 2014 में जब यूपीए की सरकार थी, तो डीएपी का रेट 1,150 रुपये था। आप भी आज खरीदते हैं , मैं भी खरीदता हूँ और मित्र लोग भी खरीदते होंगे, आज उसका रेट 1,350 रुपये हो गया। यानी, प्रति बैग के दाम में 200 रुपये का इजाफा हुआ और दो बैग पर 400 रुपये बढ़ गये। हम यूरिया चार बैग एक सीजन में और चार बैग दूसरे सीजन में डालते हैं, तो एक एकड़ में हम आठ बैग यूरिया इस्तेमाल करते हैं। उसका रेट तो 271 ही रहा, पर यह पहली सरकार है, जिसने * 50 किलो का कट्टा 45 किलो का हो गया। अगर 8 बैग इस्तेमाल किए और प्रत्येक बैग से 5 किलो निकल गया ...(**व्यवधान**)...

**उपसभाध्यक्ष (श्री घनश्याम तिवाड़ी)**: माननीय मंत्री जी कुछ कहना चाहते हैं।

SHRI RANDEEP SINGH SURJEWALA: Sir, you have to pause my time. ...(**व्यवधान**)... Sir, you have to pause my time. Let the hon. Minister speak.

**उपसभाध्यक्ष (श्री घनश्याम तिवाड़ी)**: मंत्री महोदय।

**श्रम और रोजगार मंत्री; तथा युवक कार्यक्रम और खेल मंत्री (डा. मनसुख मांडविया)** : सर, अभी इन्होंने कहा कि * ऐसा शब्द प्रयोग करके सदन और देश को गुमराह करना उचित नहीं है। आप अपनी बात अवश्य रखें, लेकिन बात में विवेक होना चाहिए। आप आक्षेप-प्रत्याक्षेप कर रहे हैं और बाद में हमारी ओर से कोई सदस्य कुछ कहे तो कहते हैं कि हमें डिस्टर्ब करते हैं। यह उचित नहीं है। आप अपनी बात अवश्य रखें, लेकिन तथ्य के आधार पर रखें और सदन और देश को गुमराह

* Expunged as ordered by the Chair.

न करें। * इसका मतलब क्या है? माननीय वाइस चेयरमैन सर, यह सरकार है, जिसमें हमने 10 साल में फर्टिलाईजर का एक भी रुपया प्राइस नहीं बढ़ाया और कभी कमी नहीं होने दी। हमने पाँच किलो कम इसलिए किया, ताकि वे केमिकल फर्टिलाइजर्स का यूज़ कम करें। ...(**व्यवधान**)...

**श्री शक्तिसिंह गोहिल (गुजरात)**: सर, ये बीच में कैसे बोल रहे हैं? ...(**व्यवधान**)... जब हमारे मेम्बर बोल रहे हैं, तो ये बीच में टोका-टोकी कर रहे हैं। ...(**व्यवधान**)...

**उपसभाध्यक्ष (श्री घनश्याम तिवाड़ी)**: शक्तिसिंह जी, आप बैठ जाइए। ...(**व्यवधान**)... देखिए, माननीय सदस्य ने यील्ड किया, वे बैठ गए, इसलिए मैंने मंत्री जी को अलाऊ किया। इतना तो मैं जानता ही हूँ! ...(**व्यवधान**)...

**श्री रणदीप सिंह सुरजेवाला**: सर, बहुत शुक्रिया। रेट तो नहीं बढ़ाया पर खाद कम कर दी, तो रेट ही बढ़ गया। ...(**व्यवधान**)... 50 किलो का 45 किलो हो गया। ...(**व्यवधान**)...

**श्री नीरज शेखर**: सर, ...(**व्यवधान**)...

**उपसभाध्यक्ष (श्री घनश्याम तिवाड़ी)**: आप बैठ जाइए। ...(**व्यवधान**)...

SHRI RANDEEP SINGH SURJEWALA: Sir, he cannot have a running commentary. I take strong objection to it. I take a very strong objection to it. Sir, you have to either reduce this time or pause my time. He can't have a running commentary. Sir, I am yielding. You let him speak for half an hour.

**डा. मनसुख मांडविया**: सर, यह सदन में जो मन में आ रहा है, वह बोल रहे हैं, फिर कह रहे हैं कि उनका बोलने का समय निकल रहा है। महोदय, जो गवर्नमेंट की ज़िम्मेवारी है, हम उसे करेंगे। ...(**व्यवधान**)...

**श्री शक्तिसिंह गोहिल**: सर, इनको जवाब का समय मिलता है। जब जवाब का समय मिले, तब जवाब दे दें। ...(**व्यवधान**)...

**उपसभाध्यक्ष (श्री घनश्याम तिवाड़ी)**: माननीय सदस्य, यदि कोई माननीय मंत्री महोदय बीच में कुछ कहना चाहते हैं और बोलने वाला सदस्य यील्ड करता है और गलत तथ्य हो, तो उसका अवसर दिया जाता है। ...(**व्यवधान**)...

**श्री शक्तिसिंह गोहिल**: सर, एक बार, दो बार या बार-बार दिया जाता है!

---

* Expunged as ordered by the Chair.

**उपसभाध्यक्ष (श्री घनश्याम तिवाड़ी):** माननीय सदस्य, आप बोलें। ...(**व्यवधान**)... सुरजेवाला जी आप बोलें ...(**व्यवधान**)... उन्होंने स्पीच समाप्त नहीं की है, वे अभी बोल रहे हैं।

**श्री रणदीप सिंह सुरजेवाला:** सर, इन्होंने मुझे 17 बार interrupt किया है, मुझे उम्मीद है कि आप मुझे मेरा extra समय देंगे। ये मुझे 17 बार interrupt कर चुके हैं, मैं गिन रहा हूं। इसलिए 108 रुपये इसलिए बढ़ गए, क्योंकि 5 किलो खाद कम हो गई। महोदय, पोटाश की जो खाद है, किसान वह कम से कम साल में दो कट्टे डालेगा। वर्ष 2014 में 800 रूपये कीमत थी, जो आज 1,525 रुपये है, 725 रुपये बढ़ा दिए तो साढ़े चौदह सौ रुपये वे बढ़ गए। हम एक एकड़ में दो किलो NPK खाद भी डालते हैं, वर्ष 2014 में उसकी कीमत 750 रुपये थी, आज उसकी कीमत साढ़े तेरह सौ रुपये है, इस हिसाब से साढ़े बारह सौ रुपये उसके बढ़ गए, तो केवल खाद के 3,158 रुपये अतिरिक्त बढ़ गए। सर, बीज की बात करें तो वर्ष 2024 में गेहूं का 2967 बीज आप भी लगाते हैं, मैं भी लगाता हूं और सब किसान लगाते हैं, वह 31 रुपये था, अब 41 रुपये में है, उसके अंदर 400 रुपये बढ़ गए। धान में PR 1121 का जो बीज है, उसमें 10 साल के अंदर 600 रुपये बढ़ गए। कीटनाशक दवाई, गेहूं के herbicide में 1,600 रुपये अतिरिक्त बढ़ गए और धान में जो 4 स्प्रे करते हैं, उसमें 5,000 रुपये बढ़ गए, ये मिल कर 6,600 रुपये हो गए। यह कुल मिलाकर प्रति एकड़ 23,263 यानी 3 एकड़ से अगर मैं औसतन गुणा करूं तो 70 हज़ार रुपये टैक्स लगा कर निकाल लिए और 6 हज़ार रुपये देकर बोलते हैं कि ताली पीटो। यह बड़ा अजीब सिस्टम है।

सर, सरकार के कृषि मंत्रालय ने भी विरोध किया कि गब्बर सिंह टैक्स खेती पर मत लगाओ। यह मैं नहीं कह रहा, मैं आपको स्टैंडिंग कमिटी की रिपोर्ट, जहां कृषि मंत्रालय ने जवाब दिया, वह पढ़ कर बता रहा हूं। उनकी स्टैंडिंग कमिटी की जो रिपोर्ट है, मैं 69th Report पढ़ रहा हूं उसमें कृषि मंत्रालय ने कहा है and I quote Para 1.18, "In its Action Taken Reply, the Ministry has stated that GST rate slabs are decided by the GST Council. The Ministry of Agriculture and Farmer Welfare since 2017 is continuously pursuing reduction/rationalization in the GST rates for agricultural machines and equipment including tractor, power tillers and combine harvesters." यह सरकार तो अपने कृषि मंत्रालय की बात नहीं सुन रही, देश के किसान की बात कहां से सुनेगी ...(**व्यवधान**)... Again, he is interrupting. *...(Interruptions)...*

**उपसभाध्यक्ष (श्री घनश्याम तिवाड़ी)** : माननीय सदस्य, आप विराजिए।

SHRI RANDEEP SINGH SURJEWALA: Sir, you have to pause my time. *...(Interruptions)...* This is the 19th interruption now.

**उपसभाध्यक्ष (श्री घनश्याम तिवाड़ी):** माननीय सदस्य, थोड़ा मेरा difference है। मेरा 12/12 है, आपका 19/12 है। आप बोलिए।

**श्री रणदीप सिंह सुरजेवालाः** सर, आप मेरे 12 मिनट बढ़ा दीजिए। मैं आपकी बात मानूंगा, आप बड़े हैं।

**उपसभाध्यक्ष (श्री घनश्याम तिवाड़ी)ः** माननीय सदस्य, आप बोलिए।

**श्री रणदीप सिंह सुरजेवालाः** सर, एक कमाल की बात यह है कि इस देश में अगर कच्चा हीरा है, उस पर जीएसटी है 0.5 प्रतिशत। पॉलिश्ड हीरा है, तो उस पर जीएसटी डेढ़ प्रतिशत है, पर मेरी खाद पर जीएसटी 5 प्रतिशत है, मेरी pesticide पर, कीटनाशक दवाई पर 18 प्रतिशत जीएसटी है, ट्रैक्टर पर 12 परसेंट है। किसी सरकार के लिए इससे ज्यादा * की बात क्या हो सकती है कि हीरे पर जीएसटी आधा और डेढ़ परसेंट है और किसान के ट्रैक्टर पर 12 परसेंट है, कीटनाशक दवाई पर 18 परसेंट है, यह इस सरकार की असलियत है।

सर, एक तरफ एमएसपी नहीं बढ़ा, न एमएसपी पर खरीद हुई, जैसा मैंने साबित किया। दूसरी तरफ प्रति एकड़ productivity भी कम हो गई है। ...(**व्यवधान**)... Sir, you have to pause my time or you have to name the Member.

**उपसभाध्यक्ष (श्री घनश्याम तिवाड़ी)ः** माननीय सदस्य, आप बोलिए।

**श्री रणदीप सिंह सुरजेवालाः** सर, 10 साल में पैदावार की combined growth rate बस 2 प्रतिशत रह गई है। यह किसान की हालत है। चावल की growth 1.7 प्रतिशत, गेहूं की growth 1.7 प्रतिशत, सोयाबीन की growth 0.6 प्रतिशत, ऑयल सीड की growth 1.8 प्रतिशत, तुअर दाल की growth 1.9 प्रतिशत है। कैसे आय दुगुनी होगी? जब आपकी ग्रोथ रेट ही 1.7 प्रतिशत है और यह मैं नहीं कह रहा हूं, बल्कि सीएसीपी की जो ताजी रिपोर्ट आई है, अगर ये पढ़ते, तो उन्होंने इसमें लिखा हुआ है। सर, चौकाने वाली बात यह है कि जो ताजा रिपोर्ट है, उसके अंदर यह भी लिख दिया कि agriculture and allied sector की जो ग्रोथ है, वह 2023-24 में मात्र 0.7 प्रतिशत रहेगी। यह देश का Commission for Agricultural Costs and Prices कह रहा है। ऐसे में किसान की आय दुगुनी होने में 100 साल लगेंगे। यह हालत है। नाम बड़े, दर्शन छोटे, असली में इनका यही है।

सर, तिलहन और दलहन के बारे में वित्त मंत्री जी ने पैरा 13 में कहा कि हम इस पर आत्मनिर्भर हो गए हैं, लेकिन वे दो बातें बताना भूल गई हैं। पहली बात यह है कि भारत की जरूरत का 60 प्रतिशत खाने का तेल आज भी हम इम्पोर्ट करते हैं। 2022-23 में इन्होंने 157 लाख टन, यानी 1,67,000 करोड़ का खाने का तेल आयात किया, जो 2021-22 के मुकाबले में डबल था। इस साल 2023-24 में यह नौ महीने में ही 121 लाख टन आयात कर चुके हैं और वित्त मंत्री जी बजट के पैरा 14 में कहती हैं कि हम आत्मनिर्भर हैं। दाल के बारे में भी उन्होंने कहा कि हम आत्मनिर्भर हैं, पर 2023-24 में अप्रैल और दिसंबर के बीच 28, 40,000 टन दाल का आयात हुआ है। उसमें अधिकतर Adani Wilmar के द्वारा किया गया है। सर, 2022-23 में 17.5 lakh tone था।

---

* Expunged as ordered by the Chair.

Content Page

दाल का आयात बढ़ रहा है, तेल का आयात बढ़ रहा है और वित्त मंत्री पैरा 14 में कहती हैं कि हम आत्मनिर्भर हैं। सर, ऐसी 11 schemes हैं...(**व्यवधान**)... मैं यहां ज्यादा समय नहीं लूंगा, क्योंकि आपने मुझे 12 minutes extra दिए हैं। जिनमें इन्होंने पैसा काट लिया।...(**व्यवधान**)...

**उपसभाध्यक्ष (श्री घनश्याम तिवाड़ी)** : जितना एक्स्ट्रा समय लेंगे, आपकी पार्टी का ही है।

**श्री रणदीप सुरजेवाला:** सर, मेरी interruptions का तो एक्स्ट्रा समय देंगे। मैं यह कहना चाहूंगा कि ये जान लें और पहचान लें कि देश का अन्नदाता किसान आपके जुल्मों के आगे झुकेगा नहीं और न्याय के पथ पर रूकेगा भी नहीं। जैसा मेरे लीडर राहुल गांधी और खरगे जी कहते हैं किसानों को दरबारों की दरकार नहीं, अन्नदाता तो महलों पर बैठे हुए मठाधीशों को खेत और खलिहानों की दयोढ़ी पर झुकाता आया है। ...(**समय की घंटी**)... इसलिए किसी ने कहा है कि

*"ऊंचे-ऊंचे दरबारों से क्या लेना,*
*वो बेचारे हैं, बेचारों से क्या लेना,*
*जो मांगेंगे, तूफानों से मांगेंगे,*
*सत्ता में मदहोश इन अहंकारी गलियारों से क्या लेना।*
*अपने संकल्प की सिद्धी से जीतनी है यह जंग हमने,*
*लकड़ी की तुम्हारी तलवारों से क्या लेना।"*

सर, एक पहलू और है, जो गरीब का है। ...(**समय की घंटी**)... मैं अपनी बात खत्म कर रहा हूं। पीएम गरीब कल्याण के नाम पर 80 crore लोगों को 13.75 रूपये का आपने झुनझुना पकड़ाया है। उसका सबूत भी मैं लेकर आया हूं। सर, Congress Party और UPA की सरकार राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा कानून लेकर आई थी। इन्होंने उसका नाम बदलकर पीएम गरीब कल्याण योजना रख दिया।...(**व्यवधान**)... NFSA में पहले से ही, ...(**व्यवधान**)... महोदय, वे मुझे interrupt कर रहे हैं, तो कृपया मेरा time pause कीजिए।...(**व्यवधान**)...

**उपसभाध्यक्ष (श्री घनश्याम तिवाड़ी)** : कृपया आप अपनी बात समाप्त कीजिए।

**श्री रणदीप सुरजेवाला:** NFSA में पहले से ही हर व्यक्ति को ...(**व्यवधान**)...

**उपसभाध्यक्ष (श्री घनश्याम तिवाड़ी):** सुरजेवाला जी को अपनी बात समाप्त करने दीजिए।

**श्री रणदीप सुरजेवाला:** NFSA में पहले से ही हर व्यक्ति को पांच किलो अनाज हर महीने देने का प्रावधान है। National Food Security Act में 3 रुपये प्रति किलो की रियायती दर से चावल और 2 रुपये प्रति किलो की रियायती दर पर गेहूं हम पहले से ही दे रहे थे। आजकल 75 प्रतिशत चावल और 25 प्रतिशत गेहूं देते हैं। 80 crore लोगों को पांच किलो चावल में से 75 प्रतिशत, 60 crore हो गए। 60 crore को अगर पांच किलो चावल 3 रुपये की रियायती दर से दें, तो 900

crore बनते हैं। 20 crore को 2 रुपये की रियायती दर से गेहूं दें, तो 200 crore बनते हैं। कितने बने 80 crore को, 1,100 crore, बाकी हम पहले से दे रहे थे। 1,100 crore, 80 crore को, तो 13.75 रुपये बनते हैं। इसलिए कहते हैं कि गरीब के अधिकार पर भी marketing करना। जो राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा कानून scheme हमने बनाई, उसमें 3 रुपये और 2 रुपये पर पहले से दिया जा रहा था। ...(**समय की घंटी**)...

**उपसभाध्यक्ष (श्री घनश्याम तिवाड़ी) :** आप समाप्त कीजिए।

**श्री रणदीप सुरजेवाला:** आप 13.75 रुपये देते हैं। सर, आपने मुझे कहा था कि मेरी interruptions के 11 minutes मुझे देंगे।

**उपसभाध्यक्ष (श्री घनश्याम तिवाड़ी) :** मैंने उसकी पूर्ति कर दी है।

**श्री रणदीप सुरजेवाला:** सर, 5 minutes हुए हैं, वह देखिए। आपने पांच मिनट ही दिए हैं। मैं एक छोटा सा पहलू कहना चाहूंगा।

**उपसभाध्यक्ष (श्री घनश्याम तिवाड़ी):** आप अपनी बात समाप्त कीजिए।

**श्री रणदीप सुरजेवाला:** सर, आपने ही 10 minutes कहा था।

**उपसभाध्यक्ष (श्री घनश्याम तिवाड़ी):** मैं नहीं देने वाला हूं। आपकी पार्टी ने आपको समय दिया है। आप समाप्त कीजिए।

SHRI RANDEEP SINGH SURJEWALA: Okay. Sir, give me two minutes, I am winding up.सर, तीसरा पहलू बेरोजगारी का है। आज बेरोजगारी सबसे बड़ी महामारी है। सर, मैं तीन तथ्य रखकर एक मिनट में अपनी बात खत्म करूंगा। सर, वायदा था दो करोड़ रोजगार देने का यानी 10 साल में 20 करोड़ रोजगार देने का, पर इस सरकार का दुर्भाग्य यह है कि यहां प्रधान मंत्री को ही पता नहीं कि कितनों को रोजगार दिए हैं। मैं आपको उसके तीन उदारहण देना चाहता हूं। 5 मई, 2024 को प्रधान मंत्री के पूर्व आर्थिक सलाहकार कहते हैं कि पिछले 8 साल में एक करोड़ नौकरियाँ दीं। 20 मई, 2024 को, मैं एक साक्षात्कार का वीडियो लेकर आया हूं, प्रधान मंत्री जी एनडीटीवी को साक्षात्कार में कहते हैं कि 7 साल में 6 करोड़ नौकरियां दीं। उसके 58 दिन बाद प्रधान मंत्री जी 13 जुलाई, 2024 को मुम्बई में कहते हैं कि 3 साल में 8 करोड़ नौकरियां दीं। उसके एक दिन के बाद प्रधान मंत्री जी की केबिनेट के एक मंत्री श्री हरदीप सिंह पुरी जी कहते हैं कि 10 साल में साढ़े 12 करोड़ नौकरियां दीं। ...(**समय की घंटी**)... सर, मैं जानना चाहता हूं कि कितनी नौकरियां दी हैं?

**उपसभाध्यक्ष (श्री घनश्याम तिवाड़ी):** माननीय सदस्य समाप्त करिए।

**श्री रणदीप सिंह सुरजेवाला**: सर, मैं एक मिनट में खत्म कर रहा हूं, क्योंकि प्रधान मंत्री जी का ...।

**उपसभाध्यक्ष**: माननीय सदस्य समाप्त करिए।

**श्री रणदीप सिंह सुरजेवाला**: सर, अगर देश के प्रधान मंत्री जी को ही पता नहीं कि नौकरी कितनी दीं, तो क्या होगा?

**उपसभाध्यक्ष (श्री घनश्याम तिवाड़ी)**: माननीय सदस्य समाप्त करिए।

SHRI RANDEEP SINGH SURJEWALA: Sir, I am concluding.

THE VICE CHAIRMAN (SHRI GHANSHYAM TIWARI): Now, Shri M. Shanmugam.

SHRI M. SHANMUGAM (Tamil Nadu): Yes, Sir.

**उपसभाध्यक्ष (श्री घनश्याम तिवाड़ी)**: कृपया आप समाप्त करिए।

**श्री रणदीप सिंह सुरजेवाला**: लास्ट दो लाइन बोलने दीजिए।

**उपसभाध्यक्ष (श्री घनश्याम तिवाड़ी)**: मैंने माननीय सदस्य को बोलने के लिए पुकार लिया है, hon. Shri M. Shanmugam.

**श्री रणदीप सिंह सुरजेवाला**: सर, ये एक झुनझुना बजट लेकर आए हैं। यह बजट है बदला लो, कुर्सी बचाओ। 400 के वायदे को 240 पर लाकर छोड़ने की सजा अब प्रांतों को दी जा रही है।

**उपसभाध्यक्ष (श्री घनश्याम तिवाड़ी)**: आपका बोलने का समय समाप्त हुआ। माननीय एम. शनमुगम।

**श्री रणदीप सिंह सुरजेवाला**:*

**उपसभाध्यक्ष (श्री घनश्याम तिवाड़ी)**: आपकी बात रिकॉर्ड पर नहीं जा रही है। माननीय सदस्य आपकी बात रिकॉर्ड पर नहीं जा रही है।

---

* Not recorded.

Content Page

**श्री रणदीप सिंह सुरजेवाला:*** 

**उपसभाध्यक्ष (श्री घनश्याम तिवाड़ी):** सुरजेवाला जी, आपकी बात रिकॉर्ड पर नहीं जा रही है। आप बैठ जाइए। Now, Shri M. Shanmugam. अंकित नहीं होगा। आपकी बात रिकॉर्ड पर नहीं आएगी।

**उपसभाध्यक्ष (श्री घनश्याम तिवाड़ी)**: यह रिकॉर्ड में नहीं आएगा।

SHRI M. SHANMUGAM: Sir, I will speak in Tamil.

**श्री रणदीप सिंह सुरजेवाला:*** 

**उपसभाध्यक्ष (श्री घनश्याम तिवाड़ी)**: यह रिकॉर्ड में नहीं आएगा। आप बैठ जाइए, धन्यवाद। Now, Shri M. Shanmugam.

SHRI M. SHANMUGAM: Sir, I will speak in Tamil.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI GHANSHYAM TIWARI): Yes.

SHRI M. SHANMUGAM: @"Mr. Vice Chairman Sir, I thank you for giving me the opportunity to speak on Budget 2024-25. Hon. Finance Minister of India, our dear sister from Tamil Nadu, had presented the Budget for the seventh time. Tamil Nadu has been totally neglected in the budget. It may be because our dear sister is from Tamil Nadu. I am not mentioning this to find fault with her. This Budget had neglected not only Tamil Nadu, but also all the non-BJP ruled states. I would like to quote a *Thirukkural, Kural couplet no.448)* It means, "The king, who is without the guard of men who can rebuke him, will perish, even though there be no one to destroy him."

Sir, So many disasters have happened in so many states. In order to help people on time, the State Governments had spent a lot of money on the basis of exigency. Later, the teams of Union Government visit the site and make recommendations. But the thousands of crores of rupees spent by State Governments during the relief measures of such calamities, have not been provided by the Union Government. It is really regrettable. At the same time, disaster relief fund is allocated to some states even before the occurrence of disaster. Perhaps, the

---

* Not recorded.

@ English translation of the original speech delivered in Tamil.

motto of 'Prevention is better than cure" is followed only for some states. India, being a peninsula, is surrounded by sea on three sides and by mountains on one side. Therefore, due to weather fluctuations, coastal states are severely affected by natural calamities. We would like to demand in this House that hon. Finance Minister should release the due financial assistance considering these factors also.

NITI Aayog had appreciated the performance of Tamil Nadu in its report. They have certified that Tamil Nadu had excelled in urban development and in the functioning of Panchayat Unions. I would like to point out that this development is possible because of the Dravidian model of governance, led by our Commandant Mr. M.K.Stalin, hon. Chief Minister of Tamil Nadu. But, you are very partial towards him, without allocating the financial assistance to Tamil Nadu whenever he requests the Union Government. He requests the amount which is due for Tamil Nadu. But it is not given to the state. This trend is continuously followed for three years. It is our duty to record in this House that you are showing partiality in disbursing the fund due for our state.

In the emerging urbanisation scenario, transport sector occupies a vital place. Metro rail projects are being implemented keeping this objective in mind. The second phase of Chennai Metro rail project has begun only with the share of the State Government of Tamil Nadu. The Centre has not yet contributed its share. Madam, most of the tax receipts are in your hand. The State Government of Tamil Nadu is managing its finances with the fewer available resources that are in states' domain. Is it fair on your part not to provide the financial assistance on time?

An exclusive rail network for eastern coastal region should be brought, similar to the network of Konkan Railways that covers the western coastal region. When Sethu Samudram project was implemented, you criticized that Ram Setu Bridge would be affected. But that bridge is not found till today. The Government has to come forward to lay a bridge between Dhanushkodi and Thalaimanaar to nurture bilateral relationship between India and Sri Lanka.

If one searches the phrase, 'Employment to youth' in this Budget, he would be disappointed. It is mentioned nowhere. Government is interested in filling up the vacancies of only higher officials that is, Group A and Group B officers, Officers of civil services such as IAS, IPS etc. But there are lakhs of vacancies at Group D level which are unfilled. This is evident particularly in the Department of Railways. Movement of trains is severely affected due to lack of sufficient number of employees at lower levels. Accidents happen. Hundreds of people die. But there is no shortage of senior officers who can make enquiries.

Content Page

Mr. Vice Chairman Sir, please look at the ratio of higher officials to lower level employees, since Independence. Now, the numberof officers have increased, but the number of subordinates have decreased. Earlier, a district comprised of 15 Taluks, administered by one District Collector of the rank of IAS. But, now, a district has only two Taluks and a district collector is in charge of supervising two taluks only. It is really strange to note that subordinate vacancies are filled up on contractual basis. It is ironical that such contractual employment is followed in the Department of Labour also. It is highly regrettable.

Public sector Units have made significant achievements. I would like to mention the significant achievements of BSNL which is one of the largest Public sector Units in India. Its network is spread everywhere in the country similar to the nervous system of human beings. Whether it is about the laying of cables beneath the Andaman seas or carrying them to the peaks of Himalayas, BSNL's presence is there. If one needs telecommunication during floods and disasters, we need the assistance of BSNL. But the Government does not give the benefits to BSNL as it gives to private sector i.e. Government is partial towards BSNL. The private companies nurtured by you have increased their rates, therefore, many customers return to BSNL now. We have come to know that the Government had offered satellite network to TATA company and is utilizing the infrastructure of BSNL to serve this purpose. Earlier, many private airlines are encouraged to compete with Air India. Later, Air India was destroyed and was handed over to TATA. Similar steps are being taken now with regard to BSNL also.

Increment is not given to BSNL employees during the past eight years. Many PSUs are achieving many milestones despite such difficulties. But Hon'ble Prime Minister of India feels proud at their achievements and gets the credit for their achievements without safeguarding their livelihood.

It is not fair to give alternative views instead of giving assurance to implement Old Pension Scheme which is desired by employees. I would like to convey that it is the duty of the Government to implement old Pension scheme and to withdraw New Pension Scheme.

Lakhs of employees under EPF pension scheme have demanded to increase their pension. EPFO does not give proper information about the accounts of employees, their due income and expenditure etc. It was said that the share of corpus fund in family pension scheme of 1972 is merged with pension scheme of 1995. It has not yet been informed about the actual amount, that is the corpus fund. How many people who have benefited from the pension scheme of 1995, had passed away till date? What happened to their Corpus Fund? Employees are not fully aware

Content Page

of this EPF scheme since its inception in 1952 till 2014. When they migrate from one company to another company, they create new account. They do not know how to receive their dues from the previous company. Hence, lakhs of crores of amount is lying with EPFO as unclaimed amount. EPFO has not informed anyone about this fact till date. Workers had to sweat a lot to save some money. They sincerely deposit their savings in EPFO. But that organization itself functions like a capitalist doing injustice to employees. It is reprehensible that employees are forced to run from pillar to post to receive their dues. Therefore, I request the Department of Finance to examine this matter seriously and to increase the amount of pension due for employees, by taking all these factors into consideration and to give them justice.

Transport Employees of Tamil Nadu had to be paid EPFO dues. The amount is more than Rs.1300 crore. It is not justifiable to drag the settlement of their claims. India Labour conference has to be convened immediately to discuss labour issues. Four anti labour legislations codes that snatch away the rights of labourers have to be withdrawn. Minimum Support price has to be given to farmers, as per the recommendations of M.S. Swaminathan committee. There is no mention about MGNREGA in the Budget, a huge scheme that guarantees 100 days of employment in rural areas. There is no mention of increasing the allocation for this scheme.

Crores of employees are unorganized labourers. This budget does not mention anything about social security schemes for them. In brief, this Budget has not given any benefit to labourers, peasants, small scale entrepreneurs and traders. It is loyal only to their allies. On behalf of my party DMK, we oppose this budget. I would like to conclude my speech by mentioning the demand of our leader that States should be given their rights honestly. Thank you.

**श्री राघव चड्ढा** (पंजाब) : सर, आम तौर देखा जाता है कि जब भी वित्तीय बजट देश में प्रस्तुत किया जाता है, तो देश के कुछ वर्ग उस बजट से खुश होते हैं और कुछ वर्ग उस बजट से निराश होते हैं, लेकिन इस बार सरकार ने वह अचीव कर लिया, जिसे अचीव करना संभव ही नहीं था। इस सरकार ने इस बजट से देश के लगभग हर वर्ग को निराश किया है। They have managed to displease all sections of our society. In fact, Sir, भारतीय जनता पार्टी के अपने समर्थक भी, अपने वोटर भी इस बजट से बेहद निराश हैं। सर, बजट 2024 में... ...(**व्यवधान**)... सर, मुझे बोलने दीजिए, नहीं तो मैं... ...(**व्यवधान**)... if you wanted me to yield, नहीं तो मैं बैठ जाता हूँ। ...(**व्यवधान**)...

**उपसभाध्यक्ष (श्री घनश्याम तिवाड़ी)**: माननीय सदस्यो... ...(**व्यवधान**)... माननीय सदस्य, कृपया बैठ जाइए। ...(**व्यवधान**)... चड्ढा जी, आप बोलिए। ...(**व्यवधान**)... Please continue.

**श्री राघव चड्ढाः** सर, पिछले दस सालों में टैक्स लगा-लगाकर सरकार ने देश के आम आदमी का खून चूस लिया है। मान लीजिए, आप दस रुपये कमाते हैं, उसमें से तीन-साढ़े तीन रुपये आप इनकम टैक्स के माध्यम से दे देते हैं, दो-ढाई रुपये जीएसटी चूस लेता है, दो रुपये आपका केपिटल गेन टैक्स लगता है, सेस सरचार्जेज़ एक-डेढ़ रुपये के लग जाते हैं, तो मात्र दस रुपये में से सात-आठ रुपये तो सरकार के खजाने में चले जाते हैं।...(**व्यवधान**)...

**उपसभाध्यक्ष (श्री घनश्याम तिवाड़ी)** : माननीय सदस्यो... ...(**व्यवधान**)...

**श्री राघव चड्ढाः** आम इंसान को मिलता क्या है, आम आदमी को मिलता क्या है? सरकार जो हमसे इतना टैक्स लेती है, उसके बदले में हमें देती क्या है? सरकार बदले में कौन सी ऐसी अंतरराष्ट्रीय सेवाएं, वर्ल्ड क्लास हेल्थकेयर, एजुकेशन, ट्रांसपोर्ट सुविधाएं देशवासियों को देती हैं, मैं यह भी पूछना चाहता हूँ? आज मुझे यह कहने में बिल्कुल भी गुरेज नहीं है कि Sir, we in India, today pay taxes like England to get services like Somalia. ...(व्यवधान)... सर, मैं अपने इस भाषण को दो भाग में बाटूँगा। पहले भाग में मैं सरकार की 2024 के चुनावों में इतनी दुर्दशा क्यों हुई और आज की आर्थिक स्थिति क्या है, इस पर बात करूँगा और दूसरे भाग में सरकार को कुछ सुझाव भी दूँगा। सर, 2019 में भारतीय जनता पार्टी की 303 सीटें थीं। देश की जनता ने उन सीटों पर 18 परसेंट जीएसटी लगाकर, इनको 240 सीटों पर ला खड़ा किया। सर, इसके कई कारण बताए जाते हैं। कोई कहता है कि धर्म का कार्ड नहीं चला, कोई कहता है कि जातीय कारण है, तो कोई कहने लगता है कि टिकट डिस्ट्रिब्यूशन में कमी रही। सर, ये सभी ऊपरी कारण हैं। मैं तीन कारण बताता हूं, जिस वजह से भारतीय जनता पार्टी की यह दुर्दशा हुई। ...(**व्यवधान**)...

**श्री उपसभाध्यक्ष (श्री घनश्याम तिवाड़ी)** : माननीय सदस्य ...(**व्यवधान**)...

**श्री राघव चड्ढाः** पहला कारण है इकोनॉमी, दूसरा कारण है इकोनॉमी और तीसरा कारण भी इकोनॉमी है। ...(**व्यवधान**)...

**श्री उपसभाध्यक्ष (श्री घनश्याम तिवाड़ी)** : माननीय सदस्य, प्लीज़ सुनिए। ...(**व्यवधान**)...

**श्री राघव चड्ढा :** सर, मैं बैठ जाता हूं। ...(**व्यवधान**)...

**श्री उपसभाध्यक्ष (श्री घनश्याम तिवाड़ी):** आप बैठिए। ...(**व्यवधान**)... यह राष्ट्रपति के अभिभाषण पर चर्चा नहीं है। यह आम बजट पर चर्चा है। ...(**व्यवधान**)... माननीय राघव चड्ढा जी। ...(**व्यवधान**)... आपस में बात न करें। ...(**व्यवधान**)... माननीय राघव चड्ढा जी, यह राष्ट्रपति के अभिभाषण पर चर्चा नहीं है। यह आम बजट पर चर्चा है। ...(**व्यवधान**)... आप बोलिए।

**श्री राघव चड्ढाः** सर, अगर आपने मेरी पूरी बात सुनी होती, तो शायद इतनी आपत्ति इन लोगों को न होती। सर, मैं यही कहना चाहता हूं कि चुनावी हार के कई कारण बताए जाते हैं, लेकिन मेरे मुताबिक तीन महत्वपूर्ण कारण हैं। ...(**व्यवधान**)... पहला कारण इकोनॉमी, दूसरा कारण इकोनॉमी और तीसरा कारण भी इकोनॉमी है। ...(**व्यवधान**)... मैं इकोनॉमी की बात कर रहा हूं, चुनावों की बात नहीं कर रहा हूं। ...(**व्यवधान**)... सर, मैं बैठ जाता हूं, इनको चिल्लाने दीजिए। ...(**व्यवधान**)...

**श्री उपसभाध्यक्ष (श्री घनश्याम तिवाड़ी):** माननीय सदस्य, बैठिए। जब आपका समय आए, तो बता देना कि दिल्ली में कैसे हारे। अभी उनको बोलने दीजिए। ...(**व्यवधान**)... आप बोलिए।

**श्री राघव चड्ढाः** सर, हार का पहला कारण rural income and inflation है। भारत की 60 प्रतिशत से ज्यादा आबादी गांव में बसती है। लेकिन आज ...(**व्यवधान**)... सर, यह ठीक नहीं है। इनकी तबियत खराब है। ...(**व्यवधान**)... इनके पेट में दर्द क्यों हो रहा है? ...(**व्यवधान**)... सर, क्या आज इनकी तबियत खराब है? ...(**व्यवधान**)...

**श्री उपसभाध्यक्ष (श्री घनश्याम तिवाड़ी):** माननीय सदस्य, आप बैठ जाएं। ...(**व्यवधान**)... कृपया बैठ जाइए। ...(**व्यवधान**)... कृपया बैठ जाइए। ...(**व्यवधान**)... माननीय सदस्य, आप डिस्टर्ब मत करें। इनको बोलने दें। आपको बोलने का अवसर मिलेगा। अभी इनको बोलने दें।

**श्री राघव चड्ढाः** सर, मैंने ढाई मिनट बोला है, उसमें इन्होंने पांच बार इंटरेप्ट किया है। मैं अपना समय सूद समेत इनसे वसूलूंगा। सर, मैं आगे चलता हूं। ...(**व्यवधान**)...

**श्री उपसभाध्यक्ष (श्री घनश्याम तिवाड़ी):** यह ब्याज की आदत ठीक नहीं है। ...(**व्यवधान**)...

**श्री राघव चड्ढाः** सर, आज rising rural inflation, rural unemployment, low crop yield, income inequality, farmer debt, high input cost, low income, no MSP और crop losses के चलते यह आलम है कि rural income growth वित्तीय वर्ष 2023-24 में decadal low पर है। सर, इसी के साथ-साथ किसानों की आय दोगुना करने का वायदा था, स्वामिनाथन कमीशन के अनुसार एमएसपी देने का वायदा था। वे वायदे जब पूरे नहीं हुए, तो आलम यह है कि पिछले 25 महीने लगातार real rural wages decline पर हैं। इसके साथ-साथ UPA के दौरान, कांग्रेस पार्टी की सरकार के दौरान farm wages में 8.5 प्रतिशत का इजाफा देखा गया था। एनडीए 1 के दौरान 3 परसेंट और एनडीए 2 के दौरान -0.6 परसेंट का इजाफा देखा गया है, यानी कि rural wages गिरती जा रही हैं। ...(**व्यवधान**)...

सर, मैं इसे साधारण भाषा में समझाता हूं। 2014 में एक दिहाड़ी मजदूर एक दिन की अपनी दिहाड़ी से 3 किलो अरहर की दाल खरीद सकता था, आज वही दिहाड़ी मजदूर वर्ष 2024 में एक दिन की दिहाड़ी से 1.5 किलो अरहर दाल खरीद पा रहा है। यानी महंगाई भी बढ़ रही है और उसकी आमदनी भी घट रही है। सर, इसका नतीजा क्या हुआ? इसका नतीजा यह हुआ कि

इनका वोट शेयर घटा। रूरल एरियाज़ में भाजपा का वोट शेयर 5 प्रतिशत घटा। ...(**व्यवधान**)... इनके खुद के यूनियन एग्रीकल्चर मिनिस्टर चुनाव हार गए। ...(**व्यवधान**)...

**श्री उपसभाध्यक्ष (श्री घनश्याम तिवाड़ी)** : माननीय सदस्य, बैठकर बात नहीं करें।

**श्री राघव चड्ढाः** 2019 में 398 रूरल सीट्स में से इनको 236 सीट्स मिली थीं और इस बार 398 सीट्स में मात्र 165 सीटें मिली हैं। यानी कि रूरल इंडिया में इनको नकार दिया गया है।

सर, आज देश में जो आर्थिक स्थिति है और वह कारण जिसकी वजह से इनकी चुनावों में यह दशा हुई, वह है फूड इनफ्लेशन। सर, थाली का बजट बिगड़ गया। चाहे आटा हो, दूध हो, चावल हो, दही हो, हर वस्तु पर महंगाई का आलम है, जीएसटी का आलम है और लगातार इस देश में फूड इनफ्लेशन बढ़ता जा रहा है। इस देश में लगभग 9 से 9.5 प्रतिशत के आसपास फूड इनफ्लेशन मंडरा रहा है। मैं सरकार से पूछना चाहता हूँ कि वे commodities, जिनमें हम self-sufficient थे; वे commodities, जिनका हम export किया करते थे, उनमें कैसे महँगाई घुस गई? अगर वे commodities भी महँगी हो गई हैं, तो उसका फायदा किसान को क्यों नहीं मिलता? वह सारा पैसा जा कहाँ रहा है, यह एक बड़ा महत्वपूर्ण सवाल है।

सर, 2014 में आटा 21 रुपए प्रति किलो बिका करता था, आज 42 रुपए प्रति किलो हो गया है। वर्ष 2014 में दूध 30 रुपए प्रति लीटर के आसपास बिका करता था, आज 2024 में 70 रुपए प्रति लीटर बिकता है। देसी घी 2014 में 300 रुपए प्रति किलो पर बिका करता था, आज 2024 में 675 रुपए प्रति किलो बिकता है। 2014 में अरहर की दाल 80 रुपए प्रति किलो बिका करती थी, आज 230 रुपए प्रति किलो बिक रही है। और न जाने कितनी वस्तुओं के दाम आसमान छू रहे हैं। अगर महँगाई की यही रफ्तार रही, तो ये लोग जितनी रफ्तार से 303 से 240 पर आए हैं, उससे तेज रफ्तार से 240 से 120 पर आएँगे।

सर, third reason is unemployment, यानी बेरोजगारी। सर, informal sector हो या formal sector हो; unorganized sector हो या organized sector हो; हर जगह unemployment है। CMIE की रिपोर्ट यह बताती है कि इस देश में organized sector की unemployment दर 9.2 परसेंट है। Unorganized sector की तो बात ही भूल जाइए, organized sector की unemployment दर 9.2 परसेंट है। सर, हम लोगों ने अपने देश के human resources को किस कगार पर लाकर खड़ा कर दिया है, उसका आलम देखिए। उत्तर प्रदेश सरकार के सचिवालय में peon की पोस्ट के लिए 368 नौकरियाँ निकलीं, उनके लिए 23 लाख लोगों ने आवेदन पत्र दिए!

[**उपसभाध्यक्ष (सुश्री कविता पाटीदार)** *पीठासीन हुईं।*]

Indian Railways के Group 'D' employees में 63,000 posts निकलीं, उनके लिए 2.5 करोड़ लोगों ने आवेदन पत्र दिए! मैडम, 2.5 करोड़ आस्ट्रेलिया की आबादी से भी ज्यादा है। मैडम, बिहार पुलिस 9,900 constable posts निकालती है, उनके लिए 11 लाख आवेदन पत्र आते हैं! मैडम, सारी चीजें छोड़िए, महाराष्ट्र सचिवालय के कैंटीन में 12 वेटर्स को भर्ती करने के लिए जब

आवेदन पत्र माँगे गए, तो 7 हजार लोगों ने आवेदन पत्र दिए, जिनमें कई post-graduates और graduates भी शामिल थे। मैडम, यह बेरोजगारी का आलम है!

मैडम, चौथा - key sector stagnation. इस देश में जितने key sectors हैं, construction हो, trade हो, जो employment create करते हैं, उनमें stagnation आता जा रहा है और industry का investment, जिसे Gross Fixed Capital Formation कहते हैं, वह लगातार घटती जा रही है। मुझे बताते हुए दुख है कि new private investment वित्तीय वर्ष 2024-25 के पहले क्वार्टर में 25 year low पर आ खड़ा है, यानी आज भारत देश की industries निवेश नहीं कर रही हैं।

मैडम, पाँचवाँ कारण है गिरती हुई per capita income, यानी प्रति व्यक्ति आय। देश के 12 राज्यों में लगातार per capita income घटी। उन 12 में से 9 राज्यों में भारतीय जनता पार्टी का vote share भी घटा।

मैडम, छठा कारण decline in financial savings and rising debt burden on the Indian household, यानी औसतन भारतीय परिवार का कर्ज बढ़ता जा रहा है और उसकी savings घटती जा रही हैं। हम लोग financially fragile होते जा रहे हैं। रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया के गवर्नर ने खुद कहा कि savings bank account खातों में से savings गायब होती नजर आ रही हैं। हमारा net financial savings to GDP ratio घट रहा है, household savings घट रही हैं और लगातार savings में decline देखा गया।

मैडम, मैं सिर्फ बुराई नहीं करना चाहता, सुझाव भी देना चाहता हूँ। मैं अपने आने वाले भाषण के भाग में सरकार के लिए 8-10 महत्वपूर्ण सुझाव भी लाया हूं। मैं देश हित में, देश की अर्थव्यवस्था के हित में सुझाव देना चाहता हूँ। पहला सुझाव, Index Minimum Wages with Inflation, यानी न्यूनतम मजदूरी आय को बढ़ती महँगाई के साथ जोड़िए। मैडम, inflation erodes purchasing power. महँगाई वह दीमक है, जो आपकी purchasing power, आपकी संपत्ति को खा जाती है। इसीलिए आज मैं कहना चाहता हूं कि जैसे बेल्जियम जैसे देशों ने automatic indexation of wages लागू किया है, उसी प्रकार हमारे देश में भी minimum wages की automatic indexation होनी चाहिए। यहाँ मैं यह बताना चाहूँगा कि मेरे नेता, अरविंद केजरीवाल जी ने, हमारी आम आदमी पार्टी की सरकार ने देश में सबसे ज्यादा minimum wages दिल्ली में देने का काम किया।

मैडम, मेरा दूसरा महत्वपूर्ण सुझाव है - Re-work the Agricultural Pricing Formula. यानी जब किसान खुले बाजार में अपनी फसल बेचने जाता है, तो वहाँ पर एक minimum reserve price होना चाहिए, यानी उस price के नीचे किसान की कमाई नहीं होगी, किसान को उस रेखा के नीचे का दाम नहीं मिलेगा। इससे किसान price volatility से बचेगा, किसान को economic security मिलेगी और production में continuity रहेगी।

मैडम, मेरा तीसरा सुझाव है - Legal Guarantee with MSP in accordance with Swaminathan Commission's Report. स्वामीनाथन कमीशन रिपोर्ट की बात सुनते-सुनते कि हम लागू करेंगे, मेरे भी बाल पक गए हैं, लेकिन यह आज तक लागू नहीं हुआ। मैं सरकार से अनुरोध करूँगा कि वह उस legal guarantee को देश के किसान को सौंपे।

चौथा और बहुत महत्वपूर्ण सुझाव - मैं हाथ जोड़ कर विनती करना चाहूँगा - restore indexation on long term capital gain. मैडम, पूरी दुनिया में इंवेस्टर्स को इंवेस्टमेंट्स करने को प्रमोट करने के लिए इंसेंटिवाइज किया जाता है। इस देश में इंडेक्सेशन हटाकर हम इंवेस्टर क्लास को इंवेस्ट करने के लिए डिस्इंसेंटिवाइज कर रहे हैं। इंडेक्सेशन हटाना टैक्स लगाना नहीं है, इंवेस्टर्स को पेनलाइज करने जैसा है।

2.00 P.M.

मैडम, मैं बताना चाहता हूँ कि ravages the value of money. Inflation पैसे को खा जाता है। इसीलिए हम cost of acquisition को index करके capital gain tax की calculation करते हैं। जो लोग खुश हैं कि capital gain tax को 20 परसेंट से घटकर साढ़े 12 कर दिया गया है, उनके लिए मैं एक उदाहरण लाया हूँ। इस उदाहरण के माध्यम से हम समझ जाएंगे कि कैसे इंडेक्सेशन हटाना इस देश के इन्वेस्टर्स के लिए उसकी जेब पर डाका डालने जैसा है।

मैडम, फर्ज करिए कि आपने 2001 में एक करोड़ रुपए का एक मकान खरीदा। उस मकान की वैल्यू 6 प्रतिशत के हिसाब से बढ़ती गई और वह मकान, जो आपने 2001 में एक करोड़ रुपए का खरीदा था, वह आज 4 करोड़, 17 लाख रुपए का हो गया। अब 2 सिनेरियो हैं। एक तो इंडेक्सेशन का सिनेरियो है, जिसमें आप उसे बेचें, तो उस पर टैक्स लगे और एक नया सिनेरियो, जिसमें अगर आप उसे बेचेंगे, तो नए रेट के अकॉर्डिंग उस पर टैक्स लगेगा। मैं पहले पुराने हिसाब से, इंडेक्सेशन वाले हिसाब से उस पर कितना टैक्स लगेगा, वह आपको बताना चाहता हूँ। वह मकान, जो आपने वर्ष 2001 में एक करोड़ रुपए का खरीदा था, वह आप आज 4 करोड़, 17 लाख रुपए में बेचती हैं। तो आपकी सेल प्राइस 4 करोड़, 17 लाख हुई, लेकिन आपकी purchase price, inflation-adjusted index purchase price एक करोड़ नहीं, लगभग 3 करोड़, 60 लाख के आसपास आती है। यानी आपका sale price minus purchase price, जो profit on sale है, वह 54 लाख रुपए होता है। उस 54 लाख रुपए पर 20 प्रतिशत के अकॉर्डिंग टैक्स लगता है। यानी कि इंडेक्सेशन वाले फार्मूले से आपको कुल टैक्स 10,80,000 रुपए देना पड़ता है। मैं राउंड ऑफ करके 11 लाख रुपए कहता हूँ। लेकिन जो नई व्यवस्था है, जिसमें इंडेक्सेशन आपसे छीन लिया गया है, उसमें सेल प्राइस 4 करोड़, 17 लाख, कॉस्ट प्राइस 1 करोड़ और मुनाफा 3 करोड़, 17 लाख और उस पर 12.5 परसेंट का टैक्स, यानी कि कुल मिलाकर आपका टैक्स 39,62,000 बनता है। यानी कि अगर आप आज नई व्यवस्था में वही एक करोड़ का मकान 4 करोड़, 17 लाख में बेचेंगे, तो आपको लगभग 40 लाख रुपए टैक्स देना पड़ेगा, जबकि पुरानी व्यवस्था में आपको मात्र 11 लाख रुपए टैक्स देना पड़ेगा। यानी कि 40 माइनस 11 करें, तो आपको मात्र 1 करोड़ रुपए के प्लाट की सेल पर लगभग 29 लाख रुपए का एडिशनल टैक्स देना पड़ेगा। यह है - इंडेक्सेशन का खेल। इसीलिए इंडेक्सेशन लॉन्ग टर्म कैपिटल इन्वेस्टमेंट के लिए अति आवश्यक है। मैं सरकार से अनुरोध करूँगा कि वह उसे न हटाए। आज मैं इस सदन में यह भविष्यवाणी करता हूँ कि अगर आपने इंडेक्सेशन वापस लागू नहीं किया, तो इस देश में तीन चीज़ें होने जा रही हैं। पहला, रियल एस्टेट में इन्वेस्टमेंट गिरने वाली है और लोग अपना ड्रीम होम कभी नहीं खरीद पाएँगे। दूसरा, प्रॉपर्टी डील्स की अंडरवैल्युएशन होगी और सब लोग सर्किल रेट पर प्रॉपर्टी

खरीदेंगे और बेचेंगे, लेकिन कोई उसकी असली कीमत नहीं बतायेगा। इस देश में जो थर्ड थिंग होने जा रही है, वह यह है कि रियल एस्टेट सेक्टर में भारी तादाद में ब्लैक मनी आने जा रहा है, अगर आपने इंडेक्सेशन के बारे में यह फैसला वापस नहीं लिया।

सरकार को मेरा पाँचवाँ सुझाव यह है कि आप फाइनेंशियल सेविंग्स को इंसेंटिवाइज करिए। डेट में, इक्विटी में, म्युचुअल फंड्स में, बैंक डिपॉजिट में फाइनेंशियल इन्वेस्टमेंट्स और खास करके जो लोग 24 से 36 महीने से अधिक अपनी इन्वेस्टमेंट रखते हैं, उन्हें इंसेंटिवाइज करिए, टैक्स मत करिए, पेनलाइज मत करिए। मैं कहूँगा कि आने वाले समय में आपको लॉन्ग टर्म कैपिटल गैन पर टैक्स अबॉलिश करने के लिए भी सोचना चाहिए, ना कि उसे सिर्फ कम करना चाहिए।

मेरा छठा सुझाव यह है कि review, revise and simply GST. GST, जिसे आज देशवासी गहरा संकट टैक्स या गब्बर सिंह टैक्स के नाम से जानते हैं, चाहे वह रोटी हो, कपड़ा हो, मकान हो, हर चीज पर जीएसटी लगा-लगाकर हमने इस देश के इन्फ्लेशन पर भी जीएसटी लगा दिया। इससे सारी चीज़ें महँगी हो गईं। सरकार को मेरा सुझाव है कि इस जीएसटी के पूरे फ्रेमवर्क को कंप्रिहेंसिवली स्टडी करके रिवाइज कीजिए, एक्सपोर्ट ओरिएंटेड सेक्टर्स में जीएसटी कम कीजिए, ताकि हम ग्लोबली कॉम्पिटीटिव बन सकें। एमएसएमई सेक्टर, जो नौकरियाँ देता है, जिसमें छोटे उद्योग हैं, उसमें जीएसटी कम कीजिए और एसेंशियल कमोडिटीज, जैसे - दूध, दही, चावल, आटा, रोटी है, उन पर कम से कम जीएसटी विदड्रॉ कीजिए।

मेरा सातवाँ सुझाव यह है कि give more to states. India is a Union of States. स्टेटस की जेब में थोड़ा पैसा डालिए। हम सब कोलिशन पॉलिटिक्स के कंपल्शंस समझते हैं कि आपको बिहार को और आंध्र प्रदेश को ज्यादा पैसा देना था, लेकिन उन राज्यों ने, जिन्होंने आपको भरपूर वोट दिया, जैसे - गुजरात, दिल्ली, मध्य प्रदेश, ओडिशा, झारखंड, छत्तीसगढ़ ने, जिन लोगों ने अपने राज्यों की लगभग सारी सीटें आपकी झोली में डाल दीं, उनसे क्या गलती हुई? आपने उन राज्यों को एक-एक झुनझुना दिया और बाकी दो राज्यों पर सब कुछ लुटा दिया। तो यह discriminatory federalism नहीं होना चाहिए, cooperative federalism होना चाहिए। मैं यह गुहार लगाना चाहूँगा। इस सरकार को सेस और सरचार्ज लगा कर पैसा वसूलने की एक बुरी आदत है। सेस और सरचार्ज सरकार का वह टैक्स है, जिसे उन्हें राज्यों के साथ बाँटना नहीं पड़ता है। वह डिविज़िबल पूल में नहीं जाता, इसलिए सरकार सेस और सरचार्ज लगा-लगा कर आम आदमी से पैसा वसूलती है। अगर केन्द्र सरकार एक सौ रुपए कमाती है, तो उसमें से 18 रुपए सेस और सरचार्ज के जरिए कमाती है, यानी मात्र 82 रुपए डिविज़िबल पूल में जाता है, जो राज्यों में बाँटा जाता है और 18 रुपए सीधे केन्द्र सरकार की जेब में जाता है। मैं अनुरोध करूँगा कि या तो सेस और सरचार्ज की इस प्रथा को बंद किया जाए या उसको भी डिविज़बल पूल में डाल कर उसे स्टेट्स के साथ बाँटे।

मेरा आठवाँ सुझाव यह है कि जीएसटी कंपनसेशन, जो राज्यों के लिए बंद कर दिया गया है, उसे कम-से-कम पाँच साल और दीजिए। कई ऐसे राज्य हैं, जैसे तमिलनाडु, महाराष्ट्र, पंजाब, गुजरात, आदि जिनकी अर्थव्यवस्था आज जीएसटी कंपनसेशन के पैरों पर खड़ी हुई है। आज हमारे बजट में इनकम का 10 से 15 प्रतिशत हिस्सा जीएसटी कंपसेशन से आता है। मैं

Content Page

सरकार से अनुरोध करना चाहूँगा कि कम-से-कम और पाँच साल जीएसटी कंपनसेशन देकर इन राज्य सरकारों की मदद की जाए।

मैडम, मैं अंत में यही एक बात बोल कर अपनी बात खत्म करूँगा कि इस बजट ने टैक्स बढ़ा-बढ़ा कर इस देश के आम आदमी का खून चूसने का काम किया है। मैं सरकार से अनुरोध करूँगा कि डायरेक्ट टैक्स हो या इन्डायरेक्ट टैक्स, इस पूरी व्यवस्था पर एक बार फिर से गौर फरमाया जाए। जो मैंने शुरुआत में कहा था, उसे मैं दोहराऊँगा कि अगर हम दस रुपए कमाते हैं, तो उस पर तीन या साढ़े तीन रुपए इनकम टैक्स लगता है, दो से ढाई रुपए जीएसटी खा जाता है, डेढ़ रुपए का कैपिटल गेन टैक्स लगता है, आधे पैसे का सेस और सरचार्ज लगता है, यानी दस रुपए में से छः से सात रुपए सरकार की जेब में चले जाते हैं। कहने का मतलब यह है कि अगर आप साल में दस रुपए कमा रहे हैं, तो आपकी सात से आठ महीने की कमाई सरकार ले जाती है और मात्र तीन या चार महीने की कमाई आपकी जेब में आती है। उसके बाद उस पर भी अन्य प्रकार के टैक्स लगते हैं, लेकिन उसके बदले में हमें कोई सुविधाएँ नहीं मिलती हैं, न ट्रांसपोर्ट, न हेल्थ केयर, न कोई इन्फ्रास्ट्रक्चर, जैसा कि और बड़े-बड़े विकसित देशों - यूनाइटेड स्टेट्स ऑफ अमेरिका, यूनाइटेड किंगडम, यूरोपियन कंट्रीज़, जो high-tax regimes मानी जाती हैं, उनमें नागरिकों को सुविधा दी जाती है। लेकिन उसके बदले दिल्ली में, हिन्दुस्तान में, देश भर में कोई ऐसी सुविधा केन्द्र सरकार नहीं देती है। इसीलिए यह कहा जाता है that we impose taxes like the Europeans do to get services like sub-Saharan countries. मैं सरकार से अनुरोध करूँगा कि वह इस टैक्स फ्रेमवर्क, डायरेक्ट टैक्स हो या इन्डायरेक्ट टैक्स हो, उसका भी एक comprehensive review करे, बहुत-बहुत शुक्रिया।

**उपसभाध्यक्ष (सुश्री कविता पाटीदार)** : माननीय सदस्य श्री देबाशीष सामंतराय। सामंतराय जी, यह आपकी मेडन स्पीच है।

SHRI DEBASHISH SAMANTARAY (Odisha): Madam, Vice-Chairperson, first I want to thank my leader, Naveen Patnaik*ji*, for sending me to this august House to be among such stalwart politicians, such great leaders, and I thank the Chair for allowing me to make my first maiden speech. I stand here to discuss on the Budget. Obviously, from the Party's point of view, I am not in support of this Budget for various reasons. Both in the President's Address and in the Budget presented by the hon. Finance Minister, the regional aspirations of this country were completely neglected. It was nowhere shown as to where in this country's federal structure of democracy do the regional entities and the regional States stand. I will restrict myself to Odisha. But, as regards the mandate of this Modi 3.0 Government, I think, probably, the Ruling Party is not reading it correctly. If you see, the Lok Sabha has 204 Members from the regional parties. It is a big chunk and it only goes to show that regional parties play a very important role. This Government cannot read the writings

on the wall, and they all tom-tommed about the Modi 3.0 Government, but that is not, in reality, a single party Government.

If the regional aspirations are not addressed to, I am sure, the message is clear; this Government will be out very soon.

There is 'the betrayal of Odisha.' I am sure, all the Members, even the BJP Members will appreciate this. Look at the betrayal of Odisha by this Government. They got 20 MPs. For 20 MPs from Odisha, today Modiji is sitting in that No. 3 -- No. 3, as Prime Minister. If 20 would have been reduced by 10-12, where would have they been? They have got a mandate but 'zero' for Odisha. In no field -- some pittance, they gave in tourism — they have given to Odisha even when a State believed in a change, believed that probably, they will do better than Naveen Patnaik. Naveen Patnaik's tenure as the Chief Minister for five terms left the State with a surplus of Rs. 46,000 crores. It was not bankrupt; it was not as bankrupt as Andhra was. In spite of that, in spite of our fiscal management, repeatedly, we have been neglected even during our five terms. I don't know how many times, they came running to Naveen Patnaik's knees for their Government's sake. We supported them. They forgot that. Just to win an election, such wrong narratives, such unparliamentary aspersions on a leader like Naveen Patnaik about this health, what standard has the Indian politics gone to? Okay; you have won. We accept the verdict. But then what have you done for Odisha? Is there a revision of the coal royalty which you have been seeking for so long? Where are the Highways? If you go to the State, there is not a single National Highway you can travel on. But, with pride, I say, look at our State Highways. Look at the Biju Expressway. It is an example in this country. Look at all the State roads. I don't know why there is this regional imbalance. Look at Eastern India. There is neglect of Bengal, neglect of Odisha, neglect of Chhattisgarh, neglect of Jharkhand. Bihar now ठीक है, नहीं तो बिहार आपको पलट देगा, इसलिए बिहार को अभी मस्का लगाओ। So, there is this aspect. What kind of a Budget is this? This Budget is just like appeasing two States. The State of Odisha, under Naveen Patnaikji, from the bottom level of poverty has come to the top. It has helped security in the State. Under him, the food production went to surplus, from minus, and the State sends foodgrains. When the biggest national disaster happened in 1999, the State was devastated. The people were sending from clothes to ration to Odisha because it was so badly destroyed by the supercyclone. In the next 20-25 years, when other States faced the Covid disaster, they needed oxygen. When we were getting old clothes for help from others, we sent oxygen to many States. This is how he had managed, and yet there is no mention of Odisha anywhere.

Content Page

We need to reach telecommunication network everywhere as we have 22 per cent tribal population and we do have the Left-Wing Extremism to tackle with. We have been asking the Central Government, after highways and railway connectivity, that telecommunication has to reach every nook and corner of the State. Banks need to be opened up everywhere in Odisha but this demand is, repeatedly, falling in deaf ears. When it comes to floods and national disasters, I think, no other State has so many natural disasters as Odisha has. We have never been given adequate support by the Centre and when the Central Government offered something meagre, Naveen *Babu* could tell them in the face that the State has its own resources; we don't need your pittance. You gave money for flood mitigation to six States. I won't name them; they deserve it. But what did they give to Odisha? When it comes to Polavaram project, it is funded by the Centre. What happens if it begins, Koraput will be submerged in water. There is a river which originates in Odisha. But there is no discussion about Mahanadi with us. Chhattisgarh has an engine, the Centre has an engine and Odisha has an engine. There are three engines, still it is not working. I don't think there is any such thing like engine. Probably, these engines which run in Darjeeling, etc., are redundant from the British Era. There are major minerals in Odisha -- iron ore, coal, bauxite, manganese and chrome. If coal does not go from Odisha to other States, I think, 50 per cent of this country will have no electricity. The whole country won't be able to produce steel without iron ore and aluminium without bauxite. There are Jharkhand, Bihar, Bengal and Odisha which contribute a major source of minerals for this country, which go for industrialisation all over. What do we get in return? We have been repeatedly asking for royalty revision. Of course, I thank the Supreme Court. They have passed a monumental judgement saying that States can levy their own taxes on minerals and that was Naveen Patnaik's demand to the Centre which was never considered. But, today, we thank the Supreme Court for giving the States this right to levy taxes on the properties of the States where minerals are found. We are contributing to the national exchequer in so many ways. It is Odisha's minerals on which the Centre receives crores and crores of rupees. But what do they give to Odisha? Look at the revenue of the Railways. Evacuation of minerals from Odisha earns a whopping amount of money for the railways. What do they give us? What is there in this Budget itself? Our Railway Minister should be grateful to BJD because he has come here in this House because of BJD. But where is Odisha? On tendu leaves, you have 18 per cent GST. What is this? Can somebody put some sense? Tendu leaves are collected by means of hard labour. You have 1 per cent GST on diamond, 3 per cent GST on gold. डायमंड वाले एंटीगुआ में भाग गए, उनको आप पकड़ कर नहीं ला पा रहे हैं और इधर इंश्योरेंस में 18 परसेंट, लाइफ

इंश्योरेंस में 18 परसेंट, मेडिकल इंश्योरेंस में 18 परसेंट, यह क्या हो रहा है? *This is absolutely insensitive and irresponsible. This is not democracy. This is autocratic. We are a federal democracy where States need to be heard. It is not that we are asking for something, or, we are begging. Give us our rights. We contribute, but what do we get in return after you get a mandate? It is zero; zero to Odisha. This Government just talks double engine and triple engine. I don't know whether they have heard or not, but they are redundant engines now. I don't know if they understand. They were like Second World War engines or something. Today, in this House, the Opposition is more than the ruling side. You don't allow the opposition to talk. Let the President's election come and then you will see. It is not far away. It is not only my view about neglecting of States, but there are so many regional parties here. We know our neglect. Look at Bengal. It does not exist as a State for them. Look at Maharashtra, which gives the highest tax revenues to the country. It is only Gujarat for them. I met some people from Uttar Pradesh. They said that Uttar Pradesh has been taken over by Gujaratis. अयोध्या के contract गुजराती को, बनारस में गुजराती को. So, somebody has to correct this system. I am sure, after this mandate, where Modi Government is just managed, the writing on the wall is very clear. If they don't mend their ways, they will definitely be thrown out in the next election.

THE VICE CHAIRPERSON (MS. KAVITA PATIDAR): Please conclude, hon. Member. Your time is over.

SHRI DEBASHISH SAMANTARAY: I would conclude by saying that the regional aspirations should be addressed. There is time; there is chance. Even a friend from us spoke about it. Please go back to your tables. Take this country as a whole; take this democracy. Don't behave like rightists. There is always a left, a centre and a right in a democracy. We are not only rights here. Therefore, before I conclude, I would like to say that I don't support this Budget, and I request with humility that this Government should realise the regional aspirations of this country. Thank you.

**उपसभाध्यक्ष (सुश्री कविता पाटीदार):** माननीय सदस्य, श्री संजय यादव।

SHRI SANJAY YADAV (Bihar): Thank you, Madam, for giving me this opportunity to speak. It is my privilege and pleasure to be in this august House in the presence of learned politicians from across the country cutting across all the parties and

---

* Expunged as ordered by the Chair.

ideologies. मुझे यह जिम्मेवारी और अवसर देने के लिए मैं सामाजिक न्याय के पुरोधा श्री लालू प्रसाद यादव जी और हमारे नेता तेजस्वी यादव जी को भी धन्यवाद देना चाहूंगा। उपसभाध्यक्ष महोदय, इस बजट के लिए मैं यह कहना चाहूंगा कि यह बजट खाली पेटों के लिए नहीं, सिर्फ धन्ना सेठों के लिए है। यह बजट उनके लिए नहीं, जो मजबूर और गरीब हैं, यह बजट उनके लिए है, जो मजबूत और सत्ता के करीब हैं। यह बजट वंचित, उपेक्षित, उत्पीड़ित, दलित, पिछड़ा और अल्पसंख्यक के विकास के लिए नहीं, बल्कि उनके उपहास के लिए है। इस बजट में यह नहीं बताया गया है कि पूरे देश में बेरोजगारी क्या है, बेरोजगारी की दर क्या है? हमारे कितने ग्रेजुएट्स बेरोजगार हैं, हमारे कितने इंजीनियर्स बेरोजगार हैं, तो इसलिए मैं यह कहना चाहूंगा कि युवाओं के सपनों का मरघट है यह बजट, असत्य और जुमलों का जमघट है यह बजट।

उपसभाध्यक्ष महोदय, अर्थव्यवस्था को लेकर बहुत बातें हुईं। हम विश्व की पांचवें नंबर की अर्थव्यवस्था हैं। हम इससे ऊपर भी जा सकते हैं और समय के साथ जाएंगे भी। लेकिन पांचवें नम्बर की अर्थव्यवस्था होने की खुशफहमी में हम यह भूल जाते हैं कि प्रति व्यक्ति आय में हम 197 देशों में से 142वें नम्बर पर हैं। प्रति व्यक्ति आय में हम अफ्रीकी देश अंगोला से भी कम हैं। देश में सिर्फ एक प्रतिशत लोगों के पास देश की 40 प्रतिशत सम्पत्ति है और देश के 10 प्रतिशत लोगों के पास देश की 77 प्रतिशत सम्पत्ति है, यानी हमारे देश में आय और सम्पत्ति का एक समान वितरण नहीं है। महोदया, हमें इस दिशा में भी सोचना होगा।

मानव प्रगति और आर्थिक प्रगति दोनों अलग-अलग विषय हैं। मानव प्रगति में हम मानवीय पहलुओं को नज़रअंदाज नहीं कर सकते, मानवीय प्रगति में हम लोगों की सामाजिक-आर्थिक स्थिति, बराबरी और गरीबी को आंकते हैं, लेकिन आर्थिक प्रगति में हम सिर्फ धन के संचय पर ही केंद्रित रहते हैं। इसलिए धन के संचय के साथ-साथ मानवीय विकास की भी बातें होनी चाहिए।

महोदया, इस बजट में किसानों को लेकर कुछ स्पष्ट नहीं था। किसानों को उनकी फसल का उचित दाम नहीं मिल पाता, इस बजट में एमएसपी को लीगलाइज करने की कोई बात नहीं है। ये लोग फसल की कीमत 100 रुपए बढ़ाकर कहते हैं कि हमने किसानों का भला किया है, लेकिन ये नहीं बताते कि खाद की बोरी की कीमत 200 रुपए बढ़ा दी है। इसके साथ ही बोरी का वजन भी घटा देते हैं।

महोदया, बिहार के विशेष पैकेज को लेकर काफी बातचीत हुई है। सब लोगों ने कहा है कि बिहार को पता नहीं अलग से क्या मिल गया, उसको विशेष पैकेज दे दिया है। इन्होंने बिहार के विशेष पैकेज की री-पैकेजिंग की री-पैकेजिंग और फिर री-पैकेजिंग की, नई री-पैकेजिंग की है। यह वही बात हुई कि चार आने को एक रुपया बता देने से चार आना एक रुपया नहीं होता, वह चार आना ही रहता है। मैं बिहार के पैकेज को लेकर यही कहना चाहूंगा कि सिलेबस और किताब वही है, सिर्फ उसका जिल्द बदला है। हर साल ये बिहार के विकास को लेकर सिर्फ जिल्द बदलते हैं, सिर्फ रैपर चेंज करते हैं और कुछ नहीं बदलता है। वर्ष 2015 में आदरणीय प्रधान मंत्री जी ने काफी ड्रेमेटिक अंदाज में बिहार के लिए विशेष पैकेज की घोषणा की थी, करीब 1 लाख, 25 हजार करोड़ रुपए की और 40 हजार करोड़ रुपए उसमें अन्य निवेश, जैसे cherry on cake होता है, वैसे ही 1 लाख, 25 हजार करोड़ के अलावा 40 हजार करोड़ उन्होंने विशेष निवेश के लिए निर्धारित किए थे, इन फैक्ट आवंटित किए थे। अब इस बजट में इन्होंने हाईवेज के लिए 26 हजार करोड़ रुपए बिहार के लिए आवंटित किए हैं और 2015 में 54,713 करोड़ रुपए आवंटित किए थे।

हम पूछना चाहते हैं कि जो उस वक्त 54,713 करोड़ रुपए आपने बिहार के हाईवेज के लिए निर्धारित, आवंटित किए थे, उसका क्या हुआ? अब आप 26 हजार करोड़ रुपए दोबारा से दे रहे हैं। उस वक्त 2015 में बिहार के एयरपोर्ट के डेवलपमेंट के लिए आपने 2,700 करोड़ रुपए आवंटित किए थे। इस बजट में फिर आप नए एयरपोर्ट्स की बात कर रहे हैं। उस बजट में आपने ढाई सौ करोड़ रुपए रक्सौल में एयरपोर्ट के विकास और निर्माण के लिए निर्धारित किए थे। महोदया, वहां पर आज तक 9 वर्ष में एक ईंट भी नहीं लगी है। फिर आप एयरपोर्ट के लिए धन आवंटित कर रहे हैं। आपने बांका में अल्ट्रा मेगा पावर प्रोजेक्ट के लिए 2015 में 20 हजार करोड़ रुपए आवंटित किए, फिर अब बांका से बगल वाले जिले भागलपुर में, जो कि उससे सटा हुआ है, अब इसके लिए आपने 21 हजार, 400 करोड़ रुपए थर्मल पावर प्लांट के लिए आवंटित किए हैं। आपने 2015 में बांका में अल्ट्रा मेगा पावर प्रोजेक्ट के लिए 20 हजार करोड़ रुपए आवंटित किए थे और अब आप 21 हजार 400 करोड़ रुपए भागलपुर के लिए आवंटित कर रहे हैं। जिला चेंज हो गया, 20 हजार करोड़ से 21 हजार, 400 करोड़ रुपए हो गया, लेकिन उसका कुछ नहीं हुआ। ...(**व्यवधान**)...

**उपसभाध्यक्ष (सुश्री कविता पाटीदार)**: प्लीज, आप लोग अपनी सीट से बैठे-बैठे मत बोलिए। उनको बोलने दीजिए।

**श्री संजय यादवः** महोदया, बिहार को विशेष राज्य का दर्जा देने की हमारी पुरानी मांग है। 2002 में तत्कालीन मुख्य मंत्री श्रीमती राबड़ी देवी जी ने तत्कालीन प्रधान मंत्री श्री अटल बिहारी वाजपेयी जी से विशेष राज्य का दर्जा देने की मांग की थी। तब से लेकर अब तक हमारी लगातार यह मांग रही है। अभी कुछ दिन पूर्व नीति आयोग की एक रिपोर्ट आई, संस्टेनेबल डेवलपमेंट इंडेक्स, सतत विकास के लक्ष्य का जो सूचकांक था, वह प्रकाशित हुआ। मैं सभी माननीय सदस्यों से कहना चाहूंगा कि बिहार के संदर्भ में आपको नीति आयोग की वह रिपोर्ट पढ़नी चाहिए।
हम उसमें किन-किन सूचकांक में पीछे हैं। महोदया, सतत विकास के लक्ष्य के जो सूचकांक हैं, उनको पैमाना मानते हुए बिहार को विशेष राज्य का दर्जा देने के लिए सभी को एक स्वर से मांग उठानी होगी।

महोदया, बिहार में 15 वर्षों से अधिक एनडीए की सरकार रही है, 10 वर्षों से डबल इंजन की सरकार है, लेकिन इन्हीं के नीति आयोग के पैमाने पर बिहार समावेशी विकास की दौड़ से बाहर है। बिहार इन 15 वर्षों और 10 वर्षों में सतत विकास के लक्ष्यों को हासिल करने में बिल्कुल फिसड्डी बना हुआ है और 'सबका साथ-सबका विकास' सिर्फ एक जुमला मात्र रह गया है। एक तरफ नीति आयोग के एसडीजी गोल सूचकांक में जहाँ राष्ट्रीय औसत 71 है, वहीं बिहार का सबसे नीचे 57 है और यह ईयर ऑन ईयर नीचे जा रहा है। गरीबी उन्मूलन में बिहार का स्कोर देश में सबसे न्यूनतम 39 है, जबकि राष्ट्रीय औसत 72 है।

महोदया, शून्य भुखमरी में भी बिहार सबसे नीचे है। इसमें बिहार का स्कोर 24 है। क्वालिटी एजुकेशन और लैंगिक समानता में भी बिहार देश में सबसे पीछे है, असमानता कम करने के क्षेत्र में भी बिहार के अंक कम हैं। इस तरह से यदि कुल मिलाकर देखें, तो राष्ट्रीय प्रतिस्पर्धा में बिहार कहीं नहीं दिख रहा है। राज्य की नीतियाँ बगैर लॉंग टर्म गोल्स के साथ बनाई जा रही हैं, उनका क्रियान्वयन भी भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ा हुआ है। किस तरह से पुल गिर रहे हैं - यह सबने देखा है।

Content Page

महोदया, पिछले दस वर्षों में बिहार को केंद्र सरकार से अपेक्षित सहयोग नहीं मिला है, इसलिए हम कहेंगे कि बिहार को विशेष राज्य का दर्जा अवश्य ही देना चाहिए और यह विशेष पैकेज़ नए रैपर में बदलकर मत दीजिए, आप उसे अभी आवंटित कीजिए और एक टाइम लिमिट के साथ आवंटित कीजिए कि इस समय में, इस पर्टिकुलर सैक्टर में आपको यह धनराशि मिली है, इसलिए उसका क्रियान्वयन और इम्प्लिमेंटेशन हो।

उपसभाध्यक्ष महोदया, जैसाकि मैंने कहा है कि हमारा देश युवाओं का देश है, हमारे देश में सबसे अधिक आबादी युवाओं की है, लेकिन यहाँ बेरोजगारी एक गंभीर मुद्दा है। विगत 10 सालों में हमारे देश में बेरोजगारी दर 5.04 प्रतिशत से बढ़कर 9.02 हो गई है, जो कि अत्यधिक चिंताजनक बात है। भारत में बेरोजगारी के आंकड़े तो सरकार ने बजट में नहीं दिए हैं, लेकिन हमारे पास जो आंकड़े हैं, उनके मुताबिक आज देश में जो बेरोजगार लोग हैं, उनमें 83 परसेंट बेरोजगार युवा हैं। महोदया, जो आधे से अधिक इंडियन ग्रेज्युएट्स हैं, वे बेरोजगार हैं, यानी जो हर दूसरा ग्रेज्युएट है, वह बेरोजगार है। महोदया, पढ़े-लिखे युवाओं में बेरोजगारी दर 65.07 परसेंट है। ग्रामीण क्षेत्रों में सिर्फ 17.05 परसेंट युवाओं के पास ही काम है। यानी कि गाँव में रहने वाले, ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले 83 फीसदी युवा बेरोजगार हैं, उनके पास कोई काम नहीं है। महोदया, ऐसा नहीं है कि बेरोजगारी दूर नहीं की जा सकती है। बिहार में हमारी 17 महीने की महागठबंधन की सरकार ने उसे दूर करके दिखाया है। बिहार में तेजस्वी मॉडल के तहत महज 17 महीनों में हमने 4 लाख से अधिक सरकारी नौकरियाँ दीं, 3 लाख से अधिक सरकारी नौकरियाँ प्रक्रियाधीन करवाईं। अगर बिहार जैसा कम संसाधन वाला पिछड़ा प्रदेश 17 महीनों में एक युवा उप मुख्यमंत्री की इच्छाशक्ति के दम पर 4 लाख नौकरियाँ दे सकता है, 3 लाख नौकरियाँ प्रक्रियाधीन करवा सकता है, तो हम देश भर में 10 सालों में करोड़ों नौकरियाँ क्यों नहीं दे पाए, जबकि देश में 30 लाख पद रिक्त हैं? उन पदों को भरने की दिशा में भी इस बजट में कोई जिक्र नहीं है।

[**उपसभाध्यक्ष (श्रीमती प्रियंका चतुर्वेदी)** *पीठासीन हुईं।*]

उपसभाध्यक्ष महोदया, पूरा देश यह जानता है कि लालू जी के शासन से पहले बिहार में गैर बराबरी का बोलबाला था। पिछड़े, गरीब, दलित, वंचित वर्ग के लोग सामाजिक पायदान में बड़े लोगों के सामने खाट पर नहीं बैठ सकते थे, लेकिन लालू जी ने सामाजिक न्याय के जरिए बराबरी का कुआँ और बराबरी की खाट दी और अब हमारे नेता तेजस्वी जी का मिशन आर्थिक न्याय के जरिए इन लोगों को बराबरी की खाट देने का है।

उपसभाध्यक्ष महोदया, इस सरकार का क्या कहें? दस वर्ष पूर्ण बहुमत के शासन के बाद भी ये अपने भाषणों और बजट में अपनी उपलब्धियों के बखान की बजाय सिर्फ विपक्ष की निंदा और उसकी आलोचना में अपना समय ज़ाया करते हैं। शायद विपक्ष की निंदा करने से इन्हें अपनी शासकीय कमियों, खामियों, असफलताओं को छिपाने में मदद मिलती होगी, लेकिन इस विपक्ष की आलोचना और निंदा से जनता का कोई भला नहीं होने वाला है और जनता ने इस चुनाव में यह अच्छे से बता भी दिया है। महोदया, जनता मुर्दों की नहीं, मुद्दों की बात करना चाहती है, लेकिन ये क्या करते हैं, ये गड़े मुर्दे उखाड़ने में लगे रहते हैं और जनता के मुद्दों को दफन कर देते हैं। अभी

देश में क्या हाल हो रहा है? हम सबने देखा कि अभी उत्तर प्रदेश में हालिया घटना क्या हुई। क्या खतरनाक ट्रेंड हो रहा है, कैसा खतरनाक बंटवारा कर रहे हैं! ये फल वालों को नाम की तख्ती लगाने की ताकीद कर रहे हैं। एक फल बेचने वाला अपना फल बेचने को स्वतंत्र नहीं, तो समझो उस जगह लोकतंत्र नहीं। हम अपना भविष्य कहाँ ले जा रहे हैं, छात्रों-युवाओं और आने वाली पीढ़ी को क्या सिखा रहे हैं? वह दिन दूर नहीं जब ये लोग बच्चों को 'अ' से अनार, 'आ' से आम की जगह 'अ' से अनिल का अनार और 'आ' से आसिफ का आम पढ़ाना शुरू कर देंगे। महोदय, सत्ता के लिए ये सबको सता रहे हैं। यह धर्म के नाम पर बंटवारा, जाति के नाम पर बंटवारा न हमारे देश की संस्कृति है, न यह हमारी सामाजिक विरासत है और न ही हमें यह सब मानवता और इन्सानियत सिखाती है। यहाँ से कुछ ही दूरी पर इंडिया गेट है। आप इंडिया गेट पर जाकर देखिए, वहाँ पर जो शहीदों के नाम लिखे हैं, उनमें सबसे अधिक मुसलमानों के नाम हैं, सिखों के नाम हैं, किसानों के परिजनों के नाम हैं। इस देश की जंग-ए-आज़ादी में जिन्होंने सबसे अधिक कुर्बानी दी, आप उन्हें ridicule करते हैं, आप उन्हें दोयम दर्जे का नागरिक बनाना चाहते हैं। मुंशी प्रेमचंद ने भी कहा है कि किसी के दीन की तौहीन करने से बड़ा कोई और गुनाह नहीं है। महोदय, लोगों को धर्म के नाम पर बांटना भी सबसे बड़ा अधर्म है। मानवता को बांटने वालों को छांटना होगा और जनता ने इसकी शुरुआत इस लोक सभा चुनाव से कर दी है। इस चुनाव में 64 करोड़ मतदाताओं में से 41 करोड़ मतदाता सामाजिक न्याय, धर्म निरपेक्षता, अमन, चैन, शांति और संविधान की इस धारा के साथ खड़े रहे। अंत में, मैं इतना कहना चाहूँगा कि इन जय धनवान बोलने वालों को हम जय संविधान बोलते हैं और अपनी बात को समाप्त करते हैं, जय हिंद, जय भारत, जय बिहार, सत्यमेव जयते।

THE VICE CHAIRPERSON (SHRIMATI PRIYANKA CHATURVEDI): Shri C.Ve. Shanmugam. He is not there. Dr. Medha Vishram Kulkarni. This is your maiden speech.

**डा. मेधा विश्राम कुलकर्णी** (महाराष्ट्र): धन्यवाद उपसभाध्यक्ष महोदया। मैं अपना भाषण मराठी में देना चाहूंगी।

THE VICE CHAIRPERSON (SHRIMATI PRIYANKA CHATURVEDI): I request everyone on this side to please be silent. Please listen to her maiden speech. Please continue.

**डा. मेधा विश्राम कुलकर्णी:** * "मैं माननीय नरेन्द्र मोदी जी को उनके तीसरे कार्यकाल के लिए हार्दिक बधाई देती हूं। साथ ही मैं माननीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण जी को भी इस बजट को बहुत अच्छे तरीके से पेश करने के लिए बधाई देती हूं। मेरा मानना है कि यह बजट निश्चित रूप से

* English translation of original speech delivered in Marathi.

देश के सभी राज्यों को प्रगति की दृष्टि से, भारत को विकास के पथ पर, प्रगति के पथ पर ले जाने के लिए एक पूरक के रूप में काम करेगा। राष्ट्रपति महोदया ने अपने संबोधन में कहा, ये सदी भारत की सदी है, यह बजट विकास भी और विरासत भी के उद्देश्य से तैयार किया गया है, जो इस मुहावरे को सार्थक करता है। इसमें बिना किसी प्रकार के पाखंड के देश के सभी राज्यों के लिए पर्याप्त प्रावधान किया गया है। देश के विकास में हर राज्य शामिल है, मैं महाराष्ट्र से आती हूं। महाराष्ट्र एक बहुत ही प्रगतिशील राज्य है जहाँ से छत्रपति शिवाजी महाराज ने एक बार तत्कालीन मुगल सरकार, भारत पर अत्याचार करने वाले अत्याचारियों के खिलाफ लड़ाई लड़ी थी और हिंदू स्वराज की स्थापना की थी। मैं महाराष्ट्र से आती हूं जहां इस स्वराज के झंडे को श्रीमंत बाजीराव पेशवा ने बुलंद किया था। महाराष्ट्र की इसी धरती ने देश को स्वतंत्रता सेनानी सावरकर, लोकमान्य तिलक, अहिल्याबाई होल्कर, डॉ. बाबा साहेब अम्बेडकर आदि दिए। हम सभी को निश्चित रूप से महाराष्ट्र पर गर्व है, जिसने देश को ऐसी महान हस्तियां दी हैं। और इसी महाराष्ट्र के लिए माननीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण जी द्वारा इस बजट में बहुत बड़ा प्रावधान किया गया है। लेकिन जिन लोगों को पीलिया होता है उन्हें हमेशा पीला रंग दिखाई देता है। दरअसल खोट उनकी नजरों में है, उनके नजरिए में है और इसीलिए उन्हें दुनिया पीली दिखती है। लेकिन उन्होंने ये आरोप लगाया, इस सदन के एक माननीय सदस्य हैं, चैनल पर बोलते हुए वे हमेशा जानकारी देते हैं और हर बार गलत जानकारी देते हैं। उन्होंने इस तरह से बेहद हल्का बयान दिया कि यह बजट लोकसभा नतीजों से प्रभावित है। मैं उनका नाम नहीं लूंगी। साथ ही उन्होंने यह भी बयान दिया कि इस बजट में सरकार ने पिछले दस साल के बजट में महाराष्ट्र को क्या दिया है? दरअसल, हमें ऐसे लोगों की मानसिकता के बारे में बात नहीं करनी चाहिए. लेकिन मैं कहना चाहूंगी कि हम महाराष्ट्रवासी जो छत्रपति शिवाजी महाराज को आदर्श मानते हैं और माननीय प्रधान मंत्री जो उसी आदर्श के साथ देश में काम कर रहे हैं, उनके मन में ऐसा विचार कभी नहीं आएगा। मैं इस बात पर जोर देना चाहती हूं कि यह विचार केवल औरंगजेब फैन क्लब में ही आ सकता है।" ...(**व्यवधान**)...

**श्रीमती रजनी अशोकराव पाटिल** (महाराष्ट्र): मैडम ...(**व्यवधान**)...

THE VICE CHAIRPERSON (SHRIMATI PRIYANKA CHATURVEDI): Madam, please speak on the Budget. ...(*Interruptions*)...

**डा. मेधा विश्राम कुलकर्णी** : मैंने किसी के ऊपर...(**व्यवधान**)...किसी पर्टिकुलर ...(**व्यवधान**)...

THE VICE CHAIRPERSON (SHRIMATI PRIYANKA CHATURVEDI): Please be seated. ...(*Interruptions*)... Let her speak. ...(*Interruptions*)...

**डा. मेधा विश्राम कुलकर्णी: अगर कोई ऐसा आरोप कर सकता है, तो खुद को जांचना चाहिए।** ...(**व्यवधान**)...

THE VICE CHAIRPERSON (SHRIMATI PRIYANKA CHATURVEDI): Madam, one minute. ...(*Interruptions*)... Please stick to the Budget.

**डा. मेधा विश्राम कुलकर्णी :** "महाराष्ट्र में छह लाख करोड़ के इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट केंद्र की ओर से महाराष्ट्र के लिए दिए गए हैं। मैं रेलवे से शुरू करती हूं। रेल मंत्रालय द्वारा महाराष्ट्र के लिए दिया गया बजट 15 हजार, 940 करोड़ रुपये है। इस सरकार ने महाराष्ट्र के लिए इतना बड़ा प्रावधान किया। 2009 से 2014 तक की अवधि में जो सरकार थी, उसने सिर्फ 1100 करोड़ रुपये दिये। उससे तेरह गुना प्रावधान इस सरकार ने रेलवे के लिए किया है। 2009 से 2014 के बीच शून्य किलोमीटर तक विद्युतीकरण किया गया। कोरोना टीकाकरण शून्य हो गया है, शून्य नहीं है, आपके समय में शून्य है। लेकिन अब मेरे राज्य में 351 किमी की रेलवे विद्युतीकरण परियोजनाएं चल रही हैं। महाराष्ट्र में 5847 किमी लंबी 41 रेलवे परियोजनाएं नई शुरू की गई हैं। इसके लिए 81 हजार, 850 करोड़ रुपये का फंड रखा गया है। अमृत भारत योजना के तहत महाराष्ट्र में 128 रेलवे स्टेशनों का विकास किया गया है। पहले देखा जाए तो ट्रेन से यात्रा करना नारकीय यातना थी। अब देखा जाए तो सभी रेलवे स्टेशन साफ सुथरे हैं। हवाई अड्डों की तरह रेलवे स्टेशनों की सूरत भी बदल गई है। रेलवे अंडरपास और ओवर ब्रिज की संख्या 921 है। रेलवे पर इतनी बड़ी धनराशि खर्च की गई है। अब मैं आपको हवाई अड्डों के बारे में बताती हूं। आपने सुना ही होगा उड़े देश का आम नागरिक। प्रत्येक नागरिक को हवाई यात्रा करने, यथाशीघ्र अपने इच्छित स्थान पर पहुँचने, व्यवसाय वृद्धि के लिए कम से कम दूरी तय करके अपने इच्छित स्थान पर पहुँचने का अधिकार है। यही कारण है कि माननीय प्रधान मंत्री के नेतृत्व में सरकार ने हवाईअड्डों का निर्माण किया है, और महाराष्ट्र इससे वंचित नहीं है। अगर हम महाराष्ट्र के बारे में सोचें तो शिर्डी होगा, कोल्हापुर होगा, कई नए हवाई अड्डे बनाए गए हैं। साथ ही पुणे हो या नागपुर, हवाईअड्डों के विस्तार ने भी यह गति पकड़ी है। पुणे जिले के पुरंदर में जल्द ही एक नया हवाई अड्डा बनाया जाएगा। नवी मुंबई में भी एयरपोर्ट बनाया जाएगा। मैं इस बात पर जोर देना चाहूंगी कि केंद्र सरकार के माध्यम से बड़ी मात्रा में धन उपलब्ध कराया जा रहा है। आइए मेट्रो के बारे में सोचें। अब इस जगह पर बहुत कम लोग हैं। मैं पुणे से आई हूँ। पुणे शहर में एक तत्कालीन सांसद थे। इन सांसद का नाम आपने कॉमनवेल्थ गेम्स घोटालों में सुना होगा। इन सांसद ने हर बार पुणे को धोखा दिया, हर बार उन्होंने वादा किया कि हम पुणे में मेट्रो लाएंगे, हम मोनोरेल लाएंगे। हर साल वादे किये गये, धन मुहैया कराया गया और फिर मुंह फेर लिया। उन्होंने ये काम किया और इसकी वजह से पुणे का ट्रैफिक पूरी तरह से बाधित हो गया है। ये सफ़ाई कब संभव हुई, कब सफ़ाई शुरू हुई, 2014 में केंद्र में माननीय नरेन्द्र मोदी जी की सरकार थी और जब राज्य में देवेन्द्र फड़णवीस की सरकार आई तो पुणे की शक्ल बदलने की कोशिशें शुरू हो गईं। आज पुणे में मेट्रो नेटवर्क तैयार किया जा रहा है, केंद्र सरकार की ओर से मेट्रो के लिए 814 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। मुंबई मेट्रो के लिए 1087 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं। 2014 से पहले महाराष्ट्र में मेट्रो नेटवर्क केवल 11 किमी था। सिर्फ 11 किलोमीटर, और अब मैं बताना चाहती हूं कि महाराष्ट्र में मेट्रो की लंबाई तीस किलोमीटर है। केंद्र सरकार के माध्यम से नागपुर मेट्रो के लिए 683 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। निकटवर्ती सुविधाओं के लिए कितनी धनराशि प्राप्त हुई? नरेन्द्र

Content Page

मोदी सरकार ने मुंबई के लिए दो लाख करोड़ का प्रावधान किया है. एमएमआर ग्रीन अर्बन प्रोजेक्ट के लिए 150 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं। ये आंकड़े मैं जानबूझ कर बता रही हूं क्योंकि हर बार जिनको पीलिया हो जाता था, वे बाहर जाकर चैनल वालों को बताते थे और चैनल वालों के माध्यम से वे लोगों के दिमाग में ये बात भर देते थे कि महाराष्ट्र को कुछ नहीं दिया गया, महाराष्ट्र को कुछ नहीं दिया गया। मैं बताना चाहती हूं कि महाराष्ट्र को क्या दिया गया है और इसलिए मैं कहती हूं कि एमएमआर ग्रीन अर्बन प्रोजेक्ट के लिए महाराष्ट्र को 150 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं। दिल्ली देश की राजधानी है और मुंबई देश की वित्तीय राजधानी है। इन दोनों को जोड़ने वाली एक बहुत ही भव्य परियोजना, मुंबई दिल्ली इंडस्ट्रियल कॉरिडोर, के लिए केंद्र सरकार के माध्यम से 499 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। MUTP-3 मुंबई के आसपास के उपनगरों, विरार, दहानू को जोड़ने के लिए 64 किलोमीटर लंबा गलियारा है और केंद्र सरकार ने 908 करोड़ रुपये आवंटित किए हैं।" ...(**व्यवधान**)... Let me speak. ...*(Interruptions)*... Let me speak. ...*(Interruptions)*...

THE VICE CHAIRPERSON (SHRIMATI PRIYANKA CHATURVEDI): Please. ...*(Interruptions)*... I can handle that. ...*(Interruptions)*... I can handle my job. ...*(Interruptions)*...

**डा. मेधा विश्राम कुलकर्णी :** "बस आप जोड़ें, पंजीकरण करें और फिर मुझे बताएं कि यह कितना था। ठाणे बोरीवली टनल को भारत की सबसे बड़ी परियोजना बनाने के लिए केंद्र सरकार के माध्यम से 16000 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। बंदरगाह परियोजना एक अत्यंत महत्वाकांक्षी एवं दूरदर्शी परियोजना है। प्रधानमंत्री गतिशक्ति योजना और सागरमाला परियोजना के तहत महाराष्ट्र को मिले फंड की बात करें तो सागरमाला योजना के लिए महाराष्ट्र को 1 लाख, पांच हजार करोड़ रुपये मिले हैं. और उसमें से 76 हजार, 220 करोड़ रुपये बंदरगाह के विस्तार के लिए उपलब्ध कराये गये हैं। मुझे नहीं लगता कि मेरे राज्य को किसी एक प्रोजेक्ट के लिए केंद्र सरकार से इतनी बड़ी धनराशि मिली हो। प्रधान मंत्री जी एवं माननीय वित्त मंत्री जी को हार्दिक बधाई एवं हार्दिक धन्यवाद। आइए मैं आपको बताती हूं कि इस प्रोजेक्ट के साथ क्या होने वाला है। यह परियोजना पालघर जिले में तट पर स्थित है। वहां एक गहरे समुद्री बंदरगाह का निर्माण किया जा रहा है और यह न केवल महाराष्ट्र बल्कि देश का सबसे बड़ा कंटेनर बंदरगाह होगा। उस स्थान पर बीस फीट लंबाई के 24 हजार कंटेनरों का कारोबार होता रहेगा और यहां दो लाख नौकरियां पैदा होंगी। आज नौकरियों की कोई कमी नहीं है, युवा रोजगार के लिए आकर्षित हो रहे हैं। इधर किसी ने हाल ही में कहा कि कैंटीन में नौकरी के लिए 15 पदों के लिए इतने सारे आवेदन आए हैं। प्राइवेट सेक्टर में भी इतनी नौकरियाँ क्यों उपलब्ध हैं? युवाओं को सिर्फ अपनी तत्परता दिखानी चाहिए। यहां इतना बड़ा प्रोजेक्ट हो रहा है।"

**श्रीमती जया अमिताभ बच्चन** : महोदया ...(**व्यवधान**)...

**श्रीमती रजनी अशोकराव पाटिल** : महोदया ...(**व्यवधान**)...

**उपसभाध्यक्ष (श्रीमती प्रियंका चतुर्वेदी )** : आप बैठिए। **...(व्यवधान)...**

**डा. मेधा विश्राम कुलकर्णी** : मैं महाराष्ट्र पर बात कर रही हूँ, आपको सुनना पड़ेगा। **...(व्यवधान)...**

**उपसभाध्यक्ष (श्रीमती प्रियंका चतुर्वेदी)**: यह उनकी maiden speech है। **...(व्यवधान)...**

**डा. मेधा विश्राम कुलकर्णी**: मैं महाराष्ट्र पर जवाब दे रही हूँ। आपको सुनना पड़ेगा। **...(व्यवधान)...**

**उपसभाध्यक्ष (श्रीमती प्रियंका चतुर्वेदी)**: रजनी जी, ...(**व्यवधान**)... रजनी जी, आपको समय मिलेगा, तब आप उनका जवाब दीजिएगा। ...(**व्यवधान**)...

**डा. मेधा विश्राम कुलकर्णी**: महोदया, आप मेरा समय स्टॉप कीजिए। **...(व्यवधान)...** मेरा समय स्टॉप कीजिए।

**उपसभाध्यक्ष (श्रीमती प्रियंका चतुर्वेदी)**: आप बोलिए। **...(व्यवधान)...** आप बोलिए।**...(व्यवधान)...** Madam, speak on the Union Budget. असैम्बली की बातें यहाँ पर नहीं होंगी।**...(व्यवधान)...**

**डा. मेधा विश्राम कुलकर्णी**; मैडम, यह यूनियन बजट पर है, आप सुन लीजिए, देख लीजिए।**....(व्यवधान)...**

THE VICE CHAIRPERSON (SHRIMATI PRIYANKA CHATURVEDI)**:** Please speak on the Budget. ***...(Interruptions)...*** Prafulji, please be seated. ***...(Interruptions)...*** Please be seated. ***...(Interruptions)...*** Yes, please. ***...(Interruptions)...*** Please. ***...(Interruptions)...*** You can speak in the Assembly, we are in the Rajya Sabha. ***...(Interruptions)...***

**डा. मेधा विश्राम कुलकर्णी** : "इससे रोजगार भी पैदा होंगे और अर्थव्यवस्था भी बढ़ेगी। इस स्थान पर क्षेत्र का विकास भी बड़े पैमाने पर किया जाना है इसलिए सभी को इस संबंध में सकारात्मक नीति बनानी होगी। अगले अंक की बात करें तो केंद्र द्वारा नाग नदी के पुनरुद्धार की योजना प्रदान की गयी है। मुला मुठा नदी के संरक्षण के लिए 690 करोड़ रुपये प्रदान किए गए हैं। हम सभी नदियों को अपनी मां मानते हैं, हम सभी की भावना है कि नदी साफ रहे और उसका पर्यावरण ठीक रहे, लेकिन माननीय नरेंद्र मोदी जी के 2014 मे आने से पहले इसके बारे में न तो सोचा गया और न ही कुछ किया गया। केवल गंगा के लिए ही नही, बल्कि देश के हर जिले की हर नदी के

seen it; I am clueless. Let Derek*ji* apprise me as to what Andhra Pradesh has got or Jairam Ramesh*ji*, who is an expert in drafting the AP Reorganisation Act. Bihar and Andhra Pradesh are allies of the ruling Party. Both JDU and TDP are allies of the NDA in forming the Union Government. The Union Government is there because of these two parties. ...(*Interruptions*)... Don't disturb me. When your turn comes, you can say whatever you want to say. Then,

5.00 P.M.

I have already dealt with fake news of yellow media. The fake news of yellow media shows that the Budget is for Andhra Pradesh and Bihar. I say unambiguously and assertively that the Budget may be for Bihar because they want to come back to power in Bihar, but they have already come to power in Andhra Pradesh. This is may be a Budget for Bihar, but definitely not a Budget for Andhra Pradesh. So, let INDIA parties rectify their mistake that they have committed and in the future discussions, let them not say this Budget is for the State of Andhra Pradesh. By saying so, they are helping the NDA parties. An amount of Rs.26,000 crores has been allocated for roads and highways in Bihar, but what has been given to Andhra Pradesh? It is a Rs.15,000 crore loan and that too, the Centre is arranging it. I do not know what Shri Jairam Ramesh has to say about this. Can a loan be treated at par with a grant? No. According to me, as a Chartered Accountant, it cannot be. Interest is paid by the State Government. Repayment is done by the State Government. What is that the Central Government doing? The Finance Minister has no clarity whether the exemption is being granted and whether the limit of borrowing power is being given over and above the FRBM limit. I do not know. There is no clarification in this regard. If at all that is a relaxation of the limit, even that cannot be treated as a grant. Industrial Notes, new airport, medical colleges and sports infrastructure - all this is for Bihar. I have no objection. You can give even more also. But, the hon. Finance Minister has said that funds will be provided for essential infrastructure in the State of Andhra Pradesh. This is what her budgetary statement is. How much is to be granted? What is the total fund that is going to be allocated for infrastructure in Andhra Pradesh and where is it going to concentrate? There is no clarity on that and no clarification has come from the hon. Finance Minister.

Now, coming to the Polavaram Project, the hon. Finance Minister did not give a clarification whether the Revised Project Cost, as approved by the Central Water Commission of Rs.55,000 crores, is going to be given to the State of Andhra Pradesh or not. There is no clarity on this. And, the Act has been so loosely drafted by my

friend, Shri Jairam Ramesh, that the present Central Government is now taking advantage of it. I will have to blame both, NDA parties as well as INDIA parties, particularly my friend, Shri Jairam Ramesh. *...(Interruptions)...* Both are responsible.

SHRI JAIRAM RAMESH: Sir, just one minute, I would like to clarify. The Andhra Pradesh Re-organization Act clearly says that the Polavaram Multipurpose Project will be implemented by the Central Government. It clearly states. However, the successive State Governments in Andhra Pradesh have taken the responsibility of implementing the Project. *...(Interruptions)...*

**वस्त्र मंत्री (श्री गिरिराज सिंह):** सभापति महोदय..(**व्यवधान**)...मंत्री जानते हैं। ..(**व्यवधान**)...

**श्री जयराम रमेश:** गिरिराज जी, आपको कोई जानकारी नहीं है, आप चुप रहिए। ..(**व्यवधान**)...आपको कोई जानकारी नहीं है। ..(**व्यवधान**)...

**श्री गिरिराज सिंह:** सभापति महोदय..(**व्यवधान**)...

**श्री जयराम रमेश:** गिरिराज जी, आप बोलते रहिए, कुछ भी बोलते रहिए, आपको क्या मालूम है? ..(**व्यवधान**)...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Jairam Rameshji, you have clarified. *...(Interruptions)...* Shri Vijayasai Reddy will correct now.

SHRI V. VIJAYASAI REDDY: Shri Jairam Ramesh has said that it would be implemented by the Union Government. Why has it been given to the State Government? That is the question which I am posing now. Through you, Sir, I seek clarification from the present Union Government. When was it given? When BJP took over and became part of the Union Government, they gave it to the State Government at the request of the then State Government. Why? It was because the then Chief Minister wanted to make some money out of it.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: No, please. You have to authenticate all these things. Mr. V. Vijayasai Reddy, you have to authenticate it. You know it.

SHRI V. VIJAYASAI REDDY: Sir, that is a fact. *...(Interruptions)...* That is the reality, which I have brought to your notice. *...(Interruptions)...*

MR. DEPUTY CHAIRMAN: You are a senior Member. *...(Interruptions)...* किसी भी महत्वपूर्ण पद पर बैठे व्यक्ति के बारे में आप Substantive Motion के बिना नहीं बोल सकते हैं। You authenticate it by evening.

SHRI V. VIJAYASAI REDDY: Now, I come to my third point. *...(Interruptions)...*

MR. DEPUTY CHAIRMAN: It is a serious allegation. *...(Interruptions)...* You have to authenticate it by today evening. Be clear on this, otherwise, you withdraw it. I am giving you an option.

SHRI V. VIJAYASAI REDDY: I am talking about the Budget, Sir.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: It is fine. You continue your speech but you have to authenticate your statement this by evening.

SHRI V. VIJAYASAI REDDY: Sir, 2,400 MW thermal power plants at Pirpainti in Bihar has been sanctioned at the cost of Rs. 21,400 crores. I appreciate it. We welcome it. On the other hand, on the contrary, see this. Grants for Backward Region will be provided. It is what the hon. Finance Minister has said. How much is the grant which is being given to Backward Region in the State of Andhra Pradesh? Nothing. No allocations have been made. I am not able to find figures anywhere. I request the hon. Finance Minister, through you, to give a clarification to this august House as to what is the amount of Grants for the Backward Region in the State of Andhra Pradesh?

Now, I come to the statement made by the hon. Leader of the Opposition. He has to amend his statement or withdraw it. Hon. Leader of the Opposition said, "यह देश की तरक्की का बजट नहीं है। मोदी सरकार बचाओ बजट है।" This is what he has said. This Budget is not for Andhra Pradesh. Budget may be for some other State. I request the Leader of the Opposition to either amend the statement or withdraw the statement. He is wrong. I would like to correct him. They are only helping the development of one particular State, which, definitely, is not the State of Andhra Pradesh. We have nothing outside the promises made. Sir, ten years ago, the Andhra Pradesh Reorganization Act, which was loosely drafted by my friend, was passed, and, even then, several projects are pending. Had this not been loosely drafted by my friend, the present Government or the successive Governments would have abided by that. I am talking about my friend, Jairam Ramesh.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: He has already clarified to you.

SHRI V. VIJAYASAI REDDY: Sir, now, I come to the issue of agrarian reforms. Andhra Pradesh is an agrarian State. 65 per cent of the people are dependent, either directly or indirectly, on agriculture. On the issue of extension of *Pradhan Mantri Garib Kalyan Anna Yojana* claiming to benefit 80 crore of people, there is a need to upgrade our priorities from food security to nutrition security. This is my advice to the Government. Due to lack of protein food, our country is battling with dwarfism -- year after year, we are becoming dwarfs -- and malnutrition. My advice is to improve the nutritional value of the food, which is provided under the scheme.

Sir, in this Budget, they have mentioned about agriculture, youth, employment and many other things. I will deal with all aspects one-by-one within the four minutes, which I still have. First issue is the misuse of non-creamy layer OBC Certificates. Recently, cases of misuse of caste certificate and disability certificate (PwD) came to light. The issue is that the use of fake certificate prevents the genuine OBC disabled candidates from getting the seats which they deserve. In fact, wrong persons are getting benefits by producing the fake certificates. So, appropriate measures have to be taken by the Central Government and strict action should be taken against those who have got employment by producing such fake certificates.

Coming to workers and employment, employment-linked incentive schemes focussing on first-time employees, support to employees and employers, there are a few suggestions which I would like to make to the hon. Minister. Keeping the population in mind, our economy needs to generate approximately 7.85 million jobs annually by 2036 to meet the demands for our growing population. It is not just a statistic; it is a clarion to action. The present Government should initiate action and generate employment for the unemployed youth. They claim that they are doing everything possible for the youth, which is definitely not adequate.

Sir, I will now talk about supporting the MSME sector. The scheme will provide one month wages to newly-entering workforce in formal sector as registered in the EPFO records, and it will be up to fifteen thousand rupees. The eligible limit will be a salary of rupees one lakh per month. Two crore youth is expected to get the benefit of the scheme. I have two points on this. When wage subsidies are given, do the third party contractors, as per the scheme, become employees or not? I hope you have understood as to what is third party contractor, not direct employer-employee. What happens after the sunset clause? These two clarifications are required from the hon. Finance Minister in so far as this scheme is concerned. Most of the

professionals, including my advocate colleagues, do not have EPFO. So, what will happen in case of professionals? This is another question which has to be answered by the Government.

Sir, my friend has agreed to give me another 15 minutes from my own party's time. I will now come to the last point which is regarding income tax. Where is the middle class which has voted BJP to power? Middle class is sandwiched between both. 'Both' means, this side and that side. We are a neutral party. We are for middle class. I am in the middle, Sir, and I am in front of you.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Yes, you are in the middle. प्लीज़, आप बताएं कि कन्क्लूड करने में अपनी पार्टी का कितना समय और लेंगे?

SHRI V. VIJAYASAI REDDY: Sir, my party has got one hour. I am taking 35 minutes and my colleague will take 25 minutes.

Sir, no major tax relief has been given in this Budget. I am a Chartered Accountant, Sir. I have inputs to speak on this. I can confidently say that the old tax regime was better. It promoted savings among people by incentivising people to invest in the Public Provident Fund and medical insurance by giving benefits under 80 C. The old tax regime for the people earning under ten lakh rupees is better because they can claim HRA, interest on housing loans and PPF deductions. I will now explain to you the present situation. I have one important point which I would like you to take cognizance of. This is regarding the share of revenues from income tax. From individuals, it is 19 per cent and from corporates, it is 17 per cent. It means, the present Government is burdening the individuals, not the corporates. Corporates, in fact, should pay more income tax than individuals. This is what my contention is. In fact, that has been the practice. If you see the statistics and if you see the history, corporates were paying more and individuals were paying less. Now, the situation is reverse. Why? There has to be some introspection on this. Sir, in the earlier Budget, on the income from rupees three lakh to seven lakh, 5 per cent benefit was there. Now, the benefit is of Rs. 2,500. In the earlier Budget, above fifteen lakh rupees, it was 30 per cent. Now Rs.17,500 is the benefit. This is how benefits to the individuals have been intentionally reduced and individuals are being burdened with more taxation. Sir, I will make a very important point.

I am coming to High Net-worth Individuals (HNIs). HNI means a millionaire whose net worth is over 8.3 crore rupees. This is the definition. That is what a High Net-worth Individual means. Mostly they are going to Dubai. In 2022, 7,500 HNIs have gone abroad and settled there. In 2023, 6,500 HNIs had gone abroad and

settled there. And in 2024, the number is 4,300 till now. This is what the present scenario is. I expect the present Government to rectify the situation and give confidence to HNIs to stay in India and do business in India and contribute to the growth and development of the country. We need to stop this from happening and look at our taxpayers' concerns as well.

In fact, what can be appreciated is this. Congress Party was in power in 1970. My friend is well aware of this. What was the maximum marginal rate, including other taxes? The tax rate was 97.5 per cent. I will explain how it was 97.5 per cent. It was 85 per cent tax for income over and above Rs.2,00,000. Ten per cent was surcharge. Total is 93.5 per cent. Surcharge was increased subsequently to 15 per cent. Thus the total tax rate became 97.5 per cent when they were in power. That is how they have burdened the people of this country. Now it has significantly been reduced. I appreciate the present Government for that. It has to be further reduced and the tax base needs to be increased. There is a need to increase the tax base and reduce the tax rate. There should be more tax compliance.

Sir, with this, I conclude. There is part three of my speech. I spoke on part one and part two. Because of paucity of time, I am not embarking on part three. Part three is more critical to the NDA and INDIA Group. I am concluding my speech.

Sir, I thank you for having given me this opportunity. In case, I have said something wrong I may be excused.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Dr. M. Thambidurai. You have five minutes.

DR. M. THAMBIDURAI (Tamil Nadu): Sir, on behalf of my party, AIADMK Party, and the General Secretary and former Chief Minister Edappadi K. Palaniswami, I rise to participate in the discussion on the Budget, 2024-25 which was laid on the Table of the House by the hon. Finance Minister on 23rd of July 2024.

Sir, an analysis of the Budget shows that as far as expenditure is concerned, the Government is estimated to spend Rs.48.2 lakh crore in 2024-25. As far as receipts other than borrowings are concerned, it is estimated to be Rs.32 lakh crore. Tax revenue, which forms major part of the receipts, is also expected to increase. A closer look at the Budget proposals indicates that every sector of the economy has something to take from this Budget. Every sector is in focus whether it is agriculture or skill development or MSME or energy sector or urban and rural development or assistance to States or employment to the youth.

Sir, now, I will come to my points. Nowadays, the Budget is giving welfare; welfare Budget is given more importance. That is very much highlighted. As far as

Tamil Nadu is concerned, right from the period of former Chief Minister, Puratchi Thalai MGR, followed by Dr. Jayalalitha, Amma, and the present General Secretary of AIADMK and former Chief Minister, Edapaddi Palaniswami, the Governments have unleashed many welfare schemes for the benefit of the people. For instance, Tamil Nadu has been a pioneer in delivering social justice and in announcing and implementing welfare schemes for the people right from mid-day meal scheme, free education, gold for mangalsutra, cashless laptops for students, cashless cycles for students, distribution of kettles for the poor, setting up Amma canteens and Amma pharmacies. All such schemes demand more money in the hands of the State Government. Hence, all through, the Tamil Nadu Government has been demanding more money and allocation of sufficient funds from the Central Government.

Sir, just now, the auditor spoke very well. We engaged two lawyers also. Both are from Congress side. One is former Finance Minister, Mr. Chidambaram; another is former Education Minister, Mr. Kapil Sibal. They have argued for us now. ...*(Interruptions)*... They were on this side. ...*(Interruptions)*... As lawyers, they have argued about federalism. NEET examination was brought by the Congress Government in 2010. Now, Mr. Chidambaram said that this be scrapped. Also, Mr. Kapil Sibal said that 'Education' must be in the State List. Who brought 'Education' into the Concurrent List? In 1976, during the Emergency period, the Congress brought 'Education' in the Concurrent List. ...*(Interruptions)*... Congress Government had done it. ...*(Interruptions)*... Why? ...*(Interruptions)*...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Please take your seats. ...*(Interruptions)*...

DR. M. THAMBIDURAI: I want to say that. ...*(Interruptions)*... When it was brought in, where were Mr. Kapil Sibal and Mr. Chidambaram? ...(Interruptions)... That is what I want to know. ...*(Interruptions)*...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Please...*(Interruptions)*...

DR. M. THAMBIDURAI: That is why, our party wants 'Education' to be State subject. ...*(Interruptions)*...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Mr. Abdulla, please take your seat. ...*(Interruptions)*...

DR. M. THAMBIDURAI: That is our demand. ...*(Interruptions)*... For so many years, DMK was in the Government. ...*(Interruptions)*... What have they done?

*...(Interruptions)...* Have they demanded to abolish NEET examination or bring 'Education' in the State List? *...(Interruptions)...* What have they done? *...(Interruptions)...*

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Shrimati Kanimozhi, please. *...(Interruptions)...*

DR. M. THAMBIDURAI: For 18 years, DMK was ruling along with the Central Government. *...(Interruptions)...*

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Nothing is going on record. *...(Interruptions)...* Dr. Thambidurai, you please speak. *...(Interruptions)...*

DR. M. THAMBIDURAI: Situation in Tamil Nadu is worse. *...(Interruptions)...* That is why, I am requesting to allocate more funds. *...(Interruptions)...* Like Andhra Pradesh, Tamil Nadu also should be given more. *...(Interruptions)...* All the political persons*...(Interruptions)...* Even Dalit leader, Mr. Armstrong, was murdered. *...(Interruptions)...* In 200 days, 595 murders have taken place. *...(Interruptions)...* Law and order situation has worsened in Tamil Nadu. *...(Interruptions)...* This is high time we seriously think about it. *...(Interruptions)...*

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Please speak on the Budget. *...(Interruptions)...* Your time is already over.

DR. M. THAMBIDURAI: Sir, I am saying this but there are so many other things. *...(Interruptions)...*

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Speak on the Budget. *...(Interruptions)...*
DR. M. THAMBIDURAI: They talk about federalism. *...(Interruptions)...* Will the Congress realize as to who destroyed this country? *...(Interruptions)...* These are the people. *...(Interruptions)...*

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Your time is over.

DR. M. THAMBIDURAI: Sir, now, I am coming to another point. *...(Interruptions)...* I am very happy today.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Please speak on the Budget.

DR. M. THAMBIDURAI: My two lawyers argued on the Budget. *...(Interruptions)...* I appreciate that Mr. Chidambaram has realized it now. *...(Interruptions)...* Shrimati Nirmala Sitharaman also said it in Tamil Nadu. *...(Interruptions)...*

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Mr. Abdulla and Shrimati Kanimozhi, please. *...(Interruptions)...*

DR. M. THAMBIDURAI: What is the fund you allocated to Tamil Nadu during your period? *...(Interruptions)...* I want to know. *...(Interruptions)...* Let these people understand that Mr. Chidambaram did not allocate any fund. *...(Interruptions)...* Tamil Nadu suffered because of the former Finance Minister. *...(Interruptions)...*

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Please speak on the Budget. *...(Interruptions)...*

DR. M. THAMBIDURAI: Now, he is giving us lessons. *...(Interruptions)...* That is what I want to say. *...(Interruptions)...*

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Already your time is over.

DR. M. THAMBIDURAI: Sir, my time is over but my issues are not over. *...(Interruptions)...* That is why I demand more time.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: In your next speech, you can raise your issues. Please conclude now.

DR. M. THAMBIDURAI: I have few other points. NEET examination is mainly brought by the Congress Government. ...(Interruptions)...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Mr. Abdulla, I will have to take action.

DR. M. THAMBIDURAI: They cannot blame the NDA Government. That is the thing. *...(Interruptions)...* The Supreme Court has also given some judgement. About education also, I have said that what Mr. Kapil said is correct. It has to give more powers to the State Government. *...(Interruptions)...* Therefore, these are the things I am expecting. *...(Interruptions)...* Regarding many projects for infrastructure, I have requested many times more...... *(Interruptions)...*

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Your time is over. ...*(Interruptions)*... Please conclude within one minute. ...*(Interruptions)*...

DR. M. THAMBIDURAI: I would be specific. ...*(Interruptions)*...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Please conclude in one minute. ...*(Interruptions)*...

DR. M. THAMBIDURAI: I will finish only in one minute. ...*(Interruptions)*...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Yes. ...*(Interruptions)*...

DR. M. THAMBIDURAI: It is regarding pending railway project from Pondicherry to Bangalore. Jolarpet, Krishnagiri and Hosur, you kindly implement with fund allocation. About road projects, one is Karur-Coimbatore eight lane project and second is Karur-trichy six lane project. Chennai-Selam eight lane project is also very important. This project was already approved by the NDA Government. Land acquisition is the problem. Let the State Government come forward, the Tamil Nadu Government, to help to implement that programme. ...*(Interruptions)*... In the same way, the green airport. ...*(Interruptions)*... Now, the present Chief Minister of Tamil Nadu said that green airport is going to be at Hosur, but the Minister said that there is no demand from the State Government. ...*(Interruptions)*...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Nothing is going on record. ...*(Interruptions)*... माननीय सदस्य, बैठ कर बोलना सही नहीं है, प्लीज़।...(**व्यवधान**)...

DR. M. THAMBIDURAI: People must have been misled. ...*(Interruptions)*... Don't deem that the Government would mislead the Tamil Nadu people which you have now given to the Central Government, but the Central Government Minister said on the floor of the House that the demand has not come from the State Government. ...*(Interruptions)*... But the Chief Minister is giving the false statement as he is going to implement. ...*(Interruptions)*... This is the thing which I am telling. ...*(Interruptions)*...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: You have already taken three minutes. ...*(Interruptions)*...

DR. M. THAMBIDURAI: I am finishing it, Sir. ...*(Interruptions)*...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: No, no. ...*(Interruptions)*... Please conclude now. ...*(Interruptions)*...

DR. M. THAMBIDURAI: As hon. PM was a Chief Minister earlier, he would understand the demand of the States because Shri Narendra Modi is for federalism. He knows cooperative federalism. Whenever he spoke, about Tamil Nadu also, he has shown some interest. I expect that whichever Government is in power -- I am supporting this D.M.K. Government -- as is the demand, let our Finance Minister and Prime Minister of the country give liberally the funds. ...*(Interruptions)*... That is the request. Thank you very much.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Thank you. Now, I am calling Dr. Bhagwat Karad.

**डा. भागवत कराड़** (महाराष्ट्र) : माननीय उपसभापति महोदय, मैं आपका, सभापति महोदय तथा हमारे सभा के नेता, श्री जगत प्रकाश नड्डा साहब का आभार व्यक्त करना चाहता हूँ, जिन्होंने मुझे इस सभागृह में बोलने का मौका दिया है। हमारे देश के यशस्वी प्रधान मंत्री माननीय नरेन्द्र मोदी जी ने तीसरी बार 9 जून, 2024 को शपथ ली। उन्होंने लगातार तीसरी टर्म के लिए शपथ ली और वे प्रधान मंत्री का कार्यभार संभाल रहे हैं। उन्होंने पहली बार 26 मई, 2014 को शपथ ली, दूसरी बार 30 मई, 2019 को शपथ ली और तीसरी बार 9 जून, 2024 को शपथ ली। अगर हम पिछले दस साल को देखें, तो इस दस साल में माननीय प्रधान मंत्री जी ने समय का हर एक पल और शरीर का हर एक कण, दिन-रात काम करते हुए इस देश का विकास करने के लिए दिया है। मैं बताना चाहता हूँ कि इस दस साल में दीनदयाल जी के विचारों को सामने रखते हुए अंत्योदय, यानी गरीब-से-गरीब आदमी को मदद कैसे मिले, उसी के ऊपर अलग-अलग स्कीम्स बनाई गईं, अलग-अलग नीतियाँ बनाई गईं और वे सिर्फ बनाई नहीं गईं, बल्कि उनका इम्प्लिमेंटेशन कैसे हो और हर राज्य में ये स्कीम्स कैसे पहुँचें - उसी के लिए प्रयास किए और उसी प्रयास का परिणाम है कि प्रधान मंत्री मोदी जी तीसरी टर्म के लिए प्रधान मंत्री बने। 62 साल के बाद हमें यह देखने का मौका मिला है। लोगों का समर्थन मिला, लोगों की आस्था मिली और लोगों का विश्वास मिला।

मैं माननीय मोदी जी के साथ हमारी यशस्वी वित्त मंत्री, जो एक महिला हैं और पहली बार कोई महिला वित्त मंत्री बनी हैं, उन्होंने भी लगातार सात बार इस पार्लियामेंट में बजट पेश किया है। उनका भी एक रिकॉर्ड बना है। मैं वित्त मंत्री मैडम का भी अभिनंदन करना चाहता हूँ। वित्त मंत्री मैडम ने 23 जुलाई को जो बजट पेश किया, अगर हम इस बजट को देखें, तो उन्होंने इसमें अलग-अलग 9 प्रायोरिटीज़ रखी हैं। अगर हम इन 9 प्रायोरिटीज़ का सार देखें, तो उसमें इस देश की महिला, युवा, गरीब आदमी और अन्नदाता हैं। मैं किसी कास्ट, किसी रिलिजन की बात नहीं कर रहा हूँ, बल्कि 140 करोड़ जनता की बात कर रहा हूँ। अपोजिशन की तरफ से हमेशा आलोचना की जाती है कि जातिवाद है, धर्म देखते हैं, लेकिन माननीय प्रधान मंत्री जी मानते हैं कि 140 कोटि जनता मेरा परिवार है, 140 कोटि जनता का हमें विकास करना है। चाहे अलग-अलग

Content Page

धर्म हो, जाति हो, पंथ हो, 140 कोटि जनता के लिए काम हो रहा है और चारों वर्गों का उत्थान करने के लिए, विकास करने के लिए दिन-रात भारत सरकार काम कर रही है।

मैं बताना चाहता हूँ कि इस सभागृह में दो दिन से महंगाई, employment, production, industry, skilling, education, economic development, social justice तथा ग्रामीण एवं शहरी विकास, इन सभी क्षेत्रों के लिए बजट में जो दिया गया है, इसके ऊपर चर्चा हो रही है। लेकिन, मैं इतना ही बताना चाहता हूँ कि 140 कोटि भारतीय जनता की आशा और आकांक्षा को पूरे करने वाला बजट हमारे अर्थ मंत्री, निर्मला सीतारमण जी ने माननीय प्रधान मंत्री जी के नेतृत्व में पार्लियामेंट में पेश किया है, जिसके माध्यम से हमारे भारत देश को एक विकसित और सारे विश्व को मार्गदर्शन करने वाला राष्ट्र बनाने की कोशिश हो रही है। अगर हम 10 साल पीछे जाएँ तो हम सभी को 2012-13 की याद है, जब यूपीए का काल था और सरकार के मंत्री के ऊपर भ्रष्टाचार के आरोप लगे थे। तब केन्द्र सरकार के मंत्री पर भ्रष्टाचार के आरोप ही नहीं लगे थे, बल्कि वे जेल भी गए थे। अगर हम उसी वक्त में देखें, तो आतंकवादी हमारे मेट्रोपोलिटन शहरों में जाकर बम विस्फोट करते थे। इतना ही नही, तब हमारी इकोनॉमी fragile हुई थी। ...(**व्यवधान**)...

**श्री उपसभापति :** प्लीज़, बैठकर न बोलें।

**डा. भागवत कराड़ :** अगर हम उस समय विश्व में भारत की स्थिति को देखें, तो वह एक भ्रष्टाचारी सरकार, आतंकवादी और गरीबों के देश जैसी स्थिति थी। लेकिन, माननीय मोदी जी के नेतृत्व में पिछले 10 साल में ऐसे काम हुए हैं कि भारत देश की तस्वीर और तकदीर बदल चुकी है और भारत का सम्मान पूरी दुनिया में बढ़ चुका है।

माननीय उपसभापति महोदय, मैं 1985 में एक डॉक्टर के रूप में प्रैक्टिस करता था। मैंने उसी वक्त अखबार में पढ़ा था, जिसमें तत्कालीन प्राइम मिनिस्टर, राजीव गांधी जी ने बताया था कि अगर हम दिल्ली से 100 रुपए नीचे भेजें तो लाभार्थी को सिर्फ 15 रुपये मिलते हैं, 85 रुपए बिचौलिए खा जाते हैं, वे बिचौलियों की जेब में चले जाते हैं, लेकिन 30 सालों में इसमें कोई सुधार नहीं हुआ। जब मोदी जी प्रधान मंत्री बने तो अलग-अलग स्कीम्स के माध्यम से गरीबों के जन-धन अकाउंट्स खोले गए, उनको आधार कार्ड से लिंक किया गया। इतना ही नहीं, उनको मोबाइल से लिंक करके JAM Trinity लाई गई। डीबीटी, यानी डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर माननीय मोदी जी के वक्त चालू हो गया, जिसके माध्यम से हर गरीब के अकाउंट में पैसा जाता है। ...(**व्यवधान**)...

**श्री उपसभापतिः** प्लीज़, बैठकर न बोलें।

**डा. भागवत कराड़ः** सिर्फ पैसा ही नहीं जाता, बल्कि उसका मैसेज भी जाता है।

माननीय उपसभापति महोदय, अभी हम सब लोग गरीबी के बारे में सोच रहे हैं, गरीबी के बारे में बता रहे हैं। भारत सरकार ने माननीय मोदी जी के नेतृत्व में जो डिसीजंस लिए हैं, उनके बारे में मैं बताना चाहता हूँ। बैंकिंग में एक डिसीजन है - 'Banking to all bankers,' जिसका उद्देश्य यह देखना है कि हमारे भारत देश में 18 साल के ऊपर के जो युवा हैं, उनका या अन्य सभी लोगों का बैंक अकाउंट कैसे खुले। इसी तरह, 'Securing to the un-secured' का उद्देश्य यह है

कि हर एक नागरिक को secure कैसे किया जाए। इसके अलावा, 'Funding to un-funded' है। इन तीनों चीजों को सामने रखते हुए माननीय प्रधान मंत्री जी के नेतृत्व में अलग-अलग स्कीम्स शुरू की गई हैं। मैं गरीबी की बात कर रहा हूँ, गरीब लोगों की बात कर रहा हूँ। जिन गरीब लोगों के पास घर नहीं थे, "प्रधानमंत्री आवास योजना" के माध्यम से 4 करोड़ लोगों को घर मिले। "स्वच्छ भारत मिशन" के माध्यम से 12 करोड़ लोगों के घरों में टॉयलेट्स बने। "उज्ज्वला योजना" के माध्यम से 18 करोड़ लोगों को गैस मिली। "सुरक्षा बीमा योजना" में यह व्यवस्था है कि अगर कोई व्यक्ति सिर्फ 20 रुपए भरता है, तो उसको 2 लाख रुपये का इंश्योरेंस मिलता है। "पीएम स्वनिधि योजना" के माध्यम से स्ट्रीट वेंडर्स, रास्ते में काम करने वाले मजदूरों को 50,000 रुपये तक का लोन मिलता है, जिसके लिए बैंक वाले रिफ्यूज़ नहीं कर सकते। "मुद्रा योजना" के माध्यम से अलग-अलग लोगों को 30-40 करोड़ रुपये के लोन मिले। इसी तरह, 54 करोड़ जन-धन अकाउंट्स खोले गए। हमारे सभागृह के नेता, माननीय नड्डा जी जब आरोग्य मंत्री थे, तब वे माननीय प्रधान मंत्री जी के नेतृत्व में "आयुष्मान भारत" स्कीम लाए। इतनी बड़ी स्कीम दुनिया में कहीं भी नहीं है, यह मैं दावे के साथ बताना चाहता हूं। 50 करोड़ लोगों को 5 लाख रुपये का हैल्थ इंश्योरेंस मिलता है, यह स्कीम माननीय प्रधान मंत्री जी के नेतृत्व में माननीय नड्डा साहब लाए हैं।

इतना ही नहीं, कोई जन औषधि केंद्र के बारे में बोल रहा था। मैं एक डॉक्टर हूं। मैं समझ सकता हूं कि एक-आधी ब्रांडेड मेडिसिन लेनी है तो उसकी कीमत ज़्यादा होती है, लेकिन जेनेरिक मेडिसिन जन औषधि केंद्र में उपलब्ध रहती है, उसकी वैल्यु मिनिमम होती है, यानी one-tenth कीमत पर दवा मिलती है। हमारी सरकार ने भारत देश में ऐसे 10 हज़ार जन औषधि केंद्र शुरू किए हैं और 25,000 करने का अनुमान है।

महोदय, कोई 'मनरेगा' के बारे में बात कर रहा था, तो मैं बताना चाहूंगा कि वह स्कीम भी चालू है, जिसका बजट बढ़ चुका है। 'किसान सम्मान निधि' हो, किसानों के लिए यूरिया में सब्सिडी हो, हर एक सेक्टर में माननीय प्रधान मंत्री जी के नेतृत्व में मदद मिल रही है। महोदय, फूड सिक्योरिटी के माध्यम से 80 करोड़ लोगों को मुफ्त में अनाज मिलता है। इन सब सुविधाओं के माध्यम से एक नतीजा आया है। नीति आयोग के माध्यम से 25 करोड़ लोग पावरटी लाईन से ऊपर गए हैं। हमारे कुछ विपक्ष के साथियों ने कल यह प्रश्न उठाया था कि अगर 25 करोड़ लोग पावरटी लाइन से ऊपर उठे हैं, तो आप 80 करोड़ लोगों को अनाज क्यों दे रहे हैं! माननीय उपसभापति महोदय, इसमें ऐसा भी है कि अगर उनके घर में कोई प्रॉब्लम हो गई, तो वे वापस पावरटी में जा सकते हैं, इसलिए 5 साल तक यह स्कीम continue की है। इसीलिए गवर्नमेंट हर साल करीब 2 लाख करोड़ रुपये गरीब लोगों के लिए खर्च करती है, उनको फूड सिक्योरिटी देती है।

महोदय, अभी 2 दिन से discussion हो रहा है, inequality का भी ज़िक्र हुआ, यानी समाज का गरीब आदमी और गरीब हो रहा है। मैं बताना चाहता हूं कि भारत में एक Gini coefficient है, यानी इसका प्रमाण 0-1 रहता है। अगर हम Gini coefficient देखें तो भारत में वर्ष 2013 में जब यूपीए की सरकार थी, तब Gini coefficient 0.489 था। मोदी जी के नेतृत्व में यह कम होता गया और Gini coefficient वर्ष 2024 में 0.402 है। यानी 15 परसेंट लोगों की inequality कम हो चुकी है। लोगों के बीच जो difference है, वह भी कम हो चुका है। अगर हम दूसरे देश अमेरिका, जर्मनी, चाइना और जापान से खुद को कम्पेयर करें तो के हम उसके बराबर जा रहे हैं, लेकिन लगता है नहीं जा रहे हैं।

Content Page

इसके साथ ही मैं बताना चाहता हूं, महंगाई के ऊपर भी इस सदन में बहुत बात हुई। हमारे पूर्व वित्त मंत्री पी. चिदम्बरम साहब मे कल बताया कि माननीय वित्त मंत्री महोदया ने सिर्फ 10 लाइंस लिखी हैं, लेकिन मैं बताना चाहता हूं - हमारे पूर्व वित्त मंत्री यहां नहीं हैं - जो भी स्कीम्स हैं, उन स्कीम्स के माध्यम से गरीबों की मदद हो रही है, जिससे हमारा विकास भी हो रहा है। मैं बताना चाहता हूं कि महंगाई को कंट्रोल करने के लिए दो-तीन फैक्टर्स बहुत ही महत्वपूर्ण हैं। जिसे Consumer Price Index (CPI) बोलते हैं। अगर Consumer Price Index inflation rate देखें, तो वर्ष 2012-13 में Consumer Price Index approximately 10 परसेंट था, लेकिन वर्ष 2019, 2020 और 2021 के दौरान Covid महामारी होते हुए भी, वर्ष 2023 में Consumer Price Index 5.4 परसेंट हो गया और non-core inflation rate 3.1 परसेंट है। अगर हम WPI, यानी Wholesale Price Index की बात करें तो 10 साल पहले, वर्ष 2012-13 में WPI 7.6 था, तो महंगाई उस समय ज़्यादा थी। अभी अगर हम देखें तो वह 3.36 परसेंट है। अगर कम्पेयर करें तो महंगाई कम है।

महोदय, यहां employment पर भी discussion हुआ। हमारे पूर्व वित्त मंत्री ने कहा था कि इस बजट में भारत सरकार के माध्यम से जो PLI स्कीम चालू की थी, यानी Production Linked Incentive Scheme - माननीय उपसभापति महोदय, मैं बताना चाहता हूं कि Production Linked Incentive Scheme बहुत ही महत्वपूर्ण स्कीम है। जो तीन साल पहले हमारे बजट में आई थी। इसके माध्यम से प्रोडक्शन को वृद्धि मिले, इसके साथ ही जो चीज़ हम import करते हैं, उसका import कम हो। जो इम्पोर्ट करते हैं, वह इम्पोर्ट कम हो और जो चीज़ एक्सपोर्ट करते हैं, उसको बढ़ोतरी मिले। ये तीनों जो इसमें हैं, PLI Scheme 14 सेक्टर्स में काम करती है। मैं कुछ example देना चाहता हूं। हमने पीएलआई स्कीम को मोबाईल के लिए लागू किया है। पीएलआई के माध्यम से मोबाईल के क्षेत्र में भारत देश दुनिया में दूसरे नंबर पर प्रोड्क्शन करने वाला बन चुका है। इतना ही नहीं, हमारा electronic goods का एक्सपोर्ट बढ़कर 8,000 crores रुपये से ज्यादा हो चुका है। Solar modules, जो पीएलआई स्कीम में आता है, solar modules में भारत, आत्मनिर्भर भारत बन चुका है। यह पीएलआई स्कीम, हमारे पूर्व अर्थमंत्री माननीय चिदम्बरम जी यहां नहीं है, लेकिन मैं यह बताना चाहता हूं कि यह पीएलआई स्कीम चालू है और अर्थमंत्री मैडम ने इसके लिए बजट में पैसा भी रखा है। पर्टिकुलरली health sector में भी बजट बढ़ाकर दिया है। अगर हम employment की बात करें, तो जैसे मैंने अभी बताया कि employment में तीन फैक्टर्स रहते हैं। इसमें employment में employee, employer और skilling, इसमें अलग-अलग स्कीम के माध्यम से, मैं टाइम की shortage होने की वजह से नहीं बता पा रहा हूं, अलग-अलग तीन स्कीम्स निकाली हैं, और तीन स्कीम्स के माध्यम से अलग-अलग जो employee है, employer है, उनको कैसे मदद मिले, इसके ऊपर सविस्तार से बजट में दिया गया है। मैं इतना ही बताना चाहता हूं कि ये तीन स्कीम्स और स्कीलिंग्स, चार स्कीम्स हैं। सर, अलग-अलग लीडर्स ने, अलग-अलग नेतागण ने बताया कि भारत में employment बढ़ना चाहिए। अगर हम बजट देखें, तो बजट में क्लियर कट बताया है कि 4,10,000,00 अलगे पांच साल में यानी, every year 8 million jobs create होंगी। अभी-अभी कपिल सिब्बल साहब बता रहे थे कि every year, 6 to 7 million jobs create होनी चाहिए। भारत सरकार का टारगेट 8 मिलियन जॉब्स क्रिएट करने का है और उसी के लिए प्रोविजन भी किया गया है। उसी के लिए employee, employer के लिए two

lakh crore every year रखने का भी सजेशन दिया है। इसमें एक इंडेक्स CMIE रहता है, यानी Centre for Monitoring Indian Economy के अनुसार, अगर हमें भारत देश की बेरोजगारी कम करनी है, तो CMIE के माध्यम से 80 lakh jobs every year create करनी चाहिए और हम भारत सरकार के माध्यम से जॉब्स क्रिएट करेंगे। एक महत्वपूर्ण बात यह है कि हमारे पास युवा बहुत हैं, लेकिन युवाओं को स्कीलिंग देना बहुत जरूरी है। युवाओं को ट्रेनिंग देना बहुत जरूरी है और इसी ट्रेनिंग करने के लिए आईटीआई के माध्यम से, आईटीआई को अपग्रेड करते हुए, जो हालत डिस्ट्रिक्ट में है, जो हालत तालुका में है, उनकी स्कीलिंग बढ़ाई जाएंगी। सर, 1,000 Industrial Training Institutes will be upgraded, और मैं बताना चाहता हूं कि आपसे अगर कोई स्कीलिंग में, domestic में एजुकेशन ले रहा है, तो Rs. 7.5 lakh का loan, without any collateral, bank के माध्यम से मिलता है। अगर 10 लाख तक ज्यादा लोन चाहिए, तो उसमें 3 परसेंट बैंक के माध्यम से subvention भी दिया है। अभी बजट में नेक्स्ट चीज प्रोड्क्शन को बढ़ावा मिलने की आती है। यह बहुत जरूरी है और प्रोड्क्शन में बढ़ावा मिलने के लिए जो MSME is the backbone of production of India. भारत सरकार में MSME के माध्यम से जो प्रोड्क्शन होता है, तो बहुत ही महत्वपूर्ण है और अगर कोई प्रोड्क्शन बढ़ाना है, हमारी इनकम बढ़ानी है, तो दो चीज़ें technology और credit important है। नई टैक्नोलॉजी लानी पड़ेगी और credit भी देना पड़ेगा। इसमें अगर industrialist Rs.100 crores तक machinery लेता है, तो Government will take the guarantee. उतना ही नहीं, बैंक में transaction नहीं है, तो CIBIL देखा जाता है। CIBIL न देखते हुए, अगर उसके digital transactions हैं, digital footprints हैं, उनका भी इस्तेमाल बैंक वालों को करने को बताया है। कभी-कभी special mention account रहता है। जो regular installment नहीं भरते हैं, तो special mention account में भी क्रेडिट गारंटी की व्यवस्था होगी, यह बजट में दिया है। इसके माध्यम से प्रोड्क्शन बढ़ सकता है। मैं आपको बताना चाहता हूं कि एक करोड़ युवाओं को देश के 500 top companies में ट्रेनिंग देना, जिसके लिए गर्वनमेंट पैसा देने वाली है और हर महीना पांच हजार रुपये देने वाली है। यानी Rs. 60,000 per year युवाओं को देंगे। इसके साथ ही जो मुद्रा लोन है, जिसके लिए कोई guarantee नहीं देता है, लेकिन भारत सरकार उस मुद्रा लोन के लिए गारंटी है। उसका जो 10 लाख amount था, उसको भी बढ़ाकर 20 लाख किया है। यह बहुत ही महत्वपूर्ण है और इसे मैं आपको बताना चाहता हूं। यह मेरी Budget speech है और इसमें जब तक हम fiscal deficit की बात नहीं करेंगे, तब तक यह पूरी नहीं होगी। अभी इसकी position क्या है, इसके बारे में बताना जरूरी है। 2014-15 में, जब प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी जी का पहला बजट आया, तो उस समय हमारा Budget estimate 17 लाख, 50 हजार करोड़ था। यह 2014-15 की बात है। अगर हम 2024-25 का बजट देखते हैं, यानी अभी का बजट देखते हैं, यानी दो दिन पहले hon. Finance Minister madam ने जो बजट पेश किया है, वह Rs. 48,21,000 crores का बजट है, इसमें तीन टाइम्स की वृद्धि 10 साल में हो चुकी है। इतना ही नहीं, जैसा कि कल हमारे साथी अग्रवाल साहब ने बताया कि 2013-14 में भारत देश की per capita income Rs. 80,000 per person थी, लेकिन 10 साल में per capita income 2 लाख, 12 हजार की हो गई है। अभी तक इतनी बढ़ोत्तरी हो चुकी है। अगर आप हमारा tax collection देखेंगे, तो 2014-15 में यह 13 लाख, 64 हजार करोड़ था और अभी यह 25 लाख, 83 हजार करोड़ हो चुका है। सर, मैं fiscal deficit के बारे में बताना चाहता हूं, जिसमें fiscal

responsibility and Budget management is very important. वर्ष 2012-13 में fiscal deficit 6.2 per cent था और 2023-24 में यह 5.6 per cent हो चुका है और फरवरी, 2024 में, जब Interim Budget पार्लियामेंट में पेश किया था, तब 5.1 per cent था और इस पूर्ण बजट में जो दिया है, वह 4.9 per cent है। मैं बताना चाहूंगा कि सभी कंट्री की एक रेटिंग रहती है। अब उस Sovereign Credit Rating को बेहतर बनाने के लिए प्रयास हो रहा है। ...(**समय की घंटी**) ... सर, एक मिनट का समय और दे दीजिए।

**श्री उपसभापति:** आप कन्क्लूड कीजिए।

**डा. भागवत कराड़:** सर, महिलाओं के सरलीकरण के लिए बहुत सारी चीजें हैं, बहुत सारी स्कीम्स हैं, जिनके बारे में मैं बताना चाहता हूं। मैं सबको पढ़ना नहीं चाहता हूं, लेकिन मैं एक ही के बारे में बताना चाहता हूं। छोटी-छोटी चीजों को जब प्रधान मंत्री जी लेते थे, तो अपोजिशन उसकी आलोचना करता था, जैसे उन्होंने स्वच्छता अभियान चलाया। मैं सदन को बताना चाहता हूं कि माननीय प्रधान मंत्री जी के नेतृत्व में इस दिल्ली में राष्ट्रपति भवन के सामने, जो राजपथ था, उस राजपथ पर सुभाष चन्द्र बोस की प्रतिमा लगाई गई और राजपथ का नाम बदलकर कर्तव्य पथ किया गया। उसका नाम कर्तव्य पथ इसलिए रखा गया कि जब 140 करोड़ लोगों में से, जो भी लोग इस शहर में आएंगे, वे इसके बारे में सुनेंगे, देखेंगे, तो उन्हें अपने कर्तव्य को समझने में आसानी होगी। जब हर भारतीय अपने कर्तव्य को पूरा करेगा, तो भारत विकसित राष्ट्र बनेगा। मैं इस अवसर पर इतना ही बताना चाहता हूं कि कर्तव्य पथ का नाम मेरे दिल में आ गया है, इसीलिए मुझे आदरणीय अटल बिहारी वाजपेयी जी की एक कविता याद आ रही है। आदरणीय अटल बिहारी वाजपेयी जी ने लिखा है।

**श्री उपसभापति:** आप जल्दी से खत्म करिए।

**डा. भागवत कराड़:** सर, श्रद्धेय अटल जी ने लिखा है,

*"कर्तव्य के पुनीत पथ को,*
*हमने स्वेद से सींचा है,*
*कभी-कभी अपने अश्रु और*
*प्राणों का अर्ध्य भी दिया है।*
*किंतु, अपनी ध्येय-यात्रा में*
*हम कभी रुके नहीं हैं।*
*किसी चुनौती के सम्मुख*
*हम कभी झुके नहीं हैं।"*

सर, मैं पांच सेकंड में समाप्त करता हूं। हमारा ध्येय यह है कि माननीय प्रधान मंत्री जी के नेतृत्व में हमें अपने राष्ट्र को विकसित राष्ट्र बनाना है, भारत का सम्मान बढ़ाना है। ...(**समय की घंटी**)...

*"हमें ध्येय के लिए*
*जीने, जूझने और*
*आवश्यकता पड़ने पर*
*मरने के संकल्प को दोहराना है।"*

सर, इसलिए हमारा संकल्प है कि हमें भारत देश को विकसित राष्ट्र बनाना है। माननीय मोदी जी के नेतृत्व में भारत को एक आत्मनिर्भर देश बनाना है। ...(**समय की घंटी**)... माननीय उपसभापति महोदय, प्रधान मंत्री जी के नेतृत्व में भारत विकसित राष्ट्र बने, भारत विश्व गुरू बने, यह हमारे ध्येय है और इसे हम पूरा करेंगे।

**श्री उपसभापति**: धन्यवाद। माननीय अखिलेश प्रसाद सिंह जी। प्लीज, आप आपस में बातें मत करिए। माननीय अखिलेश प्रसाद सिंह जी, आप बोलिए। कृपया आपस में बात मत कीजिए।

**श्री अखिलेश प्रसाद सिंह** (बिहार) : उपसभापति जी, मुझे बजट पर होने वाली चर्चा में कांग्रेस पार्टी की ओर से अपनी बात रखने का मौका देने के लिए आपका बहुत-बहुत धन्यवाद।

महोदय, मैं आज माननीय वित्त मंत्री जी को दो बातों के लिए बधाई देना चाहता हूं। पहली बात तो यह है कि उन्होंने सात बार लगातार बजट पेश करके एक रिकॉर्ड बनाया है। दूसरी बात के लिए और भी तेज ताली बजाइएगा। महोदय, दूसरी इस बात के लिए ताली बजाइएगा कि उन्होंने बजट जैसे प्रामाणिक दस्तावेज को चुनावी वायदों की एक पोटली बनाकर रख दिया।

महोदय, मुझे भी संसदीय राजनीति में दो दशक से ज्यादा हो गए हैं। मुझे विधान सभा में काम करने का अवसर मिला, लोक सभा में काम करने का अवसर मिला और अब राज्य सभा में आपके समक्ष काम कर रहा हूं। मैंने पहले कभी ऐसा बजट नहीं देखा है, जिसमें घोषणाएँ की जाती हैं, लेकिन न तो किसी आवंटन का जिक्र होता है और न ही उसके बारे में कोई स्पेसिफिक डिटेल होती है। महोदय, महादेव की कृपा से मैं बिहार से आता हूं और मैं सबसे पहले बिहार की बात करना चाहता हूं।

(**सभापति महोदय** *पीठासीन हुए।*)

महोदय, वहाँ बीजेपी का सहयोगी सत्ताधारी दल इस बजट से लहालोट है कि बिहार को बड़ा भारी पैकेज मिल गया है।

सभापति जी, मैं महादेव की कृपा से बोलूंगा।

**श्री सभापति**: अखिलेश प्रसाद सिंह जी, यह परमिशन चेयर देगी, महादेव को किसी और काम के लिए यूज़ कीजिए। ..(**व्यवधान**).. अखिलेश जी, महादेव जी सभी के हैं, उनका उपयोग और कभी कीजिएगा। .....(**व्यवधान**)..

**श्री अखिलेश प्रसाद सिंह :** सर, वे हमें खींचते रहते हैं, इसलिए उनका भी ध्यान रखना पड़ेगा।

**श्री सभापतिः** वह तो आपका और गिरिराज जी का सीधा संबंध है।

**श्री अखिलेश प्रसाद सिंहः** सर, सीधा संबंध है। चुनाव में भी कहते हैं कि मेरी तरफ मत आइएगा।

**श्री सभापतिः** और आप नहीं गए?

**अखिलेश प्रसाद सिंहः** सर, याद नहीं है। ...(**व्यवधान**)...लेकिन सर, जो पैकेज की बात है, उस पर कहना चाहूंगा कि जब मैं कॉलेज में पढ़ता था, तो एक बार सिनेमा में उपकार फिल्म देखने गया था। सर, उस पिक्चर का एक गाना था - "कसमें वादे प्यार वफ़ा सब बातें हैं बातों का क्या।" सर, आप भी इसको देखिएगा, शायद आपको भी पूरा याद होगा। महोदय, मैं ऐसा इसलिए कह रहा हूं, क्योंकि हमारा अतीत का पिछला अनुभव कुछ ऐसा ही रहा है। हमारे प्रधान मंत्री जी बिहार में, साल 2015 में, गाँधी मैदान की एक बड़ी रैली में गए थे। महोदय, रैली का पूरा दृश्य गिरिराज बाबू को भी याद होगा, वे मंच पर थे, इसलिए उन्हें और ज्यादा याद होगा। वह दृश्य पूरे बिहार की जनता ने देखा था, जब ऐसा लग रहा था कि प्रधान मंत्री जी बिहार की बोली लगा रहे हैं। वे पूछ रहे थे कि आपको कितना चाहिए? 10 करोड़, 20 करोड़, 50 करोड़, अच्छा चलिए, 1 लाख, 25 हज़ार करोड़। ऐसे पैकेज की घोषणा को सभी लोगों ने बिहार में देखा था, लेकिन पता नहीं उस काल्पनिक पैकेज का क्या हुआ ...(**व्यवधान**)...

**श्री सभापतिः** ये यील्ड करें तो। ..(**व्यवधान**)..

**श्री अखिलेश प्रसाद सिंहः** महादेव की कृपा से जब हम बैठेंगे तब। ..(**व्यवधान**)..

**श्री सभापतिः** मैं आपको इनके बाद भी मौका दूंगा।

**श्री अखिलेश प्रसाद सिंहः** इससे पहले 2014 में मोतिहारी में माननीय प्रधान मंत्री जी चुनावी सभा में बोलकर आए थे। वहाँ पर शुगरकेन का इलाका है और एक चीनी मिल थी। उन्होंने कहा था कि जब मैं अगली बार आऊँगा, तो यह चीनी मिल आपको चलती हुई दिखेगी और मैं इसी चीनी मिल की चीनी से बनी चाय पिऊंगा। महोदय, दस साल हो गए हैं, लेकिन आज भी 300 वर्कर्स अपने वेतन और पेंशन के लिए राह देख रहे हैं, बाट जोह रहे हैं कि पता नहीं प्रधान मंत्री जी कब आकर चीनी मिल खुलवाएंगे, ताकि हम लोगों की चाय बन सके और हम लोग मिलें। मैं सरकार और वित्त

मंत्री जी से इस मौके पर माँग करता हूँ कि आप पूर्वोदय स्कीम का जो नया जुमला लेकर आए हैं, उससे पहले जनता आपसे यह कहना चाहती है कि प्रधान मंत्री जी बिहार के लोगों से किए गए पुराने वायदों को पूरा करने का काम करें। महोदय, हम एक और बात कहना चाहेंगे। बिहार में अभी जो सो-कॉल्ड डबल इंजन की सरकार है, उसमें सरकारी कामों की जो हालत है, उससे भी सभी लोग वाकिफ हैं। पिछले छः महीने के अंदर-अंदर छः पुल नदी में बह गए। जो भी लोग पुल पार करने लगते हैं, तो हनुमान चालीसा पढ़ते हैं और महादेव को याद करते हैं। इस बार इस बजट में गंगा जी पर दो नए पुलों की घोषणा कर दी गई है, लेकिन वे पुल टिके रहेंगे कि गिर जाएंगे, इसकी क्या गारंटी है। हालत तो यह है ... ...(**व्यवधान**)...

दूसरी बात, बिहार में फ्लड मैनेजमेंट एक जटिल समस्या है। सभापति महोदय, अब बजट में फ्लड मिटिगेशन के लिए आर्थिक मदद की जो घोषणा की गई है, उसके execution की क्या रूपरेखा होगी? मुझे उम्मीद है कि मंत्री जी अपने जवाब में इस बिंदु पर कुछ बोलेंगी। महोदय, बिहार फूड प्रोसेसिंग के लिए पूरे देश में जाना जाता है, मतलब वहाँ जो कृषि उत्पाद हैं, अगर उनकी सही ढंग से मार्केटिंग की जाए, तो वे इंटरनेशनल ब्रांड बन सकते हैं। सर, मैं अगली बार आपके लिए यहाँ मुजफ्फरपुर की लीची भेजूंगा। हाजीपुर का केला... ...(**व्यवधान**)... अब तो सीजन खत्म हो गया है। भागलपुर का कतरनी चावल, चम्पारण का मर्चा चूड़ा, जिसे आप सुबह-सुबह खाते हैं, मिथिला का मखाना, यह आज जीरो ऑवर में ए. डी. सिंह जी ने खुद ही उठाया था। और भी तमाम ऐसे दूसरे उत्पाद हैं कि इन्हें मंत्री, मिनिस्ट्री ऑफ फूड प्रोसेसिंग इंडस्ट्रीज़ ठीक ढंग से देखतीं और प्रधान मंत्री जी का ध्यान जाता, तो बिहार के लिए बड़ा काम हो सकता था। अगर आप सचमुच में बिहार की आर्थिक स्थिति में सुधार के प्रति गंभीर हैं, तो मैं वित्त मंत्री जी से माँग करूँगा कि वे अपने जवाब में बिहार में डेडिकेटेड रूप से फूड प्रोसेसिंग को बढ़ावा देने के लिए एक सेंट्रली स्पॉंसर्ड स्कीम की घोषणा करें। संजोग से, मैं देख रहा हूँ कि फूड प्रोसेसिंग मिनिस्टर भी लगातार बिहार से ही होते रहे हैं और महादेव की कृपा से, प्रधान मंत्री जी की कृपा से अभी भी बिहार के ही हैं। सर, आप रवि शंकर प्रसाद जी को जानते हैं। वे पहले आईटी मिनिस्टर थे, लॉ मिनिस्टर भी थे। जब वे आईटी विभाग के मंत्री थे -- वैसे यहाँ पर हम लोगों की साइड में उनके बहनोई भी हैं। तब बिहार को लेकर एक और वायदा किया गया था कि पटना को आईटी हब के रूप में विकसित किया जाएगा। लगता है कि यह वायदा भी एक जुमला ही साबित हुआ है। इसी तरह से, ऐतिहासिक पटना विश्वविद्यालय को केंद्रीय विश्वविद्यालय का दर्जा देने की भी बात की गई। हमारे मुख्य मंत्री जी लगातार इस सवाल को उठाते रहे। सर, मैं भी वहीं का छात्र रहा हूँ और मुख्य मंत्री जी भी वहीं के छात्र थे। सेंट्रल गवर्नमेंट में कम से कम दस - नहीं, दस नहीं, अब आठ रह गए हैं, दो रिटायर कर गए हैं, आठ सचिव उसी कॉलेज से पढ़-लिखकर निकले हैं। और तो और, पिछले चार-पाँच साल से जो कैबिनेट सेक्रेटरी हैं — राजीव गौबा साहब, वे भी वहीं से पढ़े-लिखे हैं। सबके प्रयासों के बावजूद, सर, गिरिराज बाबू ने भी प्रयास किए होंगे, लेकिन वह केंद्रीय विश्वविद्यालय तो नहीं बना। अब इस पर जो बोलना है, बोलिए। इस पर तो हम बैठ भी सकते हैं। ...(**व्यवधान**)...

6.00 P.M.

हम लोगों ने तो 40-50 ही घटाई हैं, बाकी तो पावर है ही। ...(**व्यवधान**)... 40-50 सीट्स ही तो कम हुईं ...(**व्यवधान**)... पहले का जो हमारा अनुभव है, उसको देखते हुए तो यही लगता है कि इस बजट में भी बिहार के लिए वित्त मंत्री जी ने घोषणाएं की हैं, हालांकि सभी सहयोगी साथी बिहार और आंध्र प्रदेश के बारे में भाषण कर रहे थे। आंध्र प्रदेश के संबंध में तो देखते हैं कि कुछ पैसा सीधे तौर पर मिला भी है। बिहार को क्या मिला? रोड्स तो पूरे देश में बन रही हैं। रोड की घोषणा हो गई। सर, पुल की स्थिति के बारे में तो आपको बता ही चुके हैं कि पुल का क्या होने वाला है। ...(**व्यवधान**)... उससे यही लगता है कि ये भी सब कागज पर ही रहने वाला है। बजट पढ़ते हुए हमको कई जगह ऐसा लगा कि यह सरकारी ऑथेंटिक डॉक्युमेंट नहीं है, बल्कि वादों की बौछारों वाला फिर से कोई चुनावी भाषण है। उदाहरण के लिए वित्त मंत्री जी ने कहा कि बिहार में नए एयरपोर्ट, नया स्पोर्ट इन्फ्रास्ट्रक्चर और नए मेडिकल कॉलेज खोले जाएंगे, लेकिन इसकी भी कोई स्पेसिफिक डिटेल नहीं है कि इसके लिए कितनी राशि रखी गई है और इन कामों के लिए किन जगहों की पहचान की गई है।

सर, बार-बार उधर से लोग पूछते हैं कि आपने क्या किया, कांग्रेस पार्टी ने क्या किया, नेहरू जी ने क्या किया, इंदिरा जी ने क्या किया, लालबहादुर शास्त्री जी ने क्या किया। मैं महादेव की कृपा से बताना चाहता हूं कि देश जब आजाद हुआ पहली पंचवर्षीय योजना, दूसरी पंचवर्षीय योजना में बिहार - यह हम नहीं कह रहे हैं ...(**व्यवधान**)... क्या पहले वाला नहीं सुनना चाहते हैं? Bihar was the best administered State in the country. यह सरदार वल्लभभाई पटेल ने मुख्य मंत्रियों के सम्मेलन में कहा था। ...(**व्यवधान**)... क्या श्री बाबू आरएसएस हेडक्वार्टर से कोई ट्रेनिंग लेकर निकले थे या कांग्रेस में ही थे? ...(**व्यवधान**)... गिरिराज बाबू, एक बात और जान लीजिए कि आज एग्रीकल्चर आप लोगों के लिए प्राथमिकता हो गई है, लेकिन खेती, खलिहान, किसान, नौजवान से तो आपको कोई मतलब नहीं है - उस रिजीम में बिहार ऐसा था कि अकेले पूरे देश में 27 परसेंट चीनी बिहार पैदा करता था। ...(**व्यवधान**)...

**श्री सभापति** : गिरिराज जी, आपको भी मौका मिलेगा।

**श्री अखिलेश प्रसाद सिंह:** सर, ये बिहार के बारे में अच्छी बात भी नहीं सुनना चाहते हैं। ...(**व्यवधान**)...

**श्री सभापति** : मुझे तो ऐसा लगता है कि महादेव की कृपा से ...(**व्यवधान**)...

**श्री अखिलेश प्रसाद सिंह:** मंत्री हैं और हमसे रिश्ता भी अच्छा है। ...(**व्यवधान**)...

**श्री सभापति:** महादेव की कृपा से आपका और गिरिराज जी का सीधा संबंध है। आप मेरी तरफ देखिए, फिर वह संबंध नहीं रहेगा।

**श्री अखिलेश प्रसाद सिंहः** सर, हम आपको ही देख रहे हैं और महादेव की गुहार लगाना तो आवश्यक है। यह भी हम बताएंगे कि हम महादेव-महादेव क्यों कह रहे हैं। ...(**व्यवधान**)... सर, उस समय 27 परसेंट चीनी नेशनल किटी में अकेले बिहार कन्ट्रिब्यूट करता था, जो आज so-called double engine की सरकार में घटकर 2 परसेंट से भी नीचे चला गया है। बिहार की यह स्थिति हो गई है।

सर, जो ये यूपीए का 10 साल का सुनना चाहते हैं, उसके बारे में भी मैं बताना चाहता हूं। यूपीए में संयोग से मेरे बड़े मंत्री थे, शरद पवार साहब, उनके साथ कृषि विभाग, खाद्य विभाग का काम देखने का मुझे मौका मिला। उस समय इनकी तरफ से राजनाथ सिंह जी, जो डिफेंस मिनिस्टर हैं, वे कृषि मंत्री रहे थे, तो बजट बनने से पहले शरद पवार साहब उनको भी बुलाते थे, स्वर्गीय बलराज मधोक साहब को बुलाते थे, स्वर्गीय चतुरानन मिश्र जी को भी बुलाते थे, सबको बुलाते थे। मुझे अच्छी तरह से याद है कि प्रधान मंत्री मनमोहन सिंह जी ने देश भर के किसान संगठन के लोगों को भी बुलाया था और उनकी बातों को सुना था कि कृषि पर क्या करना है। संजय झा जी, अभी तो सीधे-सीधे *...(**व्यवधान**)...

MR. CHAIRMAN: No, no; this is deleted. *...(Interruptions)...*

**श्री अखिलेश प्रसाद सिंह** : सर, वे पूछ रहे हैं। ...(**व्यवधान**)...

**श्री सभापति** : ठीक चल रहे थे, पर अब नहीं। ...(**व्यवधान**)...ठीक है। Point was taken. वे सीनियर आदमी हैं; he has understood.

**श्री अखिलेश प्रसाद सिंह** : सर, उसको delete कर दीजिए, कोई बात नहीं। वैसे वे लोग नाम लेने लायक थे भी नहीं, लेकिन इन लोगों ने पूछ लिया, इसलिए मैंने लिया।

**श्री सभापति** : आपने मुझे delete भी करने नहीं दिया, खुद ही delete कर दिया।

**श्री अखिलेश प्रसाद सिंह** : सर, जब आपका मन था, तो आपके बाहर तो मैं जा नहीं सकता हूँ। सर, कहने का मतलब यह कि वह जो सरकार थी, उसमें खेत-खलिहान, किसान, उनके लिए प्राथमिकता थी, कॉरपोरेट सेक्टर के लिए प्राथमिकता नहीं थी। इसलिए जो किसानों ने कहा, उसके अनुरूप काम किया गया। आज देश में किसान आत्महत्या कर रहा है, वह ऋण के दबाव में आत्महत्या कर रहा है। इसलिए आपको याद होगा कि 72,000 करोड़ रुपए के लोन की माफी हुई थी।

पिछली बार भी, जब 2019 में सरकार बनी थी, तो मैंने मैडम वित्त मंत्री जी का भाषण सुना था, जिसमें 5 ट्रिलियन डॉलर की बात की गई थी। इस बार उसकी कोई चर्चा नहीं है कि कहाँ तक हम लोग पहुँचे। ...(**व्यवधान**)... हाँ, हड़बड़ी में हो गया होगा। लेकिन ...(**व्यवधान**)... सर,

* Expunged as ordered by the Chair.

चिदम्बरम साहब ने इधर से open किया था, ये उस समय वित्त मंत्री थे। उन्होंने बजट प्रस्तुत करते हुए कहा था कि हम 5 साल में rural credit को दोगुना करेंगे, लेकिन जब मनमोहन सिंह जी का 5 साल का पहला कार्यकाल समाप्त हुआ, तो rural credit दोगुना की जगह तिगुना करके दिखाया गया था। यह था मनमोहन सिंह जी की सरकार का काम। सारी रूरल रोड्स, जो आज बनती हुई दिख रही हैं, जितना electrification हुआ, अगर 28 हजार गाँवों को छोड़ दिया जाए, जिसके लिए ये लोग पीठ थपथपाते हैं, वह सब उनके कार्यकाल में हुआ था। ...(**व्यवधान**)... मुँहज़ुबानी। हमने फिजिक्स में एमएससी, पीएचडी किया है। ...(**व्यवधान**)... महादेव जी की कृपा तो थोड़ा-बहुत हम पर भी है न! ...(**व्यवधान**)... तो मुँहज़ुबानी ही बोलना है न। ...(**व्यवधान**)...

MR. CHAIRMAN: No cross-talk. ...*(Interruptions)*...

**श्री अखिलेश प्रसाद सिंह** : पोलिटिकल साइंस नहीं किया।

**श्री सभापतिः** अखिलेश जी, इधर देख कर बोलिए।

**श्री अखिलेश प्रसाद सिंहः** सर, उनको तो रोकिए। ...(**व्यवधान**)...

**श्री सभापतिः** महादेव जी की कृपा से आप ही यह काम कीजिए।

**श्री अखिलेश प्रसाद सिंह** : सर, हम ही करते हैं।

सर, आज सुबह सुरजेवाला जी ने MSP की बात उठाई। मुझे अच्छी तरह से याद है 2006-07 के बजट में जो घोषणा हुई थी, पहली पंचवर्षीय योजना से पंद्रहवीं पंचवर्षीय योजना तक चले आइए, 10 रुपए, 20 रुपए, हर बजट में MSP बढ़ता था, 50 रुपए बढ़ता था, लेकिन कांग्रेस की और यूपीए की सरकार ने पहली बार सीधे MSP को दोगुना करने का काम किया था। स्वर्गीय वाजपेयी जी के समय में जिस धान की कीमत 550 रुपए प्रति क्विंटल हुआ करती थी, वह सीधे 1,100 रुपए प्रति क्विंटल हुई। जिस गेहूँ की कीमत 620 रुपए प्रति क्विंटल हुआ करती थी, उसको सीधे 1,240 रुपए प्रति क्विंटल करने का काम किया गया। महादेव की कृपा से हम लोगों के कथनी-करनी में कोई फर्क नहीं है।

अब ज़रा देखिए, यूपीए ने अपने 10 साल के कार्यकाल में बिहार को क्या-क्या दिया था। सबसे पहले रेलवे में दो बड़े प्रोजेक्ट्स बिहार को दिए गए। ...(**व्यवधान**)... अब बर्दाश्त नहीं हो रहा है। ...(**व्यवधान**)... इलेक्ट्रिक लोकोमोटिव फैक्टरी, मधेपुरा और डीजल लोकोमोटिव फैक्टरी, मढ़ौरा। ...(**व्यवधान**)...

**श्री सभापतिः** वक्ता की लय है। ...(**व्यवधान**)...

**श्री अखिलेश प्रसाद सिंहः** अनेक नई ट्रेन्स शुरू की गईं। ...(**व्यवधान**)...

**श्री सभापतिः** आप देखिए तो सही कि कितना तारतम्य है।

**श्री अखिलेश प्रसाद सिंहः** इस दौरान बिहार में 6 नए पावर प्रोजेक्ट्स लगाए गए। प्रधान मंत्री ग्रामीण सड़क योजना के अंतर्गत साल 2013 में 5,700 किलोमीटर ग्रामीण सड़कों के निर्माण के लिए रिकॉर्ड धनराशि जारी की गई। इसके अलावा नेशनल हाईवे और स्टेट हाईवे के सेक्टर में भी बिहार को स्पेशल ट्रीटमेंट देने का काम मनमोहन सिंह जी के नेतृत्व वाली सरकार ने किया था। बिहार जैसे राज्यों की विशिष्ट जरूरतों को ध्यान में रखते हुए यूपीए सरकार ने साल 2006 में Backward Region Grant Fund शुरू किया था। साल 2014 में रघुराम राजन कमिटी की रिपोर्ट के आधार पर बिहार सहित चार राज्यों को विशेष आर्थिक सहायता देने का प्रावधान किया गया था। बिहार को कुल मिलाकर 2 लाख करोड़ रुपये की परियोजनाओं की सौगात दी गई थी, लेकिन मोदी सरकार ने सत्ता में आते ही इन सभी परियोजनाओं को ठंडे बस्ते में डाल दिया और बिहार के साथ * शुरू हो गया।

पिछले कई विधान सभा और लोक सभा चुनावों में एनडीए के लोग बिहार की जनता को स्पेशल स्टेटस का गुलाबी सपना दिखाते रहे हैं। इस बार जब कोलिशन सरकार आई और हमें लगा कि नीतीश जी थोड़ा मजबूत हुए, तो हम लोगों को भी लगा कि शायद इस दिशा में अब बिहार के लिए गंभीरता से कुछ होने वाला है, लेकिन इस सरकार ने तो पहले ही संसद सत्र में यह कह कर पल्ला झाड़ लिया कि स्पेशल स्टेटस नहीं देंगे, क्योंकि बिहार इसके पैरामीटर पर फिट नहीं बैठता। ...(**व्यवधान**)... कुछ ज्ञान की बात भी होनी चाहिए। ...(**व्यवधान**)...

**श्री सभापतिः** अखिलेश जी, घड़ी पर भी कुछ ध्यान दीजिए।

**श्री अखिलेश प्रसाद सिंहः** सर, मेरा सवाल यह है कि ऐसा जो पैरामीटर है, वह महादेव जी तो नहीं बनाते हैं, सरकार ही बनाती है और जरूरत के मुताबिक उसमें संशोधन भी कर सकती है। आज अगर कोई राज्य स्पेशल स्टेटस सबसे ज्यादा डिजर्व करता है, तो वह बिहार है। मानव विकास के सभी सूचकांकों से ले कर राष्ट्रीय आय और औद्योगीकरण के मामले में बिहार की स्थिति सबसे खराब है। ...(**समय की घंटी**)... केंद्रीय संस्थानों की संख्या भी बिहार में अन्य राज्यों के मुकाबले काफी कम है। इसके अलावा बिहार में बाढ़ और सुखाड़ की भी स्थायी समस्या है। इसलिए मैं तो यही कहूँगा कि बिहार को स्पेशल स्टेटस मिलना बिहार की जनता का हक़ है।

MR. CHAIRMAN: Thank you.

**श्री अखिलेश प्रसाद सिंहः** सर, मैं जो बार-बार महादेव जी का जिक्र कर रहा था, बजट में गया में धार्मिक कॉरिडोर बनाने की जो बात की गई है, उसका मैं स्वागत करता हूँ, लेकिन इस तरह की योजना केवल सेंट्रल बिहार तक ही सीमित नहीं रहनी चाहिए। पूरे बिहार और झारखंड में ऐसे अनेक ऐतिहासिक धार्मिक स्थल हैं, जिनके प्रति देश भर के लोगों की गहरी आस्था है। झारखंड

---

* Expunged as ordered by the Chair.

Content Page

में बाबा वैद्यनाथ मन्दिर है। मैं जो महादेव-महादेव कर रहा था, वहीं से पूजा करके आया हूँ। ये भी वहाँ जरूर गए होंगे। बिना वहाँ गए हुए इनका मन नहीं भरता है। ...(**व्यवधान**)... वहाँ बाबा वैद्यनाथ, बासुकी नाथ और रजरप्पा का मन्दिर तथा बिहार में हरिहर नाथ, थावे, गोपालगंज, अरेराज और माँ जानकी स्थान सीतामढ़ी के विकास और धार्मिक पर्यटन की अपार संभावनाएँ हैं। ...(**समय की घंटी**)... इसके लिए आज तक आप कोई रोडमैप लेकर नहीं आए। दरअसल, हमको तो कहीं न कहीं इस बात में दम लगता है कि शायद बड़े उद्योगपतियों और प्राइवेट कंपनियों के हितों की रक्षा के लिए यह सरकार बिहार और झारखंड को एक लेबर फैक्टरी बना कर रखना चाहती है। ...(**व्यवधान**)...

**श्री सभापतिः** अखिलेश जी, महादेव जी की कृपा से आप एक बार घड़ी भी देखिए।

**श्री अखिलेश प्रसाद सिंहः** सर, आप हैं न! अब यहाँ हम लोगों के असली महादेव तो आप हैं। ...(**व्यवधान**)... यह रहना चाहिए। ...(**व्यवधान**)...

MR. CHAIRMAN: Round up, round up.

**श्री अखिलेश प्रसाद सिंहः** सर, बिहार और झारखंड के संदर्भ में मैं थोड़ा सा रेलवे की भी बात करना चाहूँगा, क्योंकि अब तो रेल बजट का कांसेप्ट ही खत्म कर दिया गया है। आपके लिए तो अब सब कुछ one है - One Nation, One Budget. खैर, यह तो आपका निर्णय है। जब हम लोग आएँगे, तब देखेंगे कि इसमें क्या करना है। जैसा मैंने कहा कि बिहार और झारखंड को देश की लेबर फैक्टरी बना कर तो रखा ही हुआ है, लेकिन आजीविका के लिए लाखों की संख्या में जो प्रवासी लोग बिहार और झारखंड से बाहर रह रहे हैं, ...(**समय की घंटी**)... तीज-त्यौहार के मौकों पर उनके घर जाने के लिए समुचित संख्या में ट्रेन की सुविधा तो दे दीजिए। आज हालत यह है कि दीवाली, छठ के मौके पर बिहार-झारखंड जाने वाली सभी ट्रेनों में टिकट अभी से फुल है, लेकिन आपको घोषणाबाजी से फुर्सत मिले, तब तो इस तरह के जमीनी मुद्दों की तरफ आपका ध्यान जाए।

सर, बजट पर तो असल में अब आना था, लेकिन जब मेरा समय समाप्त हो रहा है, तो इस पर एक बात कह कर मैं अपनी बात समाप्त करूँगा कि सरकार को सही मायने में बिहार के साथ सौतेलेपन का व्यवहार बन्द करना चाहिए और नीतीश जी की माँग को सही मायने में मान लेना चाहिए। बिहार को जल्दी से विशेष राज्य का दर्जा दे दीजिए। नहीं तो सर, जब मैं 2000 की विधान सभा में काम करता था, उसी समय से इस पैकेज की बात शुरू हुई थी। उस समय एल.के. आडवाणी जी तत्कालीन गृह मंत्री थे। बिहार के बंटवारे पर उन्होंने भाषण देते हुए कहा था कि हम 1 लाख, 80 हजार करोड़ का पैकेज देंगे, बिहार को हरियाणा और पंजाब जैसा बनाएँगे। पता नहीं, सर, जब से उस पैकेज की बात शुरू हुई, तब से पैकेज-पैकेज और स्पेशल स्टेटस-स्पेशल स्टेटस - सर, अब कुछ तो करवा दीजिए, ताकि जब आप यहाँ हैं, तो महादेव की कृपा से बिहार का कुछ भला हो। बहुत-बहुत धन्यवाद।

MR. CHAIRMAN: Would you like to intervene?

**वस्त्र मंत्री (श्री गिरिराज सिंह)**: सर, ये जितना बोले हैं, वह सब सत्य से परे है। 2004 के बाद इन्हीं की सरकार थी, तो ये बताएं कि 2004 से 2014 के बीच कितना पैसा दिया गया? ये यह भी तो बता देते। इन्होंने प्रधान मंत्री जी के बारे में जो सवा लाख करोड़ रुपए की बात कही, मैं इनको बताना चाहता हूँ कि दो लाख करोड़ रुपए का इन्वेस्टमेंट हुआ है। अगर आप कहें, तो मैं इसको ऑथेंटिकेट कर सकता हूँ, इसलिए मैं इनको कह रहा हूँ।

MR. CHAIRMAN: Ms. Dola Sen; you have ten minutes.

SHRI TIRUCHI SIVA: You said, 6.15 p.m.

MR. CHAIRMAN: After this.

MS. DOLA SEN (West Bengal): Thank you, Mr. Chairman, Sir, for giving me an opportunity to speak and the heartiest thanks to our Party, All India Trinamool Congress, for giving me an opportunity to speak here on the Budget. I will try to speak in Bengali too, my mother tongue, along with Hindi and English. Seven Members from my Party, All India Trinamool Congress, are speaking on the Budget in both the Houses. Thank you, Sir, for allocating 20 hours for this Budget discussion. While thanking on the subject of allotment of time, may I make a constructive suggestion? Allot four hours every week for a Short Duration Discussion on a notice given by the Opposition plus a Calling Attention notice submitted by the Opposition may be taken up every fortnight. We, in the Opposition, want Parliament to run. We want issues affecting the common people to be discussed, क्योंकि पीपल्स वॉयस उठाना अपोज़िशन का फर्ज़ बनता है। That is why I am making this suggestion.

I am not the student of economics. मैं अर्थ नीति उतनी नहीं समझती हूँ, फिर भी मैं तीन-चार प्वाइंट्स पहले ही बोलना चाहती हूँ। Estimated Budget और Revised Budget में रियल एक्सपेंडीचर का जो फर्क होता है, जो पहले बोला जाता है और जो फाइनली किया जाता है, वह कभी एक नहीं होता है। यह एक महत्वपूर्ण इश्यू है।

As a whole, आम जनता का कंजम्प्शन बहुत लो लेवल पर है। अगर गवर्नमेंट पॉलिसी ऐसी ही रहेगी, तो इतना बजट डिक्लेरेशन में फायदा नहीं है। अगर गवर्नमेंट ठीक से सप्लाई चैनल न बनाए, तो डिमांड चैनल ठीक से सामने नहीं आएगा। अगर जनता की डिमांड नहीं बढ़ेगी, तो सप्लाई की क्या जरूरत है? लोगों के हाथों में पैसा नहीं रहने से देश की इकोनॉमिक सिचुएशन चंगी कैसे हो सकती है?

अभी पिछले दस साल में यूनियन गवर्नमेंट है, चाहे वह 303 सीट्स वाली, 'मोदी है तो मुमकिन है' वाली गवर्नमेंट हो, चाहे आज की तरह सिंगल लार्जेस्ट पार्टी न होते हुए मिली-जुली

shaking, shivering, dependent, struggle for existence वाली गवर्नमेंट ही हो, सिर्फ हर एक प्वाइंट पर 70 साल की बात ही बोलते हैं, सिर्फ अर्लियर रिजीम को गाली देते हैं। हमने कभी यह नहीं देखा कि Modi *Babu*-led Treasury Benches पूरे देश की हर एक पॉलिसी को लेकर detailed and serious discussion करना चाहते हैं। हमने यह कभी नहीं देखा। लेकिन इतने बड़े देश में, 140 करोड़ पोपुलेशन में जब 70 per cent are below poverty line, तब हमें हर एक पॉलिसी को लेकर sincere and serious concern होना चाहिए।

World Inequality का रिसेंट डेटा बता रहा है कि इंडिया में रिच एंड पुअर के बीच इकोनॉमी के अंतर ने पिछले सब रिकॉर्ड को तोड़ दिया और for your information, 40 per cent of our national assets is lying with 1 per cent richest section. लेकिन सबसे unfortunate बात यही है कि 2021-22 में यूनियन गवर्नमेंट को जीएसटी का जो टोटल 14.83 लाख करोड़ रुपए मिला है, उसमें से 64 परसेंट देश की सबसे नीचे रहने वाले 50 परसेंट इंडियन सिटिजन्स की तरफ से मिला है और मात्र 3 (तीन)परसेंट रिच और वित्तवान की तरफ से मिला है। सर, यह कितने दुख की बात है। Shame on them!

India's income inequality is at an all-time high. Any sensible Government could have reduced the tax burden on the middle-class and increased taxes on billionaires, but not this Modi-*Babu's* मिली-जुली गवर्नमेंट and Nirmala Ji's Budget? never ever. So unfortunate!

इकोनॉमिक्स में नोबेल लॉरिएट अमर्त्य सेन जी ने बोला है कि एजुकेशन और हेल्थ स्कीम्स में ज्यादा ध्यान देना चाहिए, लेकिन मात्र 2.6 परसेंट एजुकेशन में और 1.8 परसेंट हेल्थ सेक्टर में खर्च किया जा रहा है। सर, ऐसे में हम कैसे आगे बढ़ेंगे?

रिच और पुअर के बीच inequality के बारे में दो और नोबेल लॉरिएट्स, अभिजीत विनायक बंद्योपाध्याय और एस्थर डुफ्लो ने बोला है कि गवर्नमेंट की ओर से गरीबों के बैंक एकाउंट में पैसा देना चाहिए। उन्होंने यह बात कोविड के बाद इकोनॉमिक डिजास्टर संभालने के लिए मोदी बाबू को बोला था, लेकिन मोदी बाबू ने सोचा कि इससे तो गरीब लोग आलसी हो जाएँगे, और काम नहीं करेंगे, लेकिन ममता दीदी ने पश्चिमी बंगाल में 'लक्ष्मी भंडार योजना' चालू की है। बैंक अकाउंट में पैसा स्टेट गवर्नमेंट की ओर से भेजा जा रहा है, क्योंकि असल में अगर गरीबों के हाथ में पैसा जाएगा तो इसका मतलब यही है वे भी बाजार से चीज़ें खरीदेंगे और इससे इकोनॉमी पर अच्छा ही असर पड़ेगा।

The Economic Survey is the guideline of any Budget, लेकिन इस बार इकोनॉमिक सर्वे में जो लिखा गया, उसका रिफ्लेक्शन भी हमको बजट के अंदर देखने को नहीं मिला।

Sir, I would like to take the focus on three kinds of people in my speech on Budget, namely, children, workers in the unorganized sector and the farmers.

1. Children - बचपन में हम स्कूल में सीखते थे कि," आज का शिशु आगामी दिनों का भविष्य है", लेकिन इस बजट में उसकी हालत भी बहुत बुरी है - वर्ष 2013-14 में जो 4.64 per cent था, उससे भी half हो गया और अभी 2.35 per cent है।

Top global organisations have reported that India has the world's highest zero-food children and second highest zero-vaccine children, but the Government has refuted these reports. So, I am not going into that.

Four out of ten children in India live in severe food poverty. The Government rejected half the applications received under 'PM CARES for Children' orphaned during Covid. India has the second highest burden of deaths among children under the age of five years. Thirty-five per cent children under five years of age are stunted and 32 per cent are underweight.

But, in the Budget Speech, children or their nutrition was not mentioned even once. Mention the name of your oxygen givers, who are supporting your Government, as much as you want. We understand your compulsion, but, at least, take one minute to talk about the children, and our senior citizens too. They are also in deep distress. There is not a single word for the betterment of our senior citizens.

*"You know that in the Old Pension Scheme, earlier there was Old Pension Scheme under which, against a salary of Rs.10,000, there was a scope to get Rs. 5000 as pension." Now under New National Pension Scheme, people get only Rs. 1500 as pension. It is not fair. We condemn, Sir. We want the Old Pension Scheme back.

2. Unorganized Workers : Now, I will talk about the unorganized sector. I am the All-India President of Trinamool Congress's Trade Union Wing, may be the only such woman President from any Party incidentally. So, I know the hardships that labourers and workers face every day because I am a learner in this trade union sector for the last 31 years.

Six out of ten unskilled casual agricultural workers and seven out of ten constructions workers did not receive the minimum wage prescribed by law. The real income of agricultural labourers has increased by Rs.3 per annum, while for a construction worker, it has increased by Rs.2 per annum. For non-agricultural labourers, the increase has been just Rs.1 per annum. Over 300 people lost their lives due to hazardous cleaning of sewerage and septic tanks in the last five years. One out of five of these deaths took place in Prime Minister's home State of Gujarat.

But, see Bengal's record. Bengal is the third highest employer in unincorporated non-agricultural sector. Bengal has been the best in providing female employment, but the Union Government has not paid Bengal Rs.7,000 crore under MGNREGA, and an amount of Rs.1,71,000 crore is due overall.

---

* English translation of the original speech delivered in Bengali.

Content Page

Unfair stopping of wages leads to victimization of workers and may push them to the brink of starvation. We condemn federal fiscal terrorism and political vendetta.

We are thankful to our hon. Chief Minister that she has paid total due wages to workers of MGNREGA scheme from the funds of the State Government only.

3. Farmers: Farmers and Trinmool Congress are "Aki brinte duti kusum". I belong to a Party whose Chairperson, Ms. Mamata Banerjee, went on a 26-day hunger strike in support of farmers, 18 years ago. I was there with her personally for those 26 days. So, we have always stood by farmers, but what is the state of farmers under this Government?

Foodgrain production has fallen by 20 million tonnes in 2023-24 as compared to the previous year. The average nominal daily wage of agricultural labourers has increased by only Rs.22. Members before me have spoken about the high food inflation. Think about the farmers who produce that food. हमारे अन्नदाता के बारे में सोचिए। They have to pay 12 per cent GST on water pumps. There is no MSP yet. Thirty farmers commit suicide every day. The PM promised to double farmers' income by 2022, but failed. Learn from Bengal. We have not doubled, but we have tripled the farmers' income.

Some more points, Sir. *"Sir, everyone is aware that from Rail to BHEL, SAIL to BSNL, there is disinvestment everywhere. Profitable PSUs are being corporatized and disinvested, 74% corporatisation in the defence sector, 100% FDI in coal sector, General Insurance, LIC, banks, all are being deliberately sickened. And new jobs in ten years is not even 20,000, or 20 lakhs, leave aside 20 crores; this year's budget only promises apprenticeship, no jobs anymore. Apprenticeship instead of jobs?? What a shame!!

And, according to this budget speech, we have come to know as if there are floods in Bihar and Assam, but not in Bengal; there is landslide in Sikkim, not in Bengal; there is sea beach in Odisha, not in Bengal; there are temples and tourist spots in Bihar, there is none in Bengal.

We are proud of our neighbouring states, but we strongly oppose this anti-people, anti-opposition states, anti-federalism, anti-Bengal budget.

We have to remember that we don't stay in a colony of the Union Government. We want for the people, of the people, by the people common man's budget."

Thank you, Chairman Sir.

---

*English translation of the original speech delivered in Bengali.

Content Page

## SPECIAL MENTIONS

MR. CHAIRMAN: Special Mentions. Dr. Laxmikant Bajpayee. Demand to Develop Hastinapur (District Meerut), Garhmukteshwar (District Hapur) and Bohla Jhal (Jani Block District Meerut) in Western Uttar Pradesh as National-Level Tourist Destinations.

### Demand for developing Hastinapur (District Meerut), Garhmukteshwar (District Hapur) and Bohla Jhal (Jani Block District Meerut) in Western Uttar Pradesh as national level tourist destinations

**डा. लक्ष्मीकान्त बाजपेयी** (उत्तर प्रदेश) : माननीय सभापति महोदय, भागवत पुराण व महाभारत में कौरवों की राजधानी हस्तिनापुर, इसकी ऐतिहासिकता और आध्यात्मिकता के साथ-साथ वन की सुंदरता भी लुभाती है। अब यह प्रसिद्ध जैन तीर्थ और जम्बूद्वीप के नाम से भी जाना जाता है।

(MR. DEPUTY CHAIRMAN *in the Chair.*)

हस्तिनापुर तीर्थ नगरी को सीधे ब्रजघाट से जोड़ने हेतु हस्तिनापुर से निकली मध्य गंगा नहर की दायीं पटरी को फोर लेन बनाया जा सकता है। इस मार्ग के निकट माँ भद्रकाली का मंदिर और झारखंडी के प्राचीन मंदिर होने के कारण भविष्य में इसमें और भी विस्तार किया जा सकता है।

शिव पुराण के अनुसार गढ़मुक्तेश्वर का प्राचीन नाम 'शिव वल्लभ' (शिव का प्रिय) है। प्रशासनिक दृष्टि से गढ़मुक्तेश्वर एक पिछड़ी तहसील है, लेकिन सांस्कृतिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है और कार्तिक पूर्णिमा पर लाखों लोगों का मेला गंगा के किनारे 'टेंट सिटी' के रूप में लगता है। पर्यटन स्थल विकसित करने की एक कार्य-योजना तो बनी, लेकिन गति नहीं मिली है। दिल्ली से सड़क एवं रेल मार्ग से जुड़े होने के कारण इसे हरिद्वार की भांति घाटों का सौंदर्यीकरण करने की आवश्यकता है।

दिल्ली के नज़दीक गंगनहर के किनारे भोला झाल को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किया जाना आवश्यक है। यहाँ प्राचीनकाल का जल विद्युत परियोजना बिजली घर है, जो देश एवं दिल्ली के पर्यटकों को दिखाने में उपयोग हो सकेगा।

उपसभापति जी, मैं आपके माध्यम से इस संबंध में सरकार का ध्यान आकृष्ट करना चाहता हूँ कि उक्त तीनों स्थानों को राष्ट्रीय स्तर के पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने पर विचार किया जाए, धन्यवाद।

Content Page

MR. DEPUTY CHAIRMAN: The following Members associated themselves with the Special Mention made by hon. Member, Dr. Laxmikant Bajpayee: Shri M. Mohamed Abdulla (Tamil Nadu), Shri Brij Lal (Uttar Pradesh) and Shri Amar Pal Maurya (Uttar Pradesh). Shri Ramji Lal Suman. Demand to Provide Seeds to Farmers at rates of Minimum Support Price.

**Demand to provide seeds to farmers at rates of minimum support price**

**श्री रामजी लाल सुमन** (उत्तर प्रदेश) : उपसभापति महोदय, सर्वविदित है कि किसान महंगी दरों पर बीज खरीदकर फसल पैदा करता है। सहकारी समितियां देश में सभी किसानों तक अपनी पहुंच बनाने में नाकाम रही हैं, जिसके कारण किसान बाजार से अत्यधिक महंगी दरों पर बीज खरीदने के लिए मजबूर हैं।

खरीफ का बीज हो या रबी का, हर फसल के विभिन्न बीज देशी एवं विदेशी कंपनियां बाजार में बेच रही हैं। बीजों की दरों पर किसी तरह का कोई नियंत्रण नहीं है। कंपनियों से बिचौलिए बीज खरीद कर मनमर्ज़ी दामों पर बाजार में किसानों को बेचते हैं, जिसे न चाहते हुए किसान खरीद कर अपने खेतों में लगाते हैं। वहीं दूसरी ओर किसान अपनी उपज को न्यूनतम समर्थन मूल्य से काफी नीचे की दरों पर बेचने के लिए बाध्य होता है।

सदन के माध्यम से मेरी मांग है कि सरकार सभी बीजों को न्यूनतम समर्थन मूल्य पर - जो सरकार प्रति वर्ष स्वयं तय करती है, उसी न्यूनतम समर्थन मूल्य पर किसानों को बीज उपलब्ध कराए, जिससे कृषि कार्यों पर महंगाई की मार किसानों को न झेलनी पड़े, धन्यवाद।

MR. DEPUTY CHAIRMAN: The following Members associated themselves with the Special Mention made by hon. Member, Shri Ramji Lal Suman: Shri Haris Beeran (Kerala), Shri A.A. Rahim (Kerala), Shri R. Girirajan (Tamil Nadu), Dr. Kanimozhi NVN Somu (Tamil Nadu), Dr. V. Sivadasan (Kerala), Shri M. Mohamed Abdulla (Tamil Nadu) and Dr. John Brittas (Kerala). Shri Mahendra Bhatt. Demand to include Yoga Education in Central Government Education Curriculum.

**Demand for inclusion of Yoga Education in Central Government Education curriculum**

**श्री महेंद्र भट्ट** (उत्तराखंड) : महोदय, 21 जून योग दिवस के बाद योग शिक्षा के महत्व को पूरे विश्व ने जाना है। अपने जीवन को स्वस्थ एवं दीर्घायु बनाए रखने के लिए प्रत्येक दिन योग का महत्व जीवन के लिए अनिवार्य महसूस हो रहा है। महोदय, आज के व्यस्ततम जीवन में अपने शरीर के लिए समय निकालना जटिल एवं कठिन प्रतीत होता जा रहा है। आदत में योग को लाना केवल विद्यार्थी जीवन की शिक्षा से ही सम्भव है। महोदय, उत्तराखंड सरकार ने इस दिशा में प्रयास किया है, वहां माध्यमिक एवं उच्च शिक्षा में योग शिक्षा के लिए शिक्षित योग शिक्षकों को नियुक्ति देना शुरू किया है।

महोदय, मैं केंद्र सरकार से भी अपेक्षा करता हूं कि भारत की इस धरोहर को युवा पीढ़ी के हृदय में लाने के लिए केन्द्रीय शिक्षा में भी प्राथमिक से उच्च शिक्षा तक योग शिक्षा की अनिवार्यता को सुनिश्चित करने के प्रयास हों, जिससे हम अपनी इस पुरातन शिक्षा से विश्व को भी लाभ पहुंचा सकें।

MR. DEPUTY CHAIRMAN: The hon. Member, Shri Dhananjay Bhimrao Mahadik. associated himself with the Special Mention made by hon. Member, Shri Mahendra Bhatt.

**Need to Bridge the AI and Data Science Skill Gap in India**

SHRI S. NIRANJAN REDDY (Andhra Pradesh): Data science skills are crucial for Artificial Intelligent development and deployment. However, presently, India has an acute shortage of trained AI and data science professionals. As per a NASSCOM report from 2023, there is a significant supply gap of 60 per cent to 73 per cent for specialised roles like machine learning engineers, data scientists, AI researchers and data engineers. As of 2022, India had a shortfall of 2,13,000 general AI and data science professionals, indicating a 51 per cent supply gap. Notably, 70 per cent of India's AI talent is concentrated in tier-1 cities, highlighting the need to promote tier-2 and tier-3 cities as new hubs for AI development. To address this, the Government should update and integrate AI and data science into educational curricula at all levels. Industry-academia collaborations should be fostered to promote joint research projects and innovation hubs aligned with industry needs. The Future Skills Prime program could expand ties with AI-powered learning platforms to offer free personalized training and real-time feedback. Government initiatives like India AI Mission should emphasize continuous learning and professional development. This can be achieved through fellowships, investing in higher education and research, incubating start-ups, providing mentorship and engaging in international collaborations. AI adoption could add up to 500 billion dollars to India's GDP by 2025, accounting for 10 per cent of the country's 5 trillion dollar economy goal. Therefore, it is crucial for the Government to take necessary steps to ensure a skilled workforce is available for AI development in India. Thank you, Sir.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: The following hon. Members associated themselves with the Special Mention made by hon. Member, Shri S. Niranjan Reddy: Dr. John Brittas (Kerala), Shri M. Mohamed Abdulla (Tamil Nadu), Dr. Kanimozhi NVN Somu (Tamil

Nadu), Shri Sandosh Kumar P (Kerala), Shri A.A. Rahim (Kerala), Shri Haris Beeran (Kerala) and Shri S. Girirajan (Tamil Nadu).

### Demand to expedite the work on Railways over-bridge in Darbhanga

**श्रीमती धर्मशीला गुप्ता** (बिहार) : उपसभापति महोदय, मुझे सदन में बोलने का अवसर देने के लिए आपका बहुत-बहुत धन्यवाद। मैं आपके माध्यम से कहना चाहती हूं कि जब से केंद्र में माननीय प्रधान मंत्री, श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में एनडीए की सरकार बनी है, तब से देश में चारों ओर विकास हुआ है। सर, रक्षा, स्वास्थ्य, रेलवे, कृषि ...(**व्यवधान**)...

**श्री उपसभापति** : धर्मशीला जी, जो टेक्सट अप्रूव्ड है, केवल वही पढ़िए। उससे अलग कुछ नहीं पढ़ सकतीं।

**श्रीमती धर्मशीला गुप्ता** : महोदय, केंद्र सरकार द्वारा यात्री व रेल सुविधाओं के क्षेत्र में ऐतिहासित विकास हुआ है, जिसका परिणाम है कि दरभंगा जिले में लगभग...(**व्यवधान**)...

**श्री उपसभापति** : माननीय धर्मशीला जी, एक मिनट, आपके पास अप्रूव्ड टेक्स्ट है।

**श्रीमती धर्मशीला गुप्ता** : सर, मैं वही बोल रही हूं। ...(**व्यवधान**)...

**श्री उपसभापति** : नहीं, यहां अप्रूव्ड टेक्स्ट और है। आप चेक करें और उसको बोलें।

**श्रीमती धर्मशीला गुप्ता** : उपसभापति महोदय, दरभंगा जिले में लगभग 83 करोड़ रुपये की लागत से रेलवे समपार फाटक संख्या -21 (चट्टी गुमती) पर, लगभग 61 करोड़ रुपये की लागत से रेलवे समपार फाटक संख्या-2 (दिल्ली मोड़ गुमती), लगभग 67 करोड़ रुपये की लागत से समपार फाटक संख्या-18 (पंडासराय गुमती) पर, लगभग 127 करोड़ रुपये की लागत से समपार फाटक संख्या-1 (बेला गुमती) व समपार फाटक संख्या-28 (कंगवा गुमती) पर रेलवे ओवरब्रिज (आरओबी) के निर्माण को हरी झंडी रेलवे द्वारा दी गई है। इनमें से तीन आरओबी पर युद्ध स्तर पर काम चल रहा है और इनके शीघ्र ही बनकर तैयार होने की संभावना है। मैं इसके लिए केंद्रीय रेल मंत्री एवं विशेषत: हमारे प्रधान मंत्री जी का आभार प्रकट करती हूं। इसके साथ मैं आग्रह करती हूं कि अन्य प्रस्तावित आरओबी पर भी जल्द से जल्द कार्य प्रारम्भ किया जाए, जिससे स्थानीय जनता को ट्रैफिक जाम से मुक्ति मिल सके।

MR. DEPUTY CHAIRMAN: The hon. Member, Dr. Kanimozhi NVN Somu (Tamil Nadu), associated herself with the matter raised by the hon. Member, Shrimati Dharmshila Gupta. माननीय सदस्यगण, आप जानते हैं कि स्पेशल मेंशन में आपको अप्रूव्ड टेक्स्ट ही पढ़ना पड़ता है। Shri Khiru Mahto. Hon. Member is not present.

### Concern over rampant misuse of quotas for Civil Services Examination

SHRI TIRUCHI SIVA (Tamil Nadu): The rampant misuse of reservations intended for People With Disabilities (PWD) and Economically Weaker Sections (EWS) for recruitment of civil servants is a grave issue that casts a shadow on the sanctity of our public service institutions. Various instances have recently come to light where candidates are falsely claiming disabilities or economic hardships to secure a competitive edge, undermining the principle of justice these provisions were designed to uphold. This alarming trend not only deprives genuinely deserving candidates of their rightful opportunities but also erodes public confidence in our well-intentioned reservation policies. It is a blatant exploitation of an essential system needed to uplift the marginalized, discriminated, and long-suppressed sections of society, thereby turning it into a tool for deceit. It is essential to implement rigorous verification processes and enforce stringent penalties for those found guilty of making false claims. Periodic audits and assessments should be conducted, including regular net-worth verifications, medical examinations for disability confirmation, etc. Furthermore, robust legislative safeguards are required to close any loopholes that enable such exploitation.

I urge the Government to act decisively and protect the integrity of our essential reservation policies. Strengthening verification processes, imposing stringent penalties for false claims, and introducing new legislation to close loopholes will ensure that opportunities reach those who are genuinely deserving.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: The following hon. Members associated themselves with the Special Mention made by the hon. Member, Shri Tiruchi Siva: Shri Sandosh Kumar P (Kerala), Shri Haris Beeran (Kerala), Dr. John Brittas (Kerala), Shri A.A. Rahim (Kerala), Dr. V. Sivadasan (Kerala), Shri R. Girirajan (Tamil Nadu), Shrimati Jebi Mather Hisham (Kerala), Dr. Kanimozhi NVN Somu (Tamil Nadu) and Shri M. Mohamed Abdulla (Tamil Nadu). Shri Sanjay Raut. Hon. Member is not present. Dr. K. Laxman.

### Demand to make Electoral rolls foolproof to avoid duplication of voters

DR. K. LAXMAN (Uttar Pradesh): India is considered the Mother of Democracy. The way we conduct elections for a population of over 140 crore, which is double the population of the entire Europe, in a highly competitive atmosphere without any

blemish baffles many westerners. Many thinkers across cultures and continents therefore watch our election process meticulously. However, it is important to make a dispassionate assessment of our election processes to make the system even more impeccable. Although the technical process of electioneering is blemish-free, there are still issues with the electoral rolls, with many instances of duplication of voters, impersonation, etc. India is known for its adaptability to technology, but we are not able to nudge technology in the preparation of electoral rolls which would decimate all the loopholes. One of the suggestions is to link the voter card with the Aadhar card, but the Supreme Court judgment on this compels evolving alternate methods to enable such a protocol.

Major airports have face recognition technology. Therefore, using technology to plug loopholes in the electoral rolls is under faster implementation in India. In a democratic polity, free and fair elections are critical, for which a foolproof electoral list is the prerequisite. The only way to make electoral rolls foolproof is to link them to Aadhar or any other technology that makes duplication of voter enrollment impossible.

I urge the Government for a constitutional enactment that permits the use of technology in the preparation of voter lists which will further enhance the respect of the world towards India.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: The following hon. Members associated themselves with the Special Mention made by the hon. Member, Dr. K. Laxman: Shri Sandosh Kumar P (Kerala) and Shri Dhananjay Bhimrao Mahadik (Maharashtra).

### Concern over alarming level of pollution in Budha Nala - a tributary of river Satluj

**श्री सतनाम सिंह संधू** (नामनिर्देशित) : महोदय, पांच नदियों के नाम पर बना पंजाब श्री गुरु नानक देव जी की पावन धरती है। इसलिए मैं पंजाब की एक गंभीर समस्या की बात गुरु नानक देव जी के श्लोक से शुरू करना चाहूंगा। उन्होंने कहा है,

*"पवन गुरू पानी पिता माता धरत महत,*
*दिवस राति दुइ दाई दाया खेलै सगल जगत।"*

इस श्लोक में उन्होंने पानी को पिता का दर्जा दिया है और हमारी आस्था के मुताबिक पानी को अमृत भी माना गया है। इन पवित्र नदियों में से एक नदी सतलुज पंजाब के साथ-साथ राजस्थान की प्यास भी बुझाती है, लेकिन सतलुज की ट्रिब्यूटरी बुड्ढा नाला सतलुज से मिलने से पहले लुधियाना होकर जाती है, जहाँ उससे उद्योगों का जहरीला पानी मिलता है और जहरीले पदार्थों को बहा ले जाता है। इससे मालवा और राजस्थान के खेत जहरीले बन रहे हैं तथा इसे पीने वाले इन्नोसेंट लोग मौत के मुँह में जा रहे हैं। पिछले 40 वर्षों में बूड्ढ़े नाले द्वारा उगला गया जहर लोगों

के लिए मौत लेकर आ रहा है। पंजाब के छोटे-छोटे गाँवों में हर साल कैंसर के 20 से अधिक मामले दर्ज हो रहे हैं। कुछ उल्लेखनीय क्षेत्रों में, अबोहर शहर में सर्कुलर रोड और मुक्तसर जिले में पक्की टिब्बी गाँव शामिल हैं। यह मामला कई सालों से लंबित है और इसका अभी तक कोई प्रभावशाली समाधान नहीं मिला है। मैं विनम्रतापूर्वक निवेदन करता हूं कि जल शक्ति मंत्रालय इसमें दखल दे, जल संसाधन पर संसदीय समिति इस मामले का संज्ञान लेकर पंजाब और राजस्थान को कैंसर से बचाने के लिए उचित कदम उठाएं। महोदय, आपके अवलोकन के लिए इस विषय पर मैं एक ज्ञापन भी दे रहा हूं।

**श्री उपसभापति**: आपका बहुत-बहुत धन्यवाद। माननीय सदस्यों को एप्रूव्ड टैक्स्ट ही पढ़ना है। The following hon. Members associated themselves with the Special Mention made by the hon. Member, Shri Satnam Singh Sandhu: Shri A.A. Rahim (Kerala), Shrimati Jebi Mather Hisham (Kerala), Dr. John Brittas (Kerala) and Shri Madan Rathore (Rajasthan).

**Need for protection of tribal land and environment in Udaipur division of Rajasthan**

**श्री चुन्नीलाल गरासिया** (राजस्थान): महोदय, उदयपुर संभाग जनजाति बाहुल्य एवं अति प्राचीन अरावली पर्वतमालाओं से घिरा हुआ है। यहाँ की अधिकांश आबादी कृषि, वनोपज और पशुपालन पर निर्भर है। पिछले कुछ वर्षों से यहाँ जनजातीय जमीनों की अवैध तरीके से डमी व्यक्तियों के नाम पर खरीद-फरोख्त हो रही है, जबकि सरकारी नियमों के अनुसार यह अवैध है। इसके साथ ही, अरावली पर्वतों की अंधाधुंध कटिंग हो रही है, जिससे पर्यावरण को भारी नुकसान पहुंच रहा है। उदाहरणस्वरूप उदयपुर के सीसारमा, कोडियत, ढीकली, अंबेरी, चीरवा, उमरड़ा, कैलाशपुरी, डाकन-कोटड़ा, डेडकिया, काया और नोहरा क्षेत्रों में बड़े पैमाने पर पहाड़ों को काटा जा रहा है, अतः मैं भारत सरकार से मांग करता हूं कि उदयपुर संभाग के शेड्यूल्ड Vth टी.एस.पी. क्षेत्र में जनजातीय जमीनों की बेनामी खरीद-फरोख्त रोकने के लिए उचित कदम उठाए जाएं, ताकि अरावली पर्वत श्रृंखलाओं के ईको-सिस्टम को बचाया जा सके एवं जनजातीय लोगों को उनके हक का लाभ मिल सके। उपसभापति महोदय, आपका बहुत-बहुत धन्यवाद।

MR. DEPUTY CHAIRMAN: The hon. Member, Shri A.A. Rahim (Kerala), associated himself with the Special Mention made by the hon. Member, Shri Chunnilal Garasiya.

**Concern over the practice of exceeding the limit prescribed by the 91st Constitutional amendment**

SHRI LAHAR SINGH SIROYA (Karnataka): Sir, as you are aware, as per the 91st Constitutional Amendment in 2003, the total number of Ministers including PM/CM in the Council of Ministers was limited to 15 per cent of the total strength of the Lok

Content Page

Sabha/State Legislative Assemblies. However, we are witnessing instances in various States where there are appointments beyond the limit placed by the Constitution. More importantly, this practice is fiscally imprudent as it imposes unnecessary burden on the public exchequer.

Many High Courts have invalidated or raised concerns about the appointment of Parliamentary Secretaries in their respective States, citing indirect violations. In July 2017, the Supreme Court ruled a 2004 law passed by Assam, which allowed for the appointment of Parliamentary Secretaries, as unconstitutional. The most recent instance is order of the Himachal Pradesh High Court in January 2024 prohibiting six Parliamentary Secretaries appointed in the State from acting as Ministers or enjoying the privileges reserved for Ministers.

Sir, there is a dire need to strictly prohibit and discontinue rendering cabinet ranks to MLAs, under any pretext, and bypass the constitutional limits. I request the Government to clarify and clearly define the provisions and limit, to accord Cabinet ranks. The Government must take up necessary amendments, or even bring in new legislation, in this regard to uphold the constitutional principles in letter and spirit. Thank you, Sir.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: The following hon. Members associated themselves with the Special Mention made by the hon. Member, Shri Lahar Singh Siroya: Dr. Kalpana Saini (Uttarakhand), Shrimati S. Phangnon Konyak (Nagaland) and Shri Dhananjay Bhimrao Mahadik (Maharashtra). Thank you *Mananiya* Lahar Singh Siroya*ji*. Hon. Members, the House stands adjourned to meet at 11.00 A.M. on Friday, the 26th July, 2024.

*The House then adjourned at forty-six minutes past six of the clock till eleven of the clock on Friday, the 26th July, 2024.*

Content Page

PUBLISHED UNDER RULE 260 OF RULES OF PROCEDURE AND CONDUCT OF BUSINESS IN THE COUNCIL OF STATES (RAJYA SABHA)